आषाढ़ शुक्ल पक्ष पंचमी 09:24 तक उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 30 जून 2025
वर्ष 3, अंक 310, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ट्रंप ने अब किया गाजा में युद्ध समझौते का आह्वान 14

जिनके हाथ में हथियार, उनसे बात नहीं : शाह 12

## चार आईआईटी और तीन आईआईएम डिफॉल्टर

नई दिल्ली, एजेंसी

- एंटी-रैगिंग मानदंडों का पालन न करने पर यूजीसी सख्त

चार भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और तीन भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रैगिंग रोधी मानदंडों का पालन नहीं करने के कारण 'डिफॉल्टर' सूची में रखे गए हैं।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अधिकारियों ने बताया कि देशभर के 89 संस्थानों को एंटी-रैगिंग मानदंडों के अनिवार्य अनुपालन का शपथ पत्र जमा न करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। डिफॉल्टर सूची में आईआईटी, आईआईएम, एम्स और राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान (एनआईडी) सहित 17 संस्थान शामिल हैं। डिफॉल्टर आईआईटी में बंबई, खड़गपुर, पलक्कड़ और हैदराबाद हैं। आईआईएम में बंबई, रोहतक और तिरुचिरापल्ली सूची में हैं। डिफॉल्टर में एम्स रायबरेली, एनआईडी-दिल्ली, आंध्र प्रदेश और हरियाणा शामिल हैं।

यूजीसी सचिव मनीष जोशी ने कहा कि रैगिंग पर यूजीसी विनियमन, 2009 का पालन सभी उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए अनिवार्य है। इसका पालन न करना न केवल यूजीसी के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है।

# सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से 95 करोड़ लोग हो रहे लाभान्वित

**मन की बात** प्रधानमंत्री ने कहा 2015 तक 25 करोड़ तक ही पहुंचती थीं योजनाएं, कहा-देश हर क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहा

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि करीब 95 करोड़ लोग अब किसी न किसी सामाजिक सुरक्षा योजना से लाभान्वित हो रहे हैं, जबकि 2015 तक सरकारी योजनाएं 25 करोड़ से भी कम लोगों तक पहुंची थीं।

मोदी ने अपने मासिक 'मन की बात' रेडियो प्रसारण में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की एक रिपोर्ट का हवाला दिया, जिसमें कहा गया है कि भारत की 64 प्रतिशत से अधिक आबादी को किसी न किसी रूप में सामाजिक सुरक्षा लाभ मिल रहा है। मोदी ने कहा कि फिलहाल भारत की अधिकांश आबादी किसी न किसी रूप में सामाजिक सुरक्षा लाभ उठा रही है। मोदी ने कहा कि आज देश के लगभग 95 करोड़ लोग किसी-न-किसी सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ उठा रहे हैं, जबकि, 2015 तक 25 करोड़ से भी कम लोगों तक सरकारी योजनाएं पहुंच पाती थीं।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक, देश हर क्षेत्र में परिपूर्णता की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है। मोदी ने कहा कि यह सामाजिक न्याय की भी एक बेहतरीन तस्वीर है। इन सफलताओं ने यह विश्वास जगाया है कि आने वाला समय और भी बेहतर होगा। भारत हर कदम पर और भी मजबूत होगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा भारत को 'ट्रेकोमा' मुक्त घोषित किए जाने को भी उल्लेखनीय उपलब्धि बताया और इस सफलता के लिए स्वास्थ्य कर्मियों के प्रयासों की सराहना की। 'ट्रेकोमा' एक अत्यधिक संक्रामक जीवाणु संक्रमण है, जो दृष्टिहीनता का एक प्रमुख कारण रहा है। मोदी ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान ने भी इसे खत्म करने में मदद की। जल जीवन मिशन ने भी इस सफलता में बहुत योगदान दिया।

### आपातकाल के खिलाफ लड़ने वालों को याद किया जाना चाहिए

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आपातकाल के दौरान लोगों पर अत्याचार को लेकर तत्कालीन कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। आपातकाल का विरोध करने वाले प्रमुख नेताओं की टिप्पणियां सुनाईं और कहा कि इन्हें हमेशा याद रखा जाना चाहिए क्योंकि इससे हमें अपने संविधान को सशक्त बनाए रखने के लिए निरंतर सजग रहने की प्रेरणा मिलती है। मोदी ने कहा कि जिन लोगों ने आपातकाल लगाया, उन्होंने ना सिर्फ संविधान की हत्या की बल्कि उनका इरादा न्यायपालिका को भी गुलाम बनाए रखने का था। मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का नाम लिए बिना कांग्रेस की निंदा की।

### कैलाश और अमरनाथ यात्रा का भी जिक्र

मोदी ने विभिन्न धार्मिक यात्राओं पर जाने वाले श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं भी दीं। कहा कि लंबे समय के बाद कैलाश मानसरोवर यात्रा पुन: शुरू हुई है। कैलाश मानसरोवर भगवान शिव का धाम है। इसे हर परंपरा में आस्था और भक्ति का केंद्र माना जाता है, चाहे वह हिंदू हो, बौद्ध हो या जैन हो। तीन जुलाई से शुरू होने जा रही अमरनाथ यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि सावन माह में कुछ ही दिन बचे हैं।

## एक नजर

### आप ने विधायक विजय प्रताप को किया निलंबित

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार को अमृतसर उत्तर सीट से विधायक एवं पूर्व आईपीएस अधिकारी कुंवर विजय प्रताप सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में पांच साल के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया। सिंह ने कुछ दिन पहले आय से अधिक संपत्ति के मामले में शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया के अमृतसर स्थित आवास पर सतर्कता ब्यूरो की छापेमारी के तरीके पर सवाल उठाया था। सिंह को पार्टी से निलंबित करने का फैसला 'आप' की राजनीतिक मामलों की समिति ने लिया।

### खुदाई के दौरान मिट्टी धंसी चार मजदूरों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के भरतपुर में रविवार सुबह पाइपलाइन डालने के लिए खुदाई के दौरान मिट्टी धंसने से चार मजदूरों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, कुछ मजदूर जंगी का नगला गांव के पास पाइपलाइन डालने के लिए खोदे गए 10 फुट गहरे गड्ढे को भर रहे थे तभी मिट्टी धंस गई और मजदूर उसमें दब गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि चीख-पुकार सुनकर अन्य श्रमिकों और परियोजना कर्मचारियों ने बचाव कार्य शुरू कर दिया, लेकिन मिट्टी की गहराई और भारीपन के कारण तत्काल प्रयास करना कठिन हो गया। हादसे के वक्त मौके पर 12 मजदूर काम कर रहे थे।

# 1 अप्रैल 2026 से जनगणना का पहला चरण, होगी घरों की गिनती

## हर घर की आवासीय स्थिति, संपत्ति और सुविधाओं का डेटा एकत्र होगा

नई दिल्ली, एजेंसी

- 1 फरवरी 2027 से दूसरे चरण में जुटाया जाएगा जनसांख्यिकी विवरण, जातियों की भी गिनती



आगामी जनगणना के लिए घरों की गिनती का कार्य 1 अप्रैल, 2026 से शुरू होगा, जो इस दशकीय प्रक्रिया के पहले चरण की शुरुआत होगी। भारत के महापंजीयक ने यह जानकारी दी है।

राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में भारत के जनगणना आयुक्त और महापंजीयक मृत्युंजय कुमार नारायण ने कहा कि घरों का सूचीकरण अभियान और आवास गणना एक अप्रैल, 2026 से शुरू होगी। पत्र में कहा गया है कि उससे पहले राज्यों एवं जिला प्रशासन के सहयोग से निरीक्षकों एवं गणकों की नियुक्ति की जाएगी तथा उनके बीच कामों का विभाजन किया जाएगा। जनगणना दो चरणों में होगी।

पहले चरण में यानी घरों के सूचीकरण अभियान (एचएलओ) में प्रत्येक घर की आवासीय स्थिति, संपत्ति और सुविधाओं के बारे में जानकारी एकत्र की जाएगी। पत्र के अनुसार, इसके बाद दूसरे चरण यानी जनसंख्या गणना (पीई) में हर घर में प्रत्येक व्यक्ति का जनसांख्यिकीय, सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक और अन्य विवरण एकत्र किया जाएगा और यह चरण एक फरवरी, 2027 से शुरू होगा। एक सरकारी बयान में कहा गया था कि जनगणना में जातियों की भी गिनती की जाएगी। जनगणना कार्य के लिए 34 लाख से अधिक गणक और पर्यवेक्षक तथा लगभग 1.3 लाख जनगणना कार्यकर्ता तैनात किए जाएंगे। यह अब तक की 16वीं और आजादी के बाद आठवीं जनगणना है। आगामी जनगणना मोबाइल एप्लीकेशन की मदद से डिजिटल माध्यम से की जाएगी। लोगों को स्व-गणना का प्रावधान भी उपलब्ध कराया जाएगा। महापंजीयक और जनगणना आयुक्त कार्यालय ने नागरिकों से पूछे जाने वाले लगभग तीन दर्जन प्रश्न तैयार किए हैं। सर्वेक्षण के दौरान विभिन्न घरों में फोन, इंटरनेट, वाहन (साइकिल, स्कूटर, मोटरसाइकिल, कार, जीप, वैन) और उपकरणों (रेडियो, टीवी, ट्रांजिस्टर) आदि के स्वामित्व के बारे में पूछा जाएगा। लोगों से अनाज उपभोग, पेयजल और प्रकाश के स्रोत, शौचालयों के प्रकार और सुलभता, अपशिष्ट जल निपटान, स्नान और रसोई की सुविधाओं, खाना पकाने के लिए प्रयुक्त ईंधन और एलपीजी/पीएनजी कनेक्शन के बारे में भी पूछा जाएगा। अन्य प्रश्नों में घर के फर्श, दीवारों और छत के लिए प्रयुक्त सामग्री, इसकी स्थिति, घर में रहने वालों की संख्या, कमरों की संख्या, विवाहित जोड़ों की उपस्थिति और क्या घर की मुखिया महिला है या अनुसूचित जाति या जनजाति से संबंधित है, आदि शामिल हैं।

### इकाइयों की सीमा में 31 दिसंबर के बाद बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा है कि वे प्रशासनिक इकाइयों की सीमाओं में कोई भी प्रस्तावित परिवर्तन 31 दिसंबर से पहले कर लें, क्योंकि इस दिन तक किए गए बदलाव जनगणना कार्य के लिए अंतिम माने जाएंगे। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को लिखे पत्र में भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने कहा है कि जनगणना के लिए सभी गांवों और कस्बों को एक समान गणना प्रखंडों में विभाजित किया जाता है और प्रत्येक प्रखंड के लिए एक गणक नियुक्त किया जाता है, ताकि जनसंख्या की गणना के दौरान किसी भी चूक या दोहराव से बचा जा सके। नियमों के अनुसार, जनगणना प्रशासनिक इकाइयों जैसे जिला, उप-जिला, तहसील, तालुका और थाना की सीमा निर्धारित होने के तीन महीने बाद ही की जा सकती है। एक बार गणना प्रखंडों को अंतिम रूप दे दिए जाने के बाद प्रशासनिक इकाइयों की सीमाओं में कोई बदलाव नहीं होना चाहिए।

# पुरी में रथ यात्रा के दौरान भगदड़ मचने से तीन श्रद्धालुओं की मौत

## गुंडिचा मंदिर के पास भोर में हुए हादसे में 50 घायल, छह गंभीर

- दो पुलिस अधिकारी निलंबित, डीएम और एसपी का किया तबादला
- मुख्यमंत्री ने दिए प्रशासनिक जांच के आदेश, मुआवजा देने की घोषणा

पुरी, एजेंसी



पुरी में वार्षिक रथ यात्रा उत्सव के दौरान एकत्र श्रद्धालु। ● एजेंसी

ओडिशा के पुरी में श्री गुंडिचा मंदिर के निकट रविवार को मची भगदड़ में तीन लोगों की मौत हो गई और लगभग 50 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना तड़के लगभग चार बजे हुई जब हजारों श्रद्धालु रथ यात्रा उत्सव देखने के लिए मंदिर के निकट एकत्र हुए थे। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिस अस्पताल में घायलों का इलाज हो रहा है, वहां के एक अधिकारी ने कहा कि 50 घायलों में से छह की हालत गंभीर है।

अधिकारियों ने बताया कि अनुष्ठान के लिए सामग्री ले जा रहे दो ट्रकों के भगवान जगन्नाथ और उनके भाई बलभद्र एवं देवी सुभद्रा के रथों के पास भीड़भाड़ वाले स्थान पर घुसने के बाद अफरा-तफरी मच गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवताओं की एक झलक पाने के लिए तड़के से ही मंदिर के बाहर एकत्र हो गए थे, क्योंकि अनुष्ठान के तहत भगवान के चेहरों पर से पाहुड़ा (कपड़ा) हटाया जाना था।

मृतकों की पहचान बोलागढ़ निवासी बसंती साहू (36) और बालीपटना निवासी प्रेमकांत मोहंती (80) और प्रवती दास (42) के रूप में हुई है। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने जिलाधिकारी सिद्धार्थ एस. स्वैन और एसपी विनीत अग्रवाल का तबादला करने का आदेश दिया। माझी ने दो पुलिस अधिकारियों- डीसीपी बिष्णु पति और कमांडेंट अजय पाधी को निलंबित करने की भी घोषणा की। उन्होंने विकास आयुक्त की निगरानी में मामले की प्रशासनिक जांच के आदेश दिए।

### मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख की सहायता

ओडिशा सरकार मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। वरिष्ठ अधिकारी अरविंद अग्रवाल को रथ यात्रा की समग्र निगरानी के वास्ते प्रभारी नियुक्त किया गया है। इससे पहले मुख्यमंत्री माझी ने एक्स पर कहा कि भगदड़ की घटना के लिए मैं और मेरी सरकार सभी जगन्नाथ भक्तों से क्षमा मांगते हैं। माझी ने कहा कि महाप्रभु के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में उत्सुकता अधिक थी... धक्का-मुक्की और अफरा-तफरी के कारण यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई।

# गांवों के कायाकल्प की तैयारी, 2.15 लाख करोड़ से होगा विकास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में उतरने से पहले योगी सरकार ने की तैयारी
- 17 नगर निगमों के ढांचागत विकास के लिए भी 1.29 लाख करोड़ रुपये

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में उतरने से पहले गांव, ब्लाक और जिला पंचायत क्षेत्रों के कायाकल्प के लिए 5 साल का रोडमैप तैयार किया है। इसमें 2.15 लाख करोड़ रुपये खर्च होंगे। योगी का मिशन 2031 गांवों को आधुनिक और समृद्ध बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम माना जा रहा है। इसी के साथ प्रदेश के 17 नगर निगमों के लिए भी 1.29 लाख करोड़ से विकास का रोडमैप तैयार किया गया है।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2026 में अप्रैल से मई के बीच होने हैं। इसे लेकर गांव से लेकर ब्लाक और जिला पंचायत स्तर तक विकास कार्यों को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरने की तैयारी करनी शुरू कर दी है। ऐसे में सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था, रोजगार से लेकर ढांचागत विकास में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती।

राज्य सरकार ने केंद्रीय वित्त आयोग को ग्रामीण विकास के लिए विस्तृत योजना पेश की है। इसमें ग्राम पंचायतों के लिए 1,74,755 करोड़, ब्लॉक के लिए 17,334 करोड़ और जिला पंचायतों के लिए 22,940 करोड़ रुपये का प्रस्ताव शामिल है। कुल मिलाकर 2.15 लाख करोड़ रुपये की यह राशि मरम्मत, रखरखाव और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए इस्तेमाल होगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संकल्प जताया है कि साल 2031 तक प्रदेश के गांव आत्मनिर्भर और समृद्ध होंगे। इस मिशन के तहत सड़क, पानी, बिजली और अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर करने पर जोर दिया जा रहा है।

केंद्रीय वित्त आयोग के सामने यह प्रस्ताव रखकर सरकार ने साफ कर दिया है कि ग्रामीण विकास उसकी प्राथमिकता में शीर्ष पर है। सरकार का मानना है कि यह योजना गांवों की तस्वीर बदलने में बड़ी भूमिका निभाएगी।

### विकास कार्यों के साथ रोजगार भी मिलेगा

राज्य सरकार के इस कदम से न सिर्फ ग्रामीण इलाकों की दशा में व्यापक रूप से सुधार आएगा, साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में 2.15 लाख करोड़ रुपये का निवेश रोजगार सृजन और बेहतर जीवन स्तर का भी आधार बनेगा। इस योजना से न सिर्फ विकास को गति देगी, बल्कि सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश को देश का अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में भी मदद करेगी।

# यूपी सहित कई राज्यों में भारी बारिश का अनुमान

- आंधी चलने के साथ गरज-चमक और बिजली गिरने की आशंका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



नई दिल्ली में बारिश के दौरान कर्तव्य पथ पर आगंतुक। ● एजेंसी

**अमृत विचार :** मध्य भारत के बाद अब उत्तर भारत में भी मानसून पूरी तरह सक्रिय होने जा रहा है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले 48 घंटों में मानसून पूरे देश को कवर कर लेगा। इसके चलते उत्तर प्रदेश, दिल्ली-एनसीआर, बिहार, राजस्थान, हरियाणा और पंजाब में तेज बारिश होने की संभावना है। आंधी चलने, गरज-चमक और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका भी जताई गई है।

उधर, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश हो रही है, जो आने वाले दिनों में भी जारी रहने की संभावना है। आईएमडी ने चेतावनी दी है कि पहाड़ी और मैदानी इलाकों में आकाशीय बिजली, ओलावृष्टि और बाढ़ जैसी आपदाओं का खतरा बढ़ सकता है। खासकर तराई और नदी किनारे बसे इलाकों में रहने वालों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है।

मानसूनी बारिश से चहुंओर मौसम में ताजगी और ठंडक घुल गई है। फिलहाल मानसून ने राजस्थान, पश्चिम उत्तर प्रदेश, हरियाणा, झारखंड और सम्पूर्ण दिल्ली को प्रभाव में ले लिया है।

### नौ दिन पूर्व ही पूरे देश में पहुंचा मानसून

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मानसून ने अपनी सामान्य तिथि 27 जून के दो दिन बाद दस्तक दी और देश के शेष हिस्सों में यह सामान्य तिथि 8 जुलाई से नौ दिन पहले ही पहुंच गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की ओर से रविवार को जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, 2020 के बाद यह पहला मौका है जब मानसून पूरे देश में इतनी जल्दी पहुंचा है। आईएमडी ने एक बयान में कहा कि मॉनसून रविवार 29 जून 2025 को राजस्थान, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा के शेष हिस्सों और दिल्ली में पहुंच गया। सात दिनों तक उत्तर-पश्चिम, मध्य, पूर्वी और पूर्वोत्तर में अत्याधिक बारिश होगी।

# ट्रेन छूटने के 8 घंटे पहले तैयार होगा आरक्षण चार्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- रेलवे यात्री आरक्षण प्रणाली में मंगलवार से बड़ा बदलाव

भारतीय रेलवे यात्री आरक्षण प्रणाली में एक जुलाई से बड़ा बदलाव करने जा रही है जिसके फलस्वरूप टिकट बुकिंग क्षमता में विस्तार और तत्काल टिकट बुकिंग में उपयोगकर्ता के आधार से प्रमाणीकरण के साथ आरक्षण चार्ट बनाने का तरीका भी बदला जा रहा है। अब ट्रेन के प्रस्थान से आठ घंटे पहले ही आरक्षण चार्ट बन जाएगा।


वर्तमान व्यवस्था में अभी आरक्षण चार्ट ट्रेन प्रस्थान के चार घंटे पहले बनाया जाता है जिससे यात्रियों में अनिश्चितता बनी रहती है, विशेषकर उन लोगों के लिए जो आस-पास के क्षेत्रों से ट्रेन पकड़ने आते हैं। अब नई प्रणाली के लिए रेलवे बोर्ड ने प्रस्ताव किया है कि चार्ट ट्रेन प्रस्थान से आठ घंटे पहले तैयार किया जाए। यदि ट्रेन अपराह्न दो बजे से पहले प्रस्थान करती है तो चार्ट एक दिन पहले रात नौ बजे ही तैयार कर लिया जाएगा। रेल मंत्री ने चरणबद्ध तरीके से इसे लागू करने के निर्देश दिए हैं। इससे वेटिंग टिकट वाले यात्रियों को स्थिति का जल्दी पता चलेगा और वैकल्पिक व्यवस्था के लिए अधिक समय मिलेगा।

# खनन क्षेत्र में उतरेंगे जेएसडब्ल्यू, अडाणी, टाटा स्टील और अल्ट्राटेक

## खनन विभाग की समीक्षा में मुख्यमंत्री बोले-खनन निवेश में कार्पोरेट सेक्टर की बढ़ी रुचि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- खनिज राजस्व में ऐतिहासिक उछाल, 2025-26 के पहले दो माह में 623 करोड़ जुटाए



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य में खनन क्षेत्र को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि जेएसडब्ल्यू, अडाणी ग्रुप, टाटा स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट जैसी अग्रणी कंपनियां निवेश करने वाली हैं। यह क्षेत्र अब केवल खनिज उत्पादन का जरिया नहीं, बल्कि राज्य की आर्थिक प्रगति, निवेश संवर्धन और रोजगार का प्रभावशाली केंद्र बन गया है।

मुख्यमंत्री ने रविवार को भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि प्रदेश की खनन नीति अब पारदर्शिता और तकनीकी दक्षता का संगम बन चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक खनिज राजस्व में औसतन 18.14 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2024-25 में मुख्य खनिजों से 608.11 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ, जबकि वर्ष 2025-26 में केवल मई माह तक ही 623 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हो चुकी है। ईंट भट्ठों से विनियमन शुल्क के रूप में वर्ष 2024-25 में 258.61 करोड़ तथा 2025-26 में अब तक 70.80 करोड़ का राजस्व मिला है। योगी ने निर्देश दिए कि कंपोजिट लाइसेंस प्रक्रिया को और तेज किया जाए। संभावित खनन क्षेत्रों की अग्रिम पहचान और भू-वैज्ञानिक रिपोर्टों की समयबद्ध तैयारी सुनिश्चित की जाए। बताया कि राज्य को स्टेट माइनिंग रेडीनेस इंडेक्स में शीर्ष रैंकिंग दिलाने के लिए 70 से अधिक उप-संकेतकों पर ठोस कार्य किया गया है। पर्यावरणीय मंजूरियों की औसत अवधि में उल्लेखनीय सुधार आया है और नियामकीय प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बनी है।

### नदी कैचमेंट में खनन प्रतिबंधित

अवैध खनन, परिवहन और भंडारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए मुख्यमंत्री ने ट्रांसपोर्टरों के साथ समन्वय बनाकर एक मजबूत निगरानी तंत्र बनाने के निर्देश दिए। हिदायत दी कि नदी के कैचमेंट एरिया में कहीं भी खनन न हो। ऐसा होने पर अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी। मानक जीपीएस युक्त वाहन ही खनिज परिवहन हेतु अधिकृत किए जाएं। वीटीएस मॉड्यूल से रीयल टाइम ट्रैक किया जाए।

### 99 नए खनन क्षेत्रों की हुई पहचान

ड्रोन सर्वेक्षण और पीजीआरएस प्रयोगशाला के सहयोग से 2024 से अब तक 99 संभावित खनन क्षेत्रों की पहचान की गई है। जिनमें से 23 खनन के योग्य पाए गए हैं। मानसून उपरांत 52 क्षेत्रों में बालू व मौरंग के भंडार का भी मूल्यांकन किया गया है। मुख्यमंत्री ने इन प्रयासों की सराहना करते हुए निर्देश दिए कि संचालित पट्टों की निगरानी और वॉल्यूमेट्रिक एनालिसिस के माध्यम से खनन के वास्तविक आंकलन की प्रक्रिया को और गति दी जाए।

### मानसून काल में ही दें नए पट्टे

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए कि उपखनिजों के नए पट्टों की प्रक्रिया मानसून काल में पूरी की जाए, ताकि 15 अक्टूबर से खनन कार्य प्रारंभ हो सके। उन्होंने जिला खनन निधि का उपयोग आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना, खेल मैदानों के विकास, स्वास्थ्य, कौशल प्रशिक्षण और जल-ऊर्जा संरक्षण जैसे लोकहितकारी कार्यों में प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए।

# टेंट हाउस गोदाम में लगी भीषण आग, 6 लाख का सामान राख

## बिजली के शार्ट सर्किट से हुआ हादसा, सात दमकल गाड़ियों से पाया जा सका काबू

कार्यालय संवाददाता कन्नौज





सरायमीरा स्थित टेंट गोदाम में दहकती आग और बुझाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के सरायमीरा क्षेत्र में स्थित टेंट हाउस गोदाम में देर रात शार्ट सर्किट होने से आग लग गई। आग इतनी भीषण थी की उसे बुझानें में एक के बाद एक सात दमकल गाड़ियां बुलानी पड़ीं। करीब पांच घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। घटना में छह लाख रुपये के नुकसान की बात कही गई है। अग्निशमन विभाग के जिम्मेदारों का कहना है कि घटना स्थल पर पानी की कमी के कारण आग बुझाने में समय लग गया।

कन्नौज सदर कोतवाली क्षेत्र के सरायमीरा चौकी के अंतर्गत अंबेडकर नगर निवासी मसरूद्दीन मढ़हारपुर गांव का रहने वाला है। उसका एक घर शहर के अम्बेडकर नगर में भी है, जहां वह अपना टेंट हाउस का गोदाम बनाए है। शनिवार रात करीब 2 बजे उन्हें सूचना मिली कि गोदाम से धुआं उठ रहा हैं। गोदाम पर पहुंचा तो देखा कि भीषण आग लगी थी। ऊंची-ऊंची लपटें उठ रहीं थीं। घटना की जानकारी अग्निशमन विभाग को दी गई। इसके बाद पहले एक दमकल गाड़ी आई और कर्मियों ने आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। आग इतनी भीषण थी कि फिर दूसरी गाड़ी भी बुलानी पड़ी। इसके बाद आग की भयावहता को देखते हुए क्रमशः तीसरी, चौथी से लेकर कुल सात गाड़ियां और दमकल कर्मी आग बुझाने में जुटे। करीब पांच घंटे के बाद आग पर काबू पाया गया।तब तक गोदाम में रखा कीमती सामान जलकर राख हो गया। गोदाम मालिक की मानें तो करीब 6 लाख रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। मौके पर तमाम लोगों की भीड़ रात से लेकर सुबह तक जुटी रही।

# बीमारी से परेशान युवक ने नहर में लगाई छलांग

संवाददाता सौरिख कन्नौज

- लोगों ने पुल पर जाली लगवाने की मांग की, एक माह में हुई तीसरी घटना

**अमृत विचार।** खड़नी कस्बे के मोहल्ला चांदनी चौक निवासी युवक शौच के लिए निकला और नहर पुल से नहर में छलांग लगा दी। इसके बाद से उसकी खोजबीन जारी है। नहर पुल से आत्महत्या के प्रयास की यह माह में तीसरी घटना हुई है।

सुरेश चक्रवर्ती का सबसे छोटा पुत्र आलोक चक्रवर्ती (20) रविवार सुबह सात बजे अपने घर से शौचक्रिया की कहकर गया था। सुबह 7 बजे करीब खड़नी नहर पुल से नहर में छलांग लगा दी। वहां पर मौजूद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस व परिजनों को दी। पुलिस ने स्थानीय गोताखोर से नहर में डूबे युवक की तलाश शुरू की लेकिन पानी का बहाव तेज होने से सफ़लता नहीं मिल सकी। मानीमऊ से बुलाये गये गोताखोरों से युवक की तलाश करायी जायेगी। बताया गया कि आलोक गुजरात में अपने अन्य भाईयों के साथ रहकर काम करता था। एक सप्ताह पहले ही घर आया था। परिजनों ने बताया कि वहां से आने पर तबीयत सही न होने की बात करता था। दवा दिलवाई। आराम न मिलने पर चेकअप कराया लेकिन जांच में कुछ नहीं निकला। घटना से पिता सुरेश व मां विटानी देवी का रो रोकर बुरा हाल है। युवक पांच भाईयों में सबसे छोटा था। सूचना पर पहुंचे तिर्वा विधायक कैलाश सिंह राजपूत ने परिजनों से मिलकर मामले की जानकारी ली। परिवार को ढांढस बंधाकर मदद का भरोसा दिलाया और प्रशासन से जल्द डूबे युवक को ढूंढने को कहा।

### घर में घुसकर पड़ोसी ने की युवती से छेड़छाड़

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** एक गांव निवासी युवक ने कोतवाली पुलिस को बताया है कि गांव के ही युवक ने रविवार की सुबह लगभग 09 बजे उसके घर में घुसकर अकेली पुत्री के साथ छेड़छाड़ कर दी। जब पुत्री ने इस बात का विरोध किया तो युवक ने मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी।

# दो पक्षों में मारपीट व पथराव, 9 नामजद, कई अज्ञात पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- सदर कोतवाली क्षेत्र के वसीरापुर में दो समुदाय आए आमने सामने

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली के वसीरापुर में देर रात दो समुदाय आमने सामने आ गए। दोनों तरफ से लाठी –डंडे, धारदार हथियार चलने के साथ हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाई गई। मामले में पुलिस ने नौ नामजद तथा 40-50 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

उप निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने तहरीर देते हुए कहा है कि वह हमराह कांस्टेबल सचिन कुमार के साथ 28 जून की रात मीरपुर गांव में ड्यूटी कर रहे थे। इस दौरान थाना कार्यालय से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम वसीरापुर में दो समुदाय के बीच मारपीट व पत्थर चल रहे हैं। इस पर वह मौके पर पहुंचे तो प्रथम पक्ष के धरमवीर पुत्र रामभजन, विवेक पुत्र कुलदीप, आजाद पुत्र रामकुमार, रामभजन पुत्र छम्मीलाल निवासीगण ग्राम वसीरापुर व करीब 10-15 अज्ञात व्यक्ति एवं महिला तथा दूसरे पक्ष से अदनान पुत्र वन्ने खां, अकमल पुत्र मुकील, आकीसाम पुत्र निसार अहमद,अग्मार आकम पुत्र वकील, वकील पुत्र जमादार निवासी बछ्ज्जापुर और करीब 30-35 अज्ञात व्यक्ति ग्राम वसीरापुर में एक दूसरे को जान से मारने की नीयत से अपने हाथों में लाठी डंडा और धारदार हथियार से लैस होकर घूम घूमकर मारपीट व पत्थरबाजी, हवाई फायर कर रहे थे। इससे गांव में अफरातफरी का माहौल हो गया। इस पर लोगों ने दहशत में अपने खिड़की दरवाजे बंद कर लिए। उन्होंने अतिरिक्त फोर्स मंगाकर लोगों को समझाया और फिर शांति का माहौल बनाया। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# छुट्टी के दिन खोला दफ्तर, वेबसाइट ने रुलाया

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सरप्लस शिक्षकों के ऑनलाइन आवेदन को लॉक करने के लिए बीएसए बैठे कार्यालय में
- आज आ सकती है सूची, कुल 344 प्रधानाध्यापक व सहायक शिक्षकों ने किए आवेदन

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों के सरप्लस शिक्षकों को जरूरत वाले दूसरे विद्यालयों में तैनाती देने के लिए ऑनलाइन आवेदन को लॉक करने में वेबसाइट ने रुला दिया। शासन के निर्देश पर डॉटा लॉक करने के लिए रविवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय खोला गया। काम निपटाने के लिए अधिकारी व कर्मी दफ्तर में देर तक डटे रहे।

बेसिक शिक्षा परिषद सचिव सुरेंद्र तिवारी ने विभाग के अधीन संचालित प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं को शैक्षिक सत्र 2025-26 में स्वेच्छा से अंतः जनपदीय तबादला व समायोजन के तहत 28 जून तक ऑनलाइन आवेदन हुए। 29 जून को दोपहर 1 बजे तक ऑनलाइन आवेदन की प्रति बीएसए कार्यालय में जमा की गईं। उसके बाद बीएसए ने ऑनलाइन डॉटा सत्यापन व डाटा लॉक करने का काम शुरू किया तो वेबसाइट नहीं चली। काफी धीमे वेबसाइट चलने की वजह से शाम करीब साढ़े 5 बजे तक 4 आवेदन ही लॉक हो सके। बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि प्रदेशभर का लोड अंतिम दिन वेबसाइट पर पड़ गया, इसलिए नहीं चल रही होगी। अन्य जनपदों में भी यही हाल है। उन्होंने बताया कि 344 आवेदन जरूरत वाले स्कूलों में तैनाती के लिए अध्यापकों के आए हैं। इसमें प्रधानाध्यापक व सहायक अध्यापक दोनों ही शामिल हैं। समय सारिणी के मुताबिक 30 जून को शिक्षकों के तबादले की सूची जारी हो जाएगी। साथ ही शिक्षकों को कार्यमुक्त कर दिया जाएगा। वेबसाइट नहीं चली तो समय बढ़ भी सकता है।



बीएसए कार्यालय में रविवार को काम निपटाते प्रधान सहायक प्रदीप सक्सेना व एमआईएस विश्वनाथ शर्मा। अमृत विचार

### इस तरह शिक्षक हैं सरप्लस व उनकी जरूरत

- 418 प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में 551 शिक्षकों की जरूरत।
- 843 परिषदीय विद्यालयों में 920 अध्यापक सरप्लस ( अधिक ) हैं।
- 313 प्राथमिक स्कूलों में 374 सहायक अध्यापक अधिक हैं।
- 438 प्राथ्इमिक स्कूलों में 438 प्रधानाध्यापक ज्यादा हैं।
- 40 उच्च प्राथमिक स्कूलों में 56 सहायक शिक्षक अधिक हैं।
- 52 उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 52 प्रधानाध्यापक अधिक हैं।
- 188 प्राथमिक विद्यालयों में 277 सहायक अध्यापकों की जरूरत है।
- 09 प्राथमिक स्कूलों में 09 प्रधानाध्यापकों की आवश्यकता है।
- 134 उच्च प्राथमिक सकूलों में 178 सहायक अध्यापकों की जरूरत है।

# हादसे में मामा की मौत, भांजा घायल

संवाददाता तिर्वा

- शनिवार की देर शाम मूंगफली ढकने के लिए निकला था घर से

**अमृत विचार।** ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार मामा की मौत हो गई जबकि भांजा गंभीर रूप से घायल हो गया। मौत की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली।

थाना ठठिया के पट्टी गांव निवासी नीरज कुमार (30) पुत्र रामसेवक शनिवार की शाम को हुई बारिश के दौरान भांजे विशाल (10) को लेकर खेत पर पडी मूंगफली ढकने के लिए घर से बाइक पर सवार होकर जा रहा था। जैसे ही वह एक्सप्रेस वे ओवरब्रिज के पास पहुंचा तो विपरीत दिशा से आ रहे अनियंत्रित ट्रैक्टर चालक कमलेश ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही मामा-भांजे घायल हो गए। परिजन आनन फानन में दोनो को मेडिकल कालेज ले गए। यहां डाक्टरो ने भर्ती कर उनका उपचार शुरू कर दिया। इस दौरान नीरज की मौत हो गई। विशाल की हालत नाजुक देखकर उसे कानपुर रेफर कर दिया। मौत की जानकारी होते ही परिजनो में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई पंकज की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## कृष्ण जन्म पर गाए बधाई गीत

**जलालाबाद, कन्नौज।** मनीभूषण शिक्षण संस्थान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान में कथाव्यास पंडित प्रेम सागर पांडे ने वामन अवतार, श्रीकृष्ण जन्म की कथा एवं नंदोत्सव का वर्णन किया। कानपुर नृत्य मंडली ने मनमोहक झांकियों का प्रदर्शन किया। जन्म होते ही गगन भेदी जयकारे लगे व बधाई गीत गाए गए।भक्तों ने नृत्य कर नंदोत्सव मनाया। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

## संदिग्ध हालात में जलने से महिला की मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम छज्जापुर में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में जलने से मौत हो गई। मायके पक्ष ने ससुरालजनों पर हत्या करने का आरोप लगाया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बहादुरपुर निगोह छज्जापुर निवासी 45 वर्षीय मिथलेश कुमारी पत्नी अवधेश कुमार दिवाकर की संदिग्ध परिस्थितियों में जलने से मौत हो गई। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे पति अवधेश कुमार ने बताया कि उनकी पत्नी पिछले 5 वर्षों से बीमारी से काफी परेशान थी। बताया, रविवार को वह खेतों पर काम करने के लिए गए थे। तभी पत्नी ने कमरे में जाकर ज्वलनशील पदार्थ डालकर खुद को जला लिया। मामले की जानकारी पड़ोसियों को होते ही अंदर पहुंचे और किसी प्रकार दरवाजा तोड़कर बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही पुत्री के घर पहुंचे मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर हत्या कर जला देने का आरोप लगाया है।

**जयंती** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की तरफ से मनाई गई जयंती, व्यापारियों ने भामाशाह के चित्र पर फूलमाला चढ़ा कर उनको याद किया

# सेठ भामाशाह जैसा कोई दानवीर नहीं हुआ : राज शर्मा



दानवीर भामाशाह की जयंती मनाते व्यापारी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सेठ भामाशाह ने महाराणा प्रताप की मदद की थी

**अमृत विचार।** देश हित में अपना सब कुछ दान करके सेठ भामाशाह ने महाराणा प्रताप की मदद की थी। उन जैसा दानवीर कोई नहीं हुआ। यह बात उनकी जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश जिला अध्यक्ष राज शर्मा ने कही।

एक प्रतिष्ठान पर रविवार को जंयती समारोह मनाया गया। इस दौरान व्यापारियों ने भामाशाह के चित्र पर फूलमाला चढ़ा कर उनको याद किया। जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनंद तिवारी ने कहा कि व्यापारी वर्ग के लिए खुशी का दिन है जो प्रदेश स्तर पर मुख्यमंत्री योगी द्वारा प्रशासनिक कार्यक्रम करने की घोषणा की गई। जिला मंत्री संजीव पांडे ने बताया व्यापारी होना भी गर्व की बात है। व्यापारी वर्ग अकेले कई लोगों को रोजगार भी देता है, और देश में राजस्व देकर अपनी अहम भूमिका निभाता है। इस मौके पर नगर महामंत्री अभय कटियार, नगर कोषाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, राघव, जयंत प्रताप, अरविंद, साहिल, नरेश चौहान, सलमान, विकास सहित अन्य व्यापारी नेता मौजूद रहे।

## छिबरामऊ में भी धूमधाम से मनाई गई जयंती

संवाददाता,छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** सौरिख रोड स्थित अटल भवन में दानवीर भामाशाह की जयंती धूमधाम से मनाते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर पौधरोपण किया गया।

इस अवसर पर विधायक अर्चना पांडेय ने कहां की जब महाराणा प्रताप मुगलों की सेना से लड़ते हुए धन की आवश्यकता हुई तो भामा जी ने अपने खजाने को खोल दिया इससे पूर्व अटल भवन पर विधायक अर्चना पांडेय ने पौधरोपण किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे, पूर्व नगर अध्यक्ष आनंद गुप्ता, नगर अध्यक्ष दिलीप गुप्ता, रामानंद वर्मा, महामंत्री पंकज दुबे, अंकित शर्मा, सूर्यकांत दीक्षित, मुनीश मिश्रा, शशांक मिश्रा, रिंकू दिक्षित, आशीष वर्मा, रजत त्रिपाठी, अंकित तिवारी, ऋषभ मिश्रा, संजीव चतुर्वेदी व नगर उपाध्यक्ष मीनू बाजपेई मौजूद रहे।

उधर, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में छिबरामऊ की पुरानी गुड़ मंडी में दानवीर भामाशाह की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे के अलावा वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता, गल्ला आलू व्यापारी संघ के अध्यक्ष आदेश गुप्ता, एसके किराना, प्रियांशु गुप्ता, सत्यनारायण वर्मा, रामू गुप्ता, ताशु गुप्ता, अबली गुप्ता, संजीव गुप्ता गांधी, प्रभाकर गुप्ता, राजीव मिश्रा, अमित भारतीय, सोनू गुप्ता, बृजेश गुप्ता, नरेश गुप्ता गोल्डी, पल्ली पांडेय, अश्वनी कुमार सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

गुरसहायगंज में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने आजाद नगर स्थित लकी मानसिक मंदित एवं अनाथ आश्रय गृह में जयंती को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाया। जिसमें जिला संयुक्त महामंत्री संजीव कुमार गुप्ता, नगर अध्यक्ष अनुराग गुप्ता, नगर कोषाध्यक्ष दीपक गुप्ता, मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ गुप्ता, उपाध्यक्ष के के राजपूत, भूरा कठेरिया, कंचन गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।



भामाशाह की जयंती के उपलक्ष्य में वृक्षारोपण करतीं विधायक अर्चना पांडे व अन्य।

## सार-संक्षेप



सदस्यता प्रमाण पत्र देते पार्टी के पदाधिकारी। अमृत विचार

### आजाद समाज पार्टी के जिला उपाध्यक्ष बने गुलाम वारिस

**छिबरामऊ, कन्नौज।** आजाद समाज पार्टी के तत्वाधान में सदस्यता अभियान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व कांग्रेसी नेता लाल मोहम्मद के पुत्र गुलाम वारिस को पार्टी की सदस्यता दिलाते हुए जिला उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। इस अवसर पर मण्डल प्रभारी छबिराम जाटव ने कहा कि बहुजन की सिर्फ एक आवाज एंड चन्द्रशेखर आजाद है। जो शोषित वंचित की आवाज सड़कों से लेकर संसद तक उठाने का काम कर रहे हैं। अब भाजपा सरकार यूपी में 27 हजार से अधिक प्राइमरी स्कूलों को बंद कर शिक्षा को खत्म करने का काम कर रही है। प्राइवेट स्कूलों को बढ़ावा देकर गरीबों के शिक्षा के अधिकार का हनन कर रही है। इस दौरान युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नेम सिंह खटिक, जिला प्रभारी शकील अहमद, जिला महासचिव चांद खां, जिला उपाध्यक्ष अन्नत शाक्य, विधानसभा अध्यक्ष सुरजीत दिवाकर, संतोष कठेरिया, रूपेन्द्र शाक्य, नगर अध्यक्ष अरशद खांन, कामिल खांन, अरमान अहमद व अजय प्रधान सहित दर्जनों पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### विशालकाय छिपकिली को देख लोगों में खौफ

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के फर्रुखाबाद रोड स्थित इंदिरा आवास कॉलोनी में एक विशालकाय छिपकली को देख लोगों में खौफ फैल गया। लोगों ने इसे बिषखापर बताकर लाठियां पटकते हुए भगा दिया। इंदिरा आवास कॉलोनी में एस ब्लॉक मकान नंबर 3 में सुनीता यादव के आवास के पिछवाड़े विशालकाय छिपकली दिखाई दी। वहां पर कॉलोनी वासियों की भीड़ जुट गई। महिलाओं ने हिम्मत जुटाकर लाठियां पटक कर किसी तरह उसे खदेड़ दिया। यह बाउंड्रीवॉल के दूसरी तरफ चली गई। एक महिला ने इसका वीडियो भी बनाया, जिसके आधार पर यह जानवर संभवत: एक मॉनिटर छिपकली है। कॉलोनी के निवासियों ने वन विभाग से इसे पकड़कर कहीं दूर छोड़ने की मांग की है।



घर के अंदर विशालकाय छिपकली।



भाजपा जिला कार्यालय में बैठक को संबोधित करते समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण, साथ में बैठे जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया व अन्य लोग। अमृत विचार

### विकास कार्यों पर मांगे सुझाव, बूथ दुरुस्त करने पर जोर

**कन्नौज।** शहर स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर कन्नौज विधानसभा क्षेत्र की मासिक संगठन बैठक हुई। इसमें पार्टी के आगामी कार्यकमों को लेकर चर्चा की गई। पदाधिकारियों से सुझाव भी लिए गए कि कैसे कार्यक्रमों को जमीनी स्तर उतारकर सफल बनाया जा सके। समाज कल्याण राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) असीम अरुण ने कार्यकर्ताओं से विधानसभा इलाके में विकास कार्य कराने के लेकर सुझाव व प्रस्ताव भी मांगे। उन पर अमल करते हुए सुझावों के क्रियान्वयन के लिए रूप रेखा भी तैयार की। हो रहे विकास कार्यों की चर्चा भी हुई। विकास कार्यों को गति देने के लिए योजना तैयार की गई। मंत्री ने कहा कि हम सब को पार्टी संगठन के निर्देशानुसार बूथ समिति को दुरुस्त करना है। जहां बूथ समिति का गठन नहीं हुआ है वहां समिति गठित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि किसी भी चुनाव में जीत का मुख्य केंद्र बूथ ही है। अगर बूथ जीता तो चुनाव जीता। जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने भी अपनी बात रखी। मंडल पदाधिकारी, कार्यकर्ता व ब्लॉक प्रमुख उपस्थित रहे।

### समोसा और पकवान में इस्तेमाल हो रहे तेल की जांच की

**तिर्वा।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा लोगों के स्वास्थ्य की सुरक्षा को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को कस्बे के विभिन्न प्रतिष्ठानों पर खाद्य सामग्री की गुणवत्ता जांचने के लिए औचक निरीक्षण किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सर्वेश कुमार ने बताया कि रविवार को दो खाद्य प्रतिष्ठानों से खाद्य तेल के नमूने लिए गए हैं। बताया कि लगातार उपयोग किए जा रहे तेल की गुणवत्ता खराब हो जाती है, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक सिद्ध हो सकती है। नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। यदि गुणवत्ता मानकों पर खरे नहीं उतरते हैं तो संबंधित खाद्य विक्रेताओं के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान विभाग की टीम के साथ कस्बे के कई दुकानों पर निगरानी की गई और दुकानदारों को साफ–सफाई और गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

### परिषदीय व माध्यमिक स्कूलों में कल से लगेंगी कक्षाएं

**कन्नौज।** गर्मी की छुट्टियां खत्म होने के साथ ही जिलेभर के सभी प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों में 1 जुलाई से छात्र–छात्राओं की कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। जनपद में 1459 प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट विद्यालयों व 5 कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय स्कूल संचालित हैं। 363 माध्यमिक स्कूल भी चल रहे हैं जिसमें 19 राजकीय हाईस्कूल व इंटर कॉलेज भी शामिल हैं। दूसरी ओर विद्यालयों में पहली से 30 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान भी चलेगा। इसका कार्यक्रम भी घोषित हो गया है। पहले दिन संचारी रोग संबंधी रैली व शपथ कार्यक्रम होंगे। 2 जुलाईको संचारी रोग संबंधी बच्चों, शिक्षकों व अभिभावकों के साथ शपथ होगी। 3 जुलाई को विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक के माध्यम से जागरुकता, 4 को माता समूह व रसोइयों के साथ बैठक व 5 जुलाई को जन सामान्य के साथ जागरुकता कार्यक्रम होंगे। आगे 7 से 31 जुलाई तक कई गतिविधियां होंगी। रविवार को अवकाश रहेगा।

### कांग्रेसियों ने जिला प्रवक्ता का किया स्वागत

**तिर्वा।** कांग्रेस पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने के लिए हाईकमान के निर्देश पर पार्टी कार्यकर्ता गांव गांव जन संपर्क में जुटे हुए है। रविवार को कस्वे में पहुंचे कांग्रेस जिला प्रवक्ता घनश्याम यादव का पार्टी के कार्यकर्ताओं ने फूलमालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर लियाकत अली, राजीव श्रीवास्तव, रीना सिंह समेत अन्य कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

### पुलिस ने दर्ज कराई बदमाशों से मुठभेड़ की रिपोर्ट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मलिकपुर गैस एजेंसी के समीप 10 जून की दोपहर युवक से बाइक सवार बदमाशों ने 81 हजार रुपये की टप्पेबाजी की थी। इसके बाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दोनों बदमाशों को मुठभेड़ में पकड़ लिया और दोनों आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर की है। कोतवाली निरीक्षक आलोक दुबे ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 27 जून की रात लगभग 12 बजे वह हमराहों के साथ रात में गस्त कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर दो बाइक सवार बदमाश जिन्होंने टप्पेबाजी की थी उनके तिर्वा रोड नदसिया की ओर से आने की सूचना मिली। इस पर उन्होंने नदसिया गांव के समीप पुलिस बल के साथ छापेमारी की। तभी मोटरसाइकिल से दो बदमाशों को आता हुआ देखा। पुलिस को देख बदमाशों ने तमंचे से फायर कर दिया। जिस पर पुलिस ने आत्मरक्षा कर भाग रहे एक बदमाश को गोली मारकर घायल कर दिया था। इसके बाद पुलिस ने बदमाशों के पास से जामा तलाशी ली। जिस पर एक युवक ने अपना नाम रुस्तम निवासी रावतपुर कानपुर और दूसरे ने अपना नाम बाबुद्दीन बताया।

### स्कूल बंद करने का आरोप लगाकर प्रदर्शन

**कन्नौज।** इन दिनों परिषदीय स्कूलों के पेयर ( जोड़ा ) बनाने की प्रक्रिया चल रही है। इससे कई गांव में नाराजगी भी है। विरोध, ज्ञापन व नारेबाजी कर प्रदर्शन का सिलसिला भी शुरू हो गया है। ब्लॉक गुगरापुर क्षेत्र के प्राथमिक स्कूल अंबरपुर्वा भवन का निर्माण कार्य 2007–2008 में हुआ है। यहां कई ग्रामीणों व विद्यार्थियों ने एकत्र होकर नारेबाजी की। कहा, स्कूल को बंद न किया जाए। इससे बच्चों की पढ़ाई चौपट हो जाएगी। दूर के विद्यालय में छात्र–छात्राएं कैसे पढ़ने जाएंगे। विद्यालयों के समायोजन को लेकर विरोध हो रहा है।

### पूर्व विधायक ने किया लाइब्रेरी का शुभारंभ

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ग्राम सराय प्रयाग स्थित कप्तान सिंह महाविद्यालय में ( सेल्फ स्टडी जोन ) लाइब्रेरी का फीता काटकर सपा के पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने शुभारंभ किया। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रताप सिंह यादव, अजीत सिंह यादव, सुरेश, अंकुर सिंह यादव, अनुज सिंह, सुशील यादव, प्रधानाचार्य मनोज शाक्य, जितेंद्र प्रजापति, घनश्याम यादव, अर्पित शुक्ला, सत्येंद्र यादव, शादाब खान, भोला यादव मौजूद रहे।

# बारिश से गलियां डूबीं, दीवार गिरने से वृद्धा की मौत

## निकास न होने के कारण पानी में घुसकर निकलने की मजबूरी, अधिकांश स्थानों पर बिजली गुल हो गई

संवाददाता, कन्नौज/सौरिख

**अमृत विचार।** लगातार बारिश होने से जिले में कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति हो गई तो वहीं सौरिख में दीवार गिरने से एक वृद्धा की मौत हो गई। इसके साथ ही बिजली गिरने से ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गया। शनिवार को पूरी रात हुई बारिश के दौरान जिले के अधिकांश स्थानों पर बिजली गुल हो गई जो सुबह नौ बजे के बाद ही आई। इसके बाद अगले दिन भी शाम के समय जोरदार बारिश हुई जिससे तापमान 4 डिग्री लुढ़ककर 33 डिग्री सेल्सियस हो गया। रविवार सुबह तक 27.73 मिमी बारिश रिकार्ड की गई।

शनिवार को देर शाम शुरू हुई बारिश रात भर जारी रही। इससे लगभग पूरे जिले की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। इससे ज्यादातर लोगों को रात अंधेरे में बितानी पड़ी। बताया गया कई स्थानों पर फाल्ट भी आए जिनको ढूंढकर मरम्मत के बाद बिजली चालू की गई। सुबह नौ बजे के बाद ही अधिकांश फीडरों की बिजली चालू की जी सकी। दोपहर बाद शाम करीब चार बजे उमड़घुमड़कर आए बादलों ने बरसना शुरू कर दिया। करीब 40 मिनट की बारिश से नालियां और नाले उफनाकर चलने लगे। हालांकि दिन भर की उमस से लोगों को राहत मिल गई।

सौरिख के कस्बा नादेमऊ में बरसात से जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। इससे लोगों को पानी में घुसकर निकलना पड़ रहा है। कस्बा निवासी निताई चंद, विक्रम सिंह, चंदगीराम, राजवीर, सुमित पाल, रामसेवक, रघुनंदन, सुरेश चंद, मुन्नालाल, संतु आदि लोगों ने बताया कस्बा में जो भी नालियों है वह पूरी तरह बंद पड़ी है जिनकी सफाई बहुत समय से नहीं की गई। इससे बरसात का पानी गलियों में भर गया और निकलना मुश्किल हो रहा है। हसेरन तिराहे पर नाला बंद होने के कारण कस्बे का पानी बाहर नहीं जा पा रहा जिससे प्रतिवर्ष बरसात में इस समस्या का सामना करना पड़ता है।



सौरिख में जलभराव के बीच खड़े होकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार



गिरी पड़ी दीवार का मलबा। अमृत विचार

### दीवार गिरने से वृद्धा की मौत



सोमवती।

**सौरिख, कन्नौज।** दीवार गिरने से वृद्ध महिला की मौत हो गई। खड़नी चौकी क्षेत्र के गांव वौथम निवासी सोमवती पत्नी सरगी रामेश्वर दयाल (80) रविवार सुबह 7:30 बजे गांव की गली से निकल रही थी। तभी घर की कच्ची दीवार उनके ऊपर गिर गई जिससे दबकर वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौरिख ले आए जहां डॉक्टर ने तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहां उन्होंने दम तोड़ दिया।

## धसकी मिट्टी, दबने से किसान की मौत

**सौरिख, कन्नौज।** रात भर हुई बारिश से खेत की मिट्टी नदी में बह गई। इस पर किसान खांदी बांधने पहुंच गया। खांदी बांध रहा था तभी एक तरफ का टीला धसक गया जिसमें दबने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई।

कस्वा सकरावा के मोहल्ला अफगानान के रहने वाला किसान रहीश हुसैन (50) पुत्र मकूल हुसैन रविवार सुबह साढ़े 8 बजे अपने खेतों पर गया था। यहां बारिश होने के कारण खेत की मिट्टी पानी के साथ अरिंद नदी में बह गई जिससे खेत में बड़ी सी खांदी हो गई थी। यह देख उसी खाली स्थान में मिट्टी डालने लगा। तभी एक तरफ का टीला धसने से उसमें दब गया। बेटा सुफियान खेत पर लगभग 10 बजे खाना लेकर पहुंचा तो वहाँ कोई नहीं मिला। उसकी चप्पल पड़ी देखकर घर आकर परिजनों को जानकारी दी। परिजन सहित मोहल्ले के सैकड़ों लोग खेत पर पहुंचे और खोजबीन शुरू की। इस दौरान जहां मिट्टी धसी थी वहां लोगों ने हाथों व फावड़ा से मिट्टी हटाना शुरू कर दिया। कुछ देर बाद रहीश दबा हुआ मिला। उसे बाहर निकालकर गंभीर हालत में सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसका पता चलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से दुकानदार की मौत

संवाददाता सौरिख, कन्नौज


**अमृत विचार।** ठिलिया लेकर घर जाते समय दुकानदार को रास्ते में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

भावलपुर चौकी क्षेत्र के गांव गढ़िया पाह निवासी गुड्डू बाथम पुत्र गजेंद्र बाथम (22) भावलपुर में ठेली लगाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। शनिवार देर शाम ठेली लेकर घर जा रहा था तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे परिवार के लो उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में मां विमलेश कुमारी तथा पत्नी बेबी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। मृतक अपने पीछे दो पुत्रों निखिल (7) एवं सत्येंद्र (4) को छोड़ गया।

### आज का मौसम

सोमवार को दिन भर बादल छाए रहने के साथ मध्यम से तेज बारिश की होने की संभावना है।

| | |
|---|---|
| 29.0⁰ | 26.0⁰ |
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05:19 | सूर्यास्त 07:08 |




### बिजली गिरने से ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त

**सौरिख, कन्नौज।** नगरिया तालपार में रखा 250 केवीए का ट्रांसफार्मर से पूरे गांव को बिजली सप्लाई मिलती थी। शनिवार रात 9 बजे तेज बारिश के दौरान तेज चमक के साथ जोरदार धमाका हुआ और बिजली चली गई। जानकारी होने पर विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुच गए और लाइन बन्द कर खम्बे से जम्फर खोल कर सप्लाई शुरू कर दी गई। रविवार सुबह कन्नौज से नया ट्रांसफार्मर मंगवाया गया। उसके बाद सप्लाई शुरू की जा सकी।




# जिला जज को फोन पर धमकी, मुकदमा दर्ज

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

● बाल संप्रेक्षण गृह के निरीक्षण के दौरान फोन किए जाने का आरोप

**अमृत विचार।** जिला जज को फोन पर धमकी दी गई। मामले में उनके पेशकार की तरफ से बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

बताया गया कि शुक्रवार की सुबह 11.35 बजे जिला जज चंद्रोदय कुमार बाल संप्रेक्षण गृह जखा, फर्रुखाबाद का निरीक्षण कर रहे थे। इसी समय उनके सीयूजी नंबर पर एक काल आई। आरोप है कि कॉल करने वाले विजय सारस्वत जो बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रहे हैं ने कहा कि उन्हें मिलने के लिए समय दिया जाए। यदि वे नहीं मिलेंगे तो उनके हित में नहीं होगा। इस दौरान जिला जज के साथ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रद्धा भारतीय भी निरीक्षण कर रहीं थीं। उन्होंने संबंधित नंबर कॉल बैक कर कॉल करने का उद्देश्य जानना चाहा तो सारस्वत ने कहा कि जनवरी 2025 में बार एसोसिएशन के शपथ ग्रहण समारोह में भाषण के दौरान उन्हें अपमानित किया गया। मामले में जिला जज के पेशकार विकास मिश्रा ने सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कहा कि सारस्वत के कुछ व्यक्तिगत मुकदमे हैं जिनको निस्तारित करने का दबाव बना रहे हैं।

मामले में विजय सारस्वत का कहना है कि उन्होंने फोन कर जिला जज से मिलने का समय मांगा था। अन्यथा की स्थिति में हाईकोर्ट जाने की बात कही थी। धमकी देने की बात गलत है।

# पिता-भाई ने ही बेच दिया युवती को, करा दी शादी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



कोतवाली में हंगामा करती युवती।

● पति के साथ रहने से किया इंकार, भाई ने लौटाए सौदे के 40 हजार

**अमृत विचार।** जब अपने ही दुश्मन हो जाएं तो फिर किसी दुश्मन की जरूरत ही क्या है? ऐसे ही एक मामले युवती को उसके ही पिता और भाई ने 70 हजार रुपये में बेंच दिया और अधेड़ के साथ फेरे करवा दिए। इसकी हकीकत जब युवती को पता चली तो उसने पुलिस बुला ली। इसके बाद पुलिस दंपति को लेकर थाने पहुंची तो वहां युवती ने हंगामा करते हुए पति के साथ रहने से इंकार कर दिया। दोनों पक्षों में पंचायत के बाद युवती के भाई ने दूल्हे को 40 हजार रुपये लौटा दिए।

कानपुर में ब्यूटी पार्लर चलाने वाली युवती का आरोप है कि उसके पिता को शराब पिलाने के बाद भाई को 70 हजार रुपये का लालच देकर सौदा किया गया था। उसे इस बात का पता नहीं था तो शादी के लिए हां कर दी थी। मंदिर में शादी करा दी गई। अगली सुबह सहेली ने यह बात बताई तो होश उड़ गए। उसने थाने जाकर पति के साथ न रहने की बात कही तो उसने एक लाख रुपये लौटाने की बात कही। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। बता दें कि ठठिया थाना क्षेत्र के पलटेपुरवा निवासी रामचंदर यादव (45) के घर से युवती ने यूपी 112 को फोन कर पुलिस बुला ली। जानकारी दी कि वह कानपुर नगर के घाटमपुर की रहने वाली है और ब्यूटी पार्लर चलाती है। उसके भाई ने उसे बेच दिया है। युवती का कहना है कि वह 21 वर्ष की है जबकि रामचन्द्र की उम्र 45 साल बताई गई है। वह बस ड्राइवर है और एक अन्य ड्राइवर ने शादी के लिए उसका पता बता पिता से मुलाकात कराई थी। युवती की शिकायत पर पुलिस दंपति को लेकर ठठिया थाने पहुंची। यहां पुलिस ने उसके भाई को बुलाया तो उसने बहन को बेचने की बात स्वीकार कर ली। पंचायत के बाद 40 हजार रुपये दूल्हे को लौटा दिए। वहीं रामचंद्र ने कहा कि एक लाख रुपये उसने दिए थे। पूरे पैसे लौटाए जाएं। वहीं प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा का कहना है कि जिस स्थान पर घटना हुई है उसी थाना से कार्रवाई होगी। एसपी विनोद कुमार ने कहा कि युवती के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# नवाबगंज में जमीन के विवाद में गोली चली, एक की मौत व दो लोग घायल

## पुलिस मुठभेड़ में एक आरोपी के पैर में गोली लगने से घायल, चार आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** नवाबगंज थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच हुई कहासुनी में एक पक्ष द्वारा की गई फायरिंग में दूसरे पक्ष के एक युवक की गोली लगने से मौत हो गई तथा एक युवती समेत दो लोग गोली लगकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद आरोपियों से हुई पुलिस मुठभेड़ में एक आरोपी के पैर में गोली लगने से घायल होने के साथ ही कुल चार आरोपियों गिरफ्तार किया गया।



पैर में गोली लगने से युवक को पकड़कर ले जाती पुलिस।

अपर पुलिस अधीक्षक डॉ संजय सिंह ने बताया कि थाना नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम रामनगर पुठरी में गत शनिवार को देर सायंकाल जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के दौरान गांव के ही एकपक्ष के ग्रामीण सत्यपाल आदि द्वारा फायरिंग की गई। इस दौरान दूसरे पक्ष के ग्रामीण महावीर, उनकी भतीजी रेनू उर्फ पलक तथा युवक आकाश गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपियों की फायरिंग से गोली लगकर घायल हुए महावीर, आकाश तथा युवती को समीपवर्ती सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया और हालत गंभीर होने पर रेफर करके डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल लाया गया जहां सरकारी चिकित्सक ने युवक आकाश को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने फायरिंग करने वाले आरोपियों की तलाश में चौतरफा नाकेबंदी की। इस दौरान हरदुआगंज चौराहा के समीप पुलिस से हुई मुठभेड़ में आरोपी सत्यपाल के पैर में गोली लगने से घायल होने हो गया जबकि उसके दो साथी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने कांबिग करके इन दोनों साथियों को गिरफ्तार किया जबकि इससे पहले ही एक साथी आरोपी पुलिस हिरासत में था। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक लाइसेंसी बंदूक, एक तमंचा तथा कुछ कारतूस बरामद किए और पुलिस अन्य वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

# एजुकेशन सोसाइटी का तीन अगस्त को मेधावी सम्मान

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। एजूकेशनल मूवमेंट सोसायटी द्वारा हर साल होने वाला मेधावी छात्र/छात्राओं का सम्मान समारोह 3 अगस्त को नवभारत सभा भवन फर्रुखाबाद में होगा।

एजूकेशनल मूवमेंट सोसायटी की इस्लामिया स्कूल फतेहगढ़ में बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इस वर्ष सोसायटी का सालाना कार्यक्रम 3 अगस्त को कराया जायेगा, सोसायटी के कार्यवाहक अध्यक्ष सैयद रिजवान अली ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2024-25 में जिन मुस्लिम छात्र छात्राओं ने 70 प्रतिशत के साथ हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा किसी भी बोर्ड से उत्तीर्ण की हो, उन्हें सोसायटी द्वारा आयोजित किए जाने वाले सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा। श्री अली ने बताया कि छात्र छात्राएं अपने अंकपत्रों की छायाप्रति स्वहस्ताक्षरित मोबाइल नंबर लिखकर सोसायटी द्वारा निर्धारित केन्द्रों पर 15 जुलाई 2025 तक जमा कर दें। सोसायटी द्वारा अंकतालिका की छायाप्रति जमा करने के लिए शहर में डा मोहसिन चौक बाजार, रहमानी कालेज, फतेहगढ़ में इस्लामिया स्कूल हाथी खाना, नसर ख़ालिक़ एडवोकेट, न्यू जनता लोकवाणी केन्द्र बड़ा चौराहा, शमसाबाद मुफ्ती जफर अहमद क़ासमी, ए० बी०इंटर कालेज, कायमगंज शाही पब्लिक स्कूल, सुल्तान मेमोरियल पब्लिक स्कूल, कमालगंज स्टार एग्रो सेंटर, जरारी कमालगंज जफरूल इस्लाम पब्लिक स्कूल, मोहम्मदाबाद मदरसा रफीकुल उलूम, राजेपुर/अमृतपुर टीचर रियाजुल, नवाबगंज मदरसा पहलवान मंसूरी, याकूतगंज असलम अब्बासी इन तमाम सेंटरों पर छात्र अपनी अंकतालिका जमा कर सकते हैं। सोसायटी की मीटिंग में नसर ख़ालिक़ एडवोकेट, आदि लोग मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



गली में खड़ी क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार

### गली में खड़ी शिक्षक की कार में लगाई आग, जलकर खाक

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज थाना क्षेत्र में बीती रात गली में खड़ी शिक्षक की कार में आग लगा दी जिससे वह क्षतिग्रस्त हो गई। शिक्षक का कहना है कि गली में काफी दिनों से खड़ी कर रहे थे। कुछ लोगों को रंजिश थी हो सकता है उन्हीं किसी ने आग लगाई हो। कमालगंज थाना क्षेत्र के मिठाई गली निवासी शिक्षक कपिल गुप्ता की कार में बीती रात गली में खड़ी थी। रात में किसी ने रंजिश के कारण कार में आग लगा दी जिससे कार बुरी तरह जलकर क्षतिग्रस्त हो गई। जहानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पतौजा स्थित प्राइमरी स्कूल के सहायक अध्यापक कपिल गुप्ता ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाने में तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि 2 वर्ष पूर्व कार खरीदी थी। उनका कहना है कि गली में कार खड़ी करने की रंजिश में ही कुछ लोगों ने वाहन में आग लगाई है।

### फेडरेशन व्यापार मंडल की कार्यकारिणी घोषित

**फर्रुखाबाद।** फेडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष मनोज मिश्रा की अध्यक्षता में रवि चौहान नगर उपाध्यक्ष सिविल अस्पताल रोड स्थित निवास पर बैठक हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा ने संगठन का विस्तार करते हुए रवि चौहान को नगर अध्यक्ष विजय भारद्वाज को नगर महामंत्री, कुलभूषण श्रीवास्तव को साहबगंज अध्यक्ष, अंकुर गौड़ महामंत्री, नीरज गुप्ता को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक में अनूप गुप्ता वरिष्ठ महामंत्री, लाखन सिंह उपाध्यक्ष, विमलेश मिश्रा महामंत्री, मनोज दीक्षित, मशकूर अंसारी, संजीव वर्मा, संजू वर्मा, प्रशांत शाक्य, सुनील कुमार गिहार, नीरज गुप्ता, गुरुदेव राजपूत, अजय महरोत्रा, अंकुर जैन, नीरज गुप्ता, रचित अग्रवाल, संजय गुप्ता, दीपक गणनानी आदि मौजूद रहे।



अभिव्यक्ति की काव्य गोष्ठी में रचना पाठ को आये कविगण।

### अभिव्यक्ति की काव्य गोष्ठी में समीक्षा एवं गूंजे कविता के स्वर

**फर्रुखाबाद।** नगर में साहित्यिक जागरूकता और रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कार्यरत अभिव्यक्ति संस्था की ओर से काव्य जागरण गोष्ठियों की श्रृंखला का तीसरा कार्यक्रम रविवार को आयोजित किया गया, यह आयोजन संस्था के संरक्षक एवं वरिष्ठ गजलकार नलिन श्रीवास्तव के श्याम नगर स्थित आवास पर सम्पन्न हुआ। इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम नगर में साहित्यिक जागरूकता बनाए रखने के लिए नियमित अंतराल पर आयोजित किया जाता है। अभिव्यक्ति संस्था ने यह पहल उन रचनाकारों को मंच देने के उद्देश्य से शुरू की है, जिन्हें अक्सर सार्वजनिक गोष्ठियों में अवसर नहीं मिल पाता। गोष्ठी की विशेषता यह है कि प्रत्येक आयोजन में दो नए युवा रचनाकार और दो वरिष्ठ रचनाकारों को आमंत्रित कियाजाता है, जबकि दो रचनाकार स्थायी रूप से जुड़े रहते हैं। रविवार को हुई गोष्ठी वरिष्ठ गीतकार राम शंकर अवस्थी अबोध की अध्यक्षता में हुई जिसमें निमिष टंडन, वैभव सोमवंशी, उपकार मणि उपकार, नलिन श्रीवास्तव ने काव्यपाठ किया।

### कोआपरेटिव बैंक के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव आज

फर्रुखाबाद। कोआपरेटिव बैंक के चुनाव में संचालक पद पर भाजपा के सभी 12 प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिए गए। बैंक के संचालक मंडल में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा ने अध्यक्ष पद के लिए कुलदीप गंगवार और उपाध्यक्ष के लिए राजेश त्रिपाठी का नाम घोषित किया है। पार्टी हाई कमान से नाम की घोषणा होते ही चल रही हवाओं में विराम लग गया है वैसे लोग कयास लग रहे थे कि पूर्व ब्लाक प्रमुख को जिम्मेदारी मिल सकती है लेकिन पार्टी ने अपना निर्णय जस का तस रखा। इस तरह कोऑपरेटिव बैंक के के दोनों पदों पर भाजपा का दूसरी बार कब्जा होना तय है। डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव बैंक के चुनाव में संचालक के 12 पदों पर भाजपा प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किया गया था। इन पदों के लिए किसी अन्य प्रत्याशी ने अपना नामांकन दाखिल नहीं किया था। निर्वाचन अधिकारी एसडीएम रजनीकांत पांडेय ने संचालक पद पर बृजेश कुमार, भास्कर दत्त द्विवेदी, अरविंद कुमार, कुलदीप गंगवार, प्रदीप कुमार उर्फ शंकर ठाकुर, सुधा, राजेश त्रिपाठी, दिनेश चंद्र, लक्ष्मी देवी, रामेंद्र सिंह, अशोक कुमार वर्मा व नरेश चंद्र को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया।

### बालिका से छेड़खानी करने पर मुकदमा दर्ज

अमृतपुर। थाना क्षेत्र के गांव नगलाहूशा मे रामू ने एक बालिका के घर में घुसकर उसके साथ छेड़खानी शुरू कर दी। लड़की का नाबालिग भी वहीं पर मौजूद था। भाई ने छेड़छाड़ का विरोध किया और चिल्लाने लगा। शोरगुल सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और शराबी रामू को पकड़ लिया। और सूचना कर थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया। थाना पुलिस ने लड़की के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

### आर्य समाज का ग्रीष्मकालीन शिविर संपन्न

फर्रुखाबाद। आर्य समाज कमालगंज में बेटियों को आत्मनिर्भर व संस्कारवान बनाने हेतु आयोजित एक माह का 'ग्रीष्मकालीन शिविर' धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ। इस दौरान प्रात :काल यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बालिकाओं ने आहुतियां डालकर ईस्वर का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार वितरित किये गए। शिविर के संचालक आचार्य संदीप आर्य ने बताया कि एक माह तक बेटियों को सिलाई, मेहंदी आदि के प्रशिक्षण के साथ–साथ हवन, संध्या व वैदिक संस्कारों की शिक्षा दी गयी। उन्होंने कहा कि कन्या को शास्त्रों में देहरी का दीपक कहा गया है अर्थात ये दोनों कुलों को रोशन करती है। इसलिए इनका शिक्षित, संस्कारित व आत्मनिर्भर होना आवश्यक है।

# बच्ची के साथ नाना ने की हैवानियत

संवाददाता अमृतपुर

- पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है, जांच की जा रही है
- पारिवारिक नाना बहला कर खेतों की तरफ ले गया

**अमृत विचार।** जिला हरदोई की रहने वाली एक महिला का मायका राजेपुर थाना क्षेत्र में है। वह मध्यप्रदेश के भोपाल में रहकर अपना रोजगार करती है। बच्चों की स्कूल मे छुट्टीयां हो जाने के कारण अपने मायके घूमने आई है। उसके साथ में उसकी 8 वर्षीय नाबालिक बेटी भी आई है। ननिहाल मे बच्ची अपनी सहेलियों के साथ खेलने में व्यस्त थी। तभी अचानक पड़ोस में रहने वाले पारिवारिक नाना की नजर उस पर पड़ी और वह उसे बहला फुसला कर खेतों की तरफ ले गया जहां उसने उस मासूम के साथ हैवानियत की और वहां से खिसक लिया।

मां ने बच्ची को जब वहां नहीं देखा तो उसे ढूंढने में लग गई। थोड़ी देर के बाद बच्ची खेतों की तरफ से रोती हुई आ रही थी। जिसे मां ने गोद में उठाया और उससे रोने का कारण पूछने लगी। उस मासूम ने पारिवारिक नाना द्वारा गलत काम करने को लेकर जानकारी दी। बच्ची ने बताया कि दरिंदे ने उसे धमकाया और उससे कहा कि अगर उसने किसी से चर्चा की तो वह उसके साथ मारपीट करने के बाद मौत के घाट उतार देगा।। राजेपुर में थाना अध्यक्ष को प्रार्थना पत्र देते हुए घटना से अवगत कराया। थाना पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर बच्ची को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सांसद का रौब गांठने वाला दबोचा गया

**फर्रुखाबाद।** सांसद प्रतिनिधि का रौब गालिब करने वाले को कायमगंज पुलिस ने 21 देशी शराब के पाउच के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

कोतवाली कायमगंज मन्डी चौकी इंचार्ज अवधेश यादव कास्टेबल संकित गंगवार, कास्टेबल सिद्धू सिह ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम लालपुर रोड पर एक युवक को गिरफ्तार किया पूछताछ के दौरान व्यक्ति ने अपना नाम विजय राजपूत उम्र 42 वर्षीय पुत्र लालाराम निवासी प्रेम नगर कोतवाली कायमगंज की जामा तलाशी के दौरान हाथ में लिए झोले से देशी शराब जो ( बब्बर शेर ब्रान्ड के 21 पाउच निकले पुलिस ने उससे बरामद शराब के बारे मे लाइसन्स मांगा तो उसने कहा मेरे पास कोई लाईसेन्स नही है, शराव के ठेको से खरीदकर लाता हूँ और अधिक मुनाफा लेकर बेच देता हूँ, पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस जांच कर रही है।

# बांटने वाले नहीं होंगे कामयाब:प्रेम शुक्ला

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- प्रेम शुक्ला सपा युवजन सभा के जिला सचिव मनोनीत
- समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर हुई बैठक

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्रेम शुक्ला को समाजवादी युवजन सभा का जिला सचिव मनोनीत किया गया।

मनोनयन के बाद प्रेम शुक्ला ने कहा कि राजनीति करने को तो हम किसी भी दल में रहकर कर सकते थे लेकिन गलत को गलत कहने की हिम्मत और हर पीड़ित के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े होने की ताकत सिर्फ और सिर्फ समाजवादी पार्टी में है। इसलिए हम सपा में हैं समाजवादी पार्टी हर पीड़ित के साथ खड़ी है।

इस दौरान प्रेम शुक्ला का जोरदार स्वागत किया गया उन्हें मनोनयन पत्र देकर बधाई देते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रेम शुक्ला हमारी उम्मीदों पर खरे उतरेंगे ऐसा विश्वास है।

इस दौरान पार्टी के जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी को जाति और धर्म की पार्टी बताने बाले लोग ये देखें कि हमारे यहाँ हर उस व्यक्ति, जाति और धर्म का सम्मान है जो समतामूलक समाज, गरीबों के उत्थान और विकसित भारत की सोच रखता है सपा गैर बराबरी को मिटाने के लिए हमेशा प्रयासरत रही है और आगे भी इस दिशा में बढ़ती रहेगी। इस मौके पर फ्रंटल संगठनों के प्रभारी रामपाल सिंह यादव सहित अन्य समाजवादी साथी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बारिश से दरगाह की दीवार गिरी घरों में भरा पानी

**फर्रुखाबाद।** भारी बरसात में मोहल्ला खैराती खां स्थित छोटे बड़े साहब दरगाह की कब्रिस्तान की दीवार गिर गई।

दीवार गिरने से दरगाह में भरे पानी के कारण प्राचीन समय की बनी दरगाह खतरे में पड़ गई है, उधर बरसात के कारण घरों में पानी भर गया लोगों की पार्किंग में खड़ी कारें डूब गई, मौसम की पहली भारी बरसात से नगर में पानी ही पानी दिखाई दिया। नगर में सफाई न होने से तबाही का आलम दिखाई दिया। साथ ही शहर के अन्य क्षेत्रों में भी भारी बरसात के कारण इस तरह का पानी देखने को मिल, लगातार एक घंटे तक हुई बरसात ने दहशत जैसी पैदा कर दी। शहर में जगह जगह जलभराव हो जाने से लोग परेशान हो गए। लोगों को अपने गंतव्य तक जाने में काफी फरेशानी हुई।

# सरकार की जनकल्याणकारी नीतियां जनता के बीच पहुंचायें

संवाददाता, कालपी जालौन

- भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत
- क्षेत्रीय अध्यक्ष ने संगठन को मजबूत करने पर दिया जोर

**अमृत विचार।** रविवार को कानपुर - झांसी मंडल के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल का बुंदेलखंड के प्रवेश द्वार कालपी में नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द यादव व नगर अध्यक्ष सुबोध द्विवेदी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के द्वारा फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया।

कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल रविवार को लखनऊ से उरई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए जा रहे थे। बुंदेलखंड के प्रवेश द्वार कालपी हाईवे स्थित दुर्गा मंदिर चौराहा में पहले से ही मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं ने माला पहना कर उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष ने संगठन को मजबूत करने के लिए जोर दिया।



क्षेत्रीय अध्यक्ष का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

स्वागत करने वाले लोगों से पूर्व नगर अध्यक्ष अमित पांडेय, संदीप शर्मा, कोमल सिंह चौहान, मुन्ना चौधरी, राजन सिंह, श्री कृष्ण गौतम, नरेंद्र मोदी विचार मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक बाजपेई, अवधेश तिवारी, अश्विनी तिवारी, अरविंद सिंह राठौर, प्रीतु सिंह, सचिन त्रिपाठी, हर्षित खन्ना, मंटू विश्नोई, संजय सविताआशु ठाकुर, दीनू चौहान, आदि मौजूद रहे।

## कांग्रेसः डॉ. रामकुमार उपाध्यक्ष व तस्लीम महामंत्री घोषित

**कालपी जालौन।** कांग्रेस पार्टी की भारी भरकम घोषित जिला कार्यकारिणी में कालपी नगर के ओबीसी नेता डॉ. रामकुमार ओमरे तथा अल्पसंख्यक नेता तस्लीम खान को महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त करते हुए जिम्मेदारी सौंपी गई है।

विदित हो कि ट्रांसपोर्टर कारोबारी तस्लीम खान कालपी के युवाओं तथा खिलाड़ियों के बहुत ही चाहते माने जाते हैं।

पिछले महीने राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कराकर तस्लीम खान ने युवाओं तथा खिलाड़ियों के बीच में अच्छी पकड़ बनाई थी। पार्टी ने तस्लीम खान को जिला महासचिव के पद से नवाजा है। वहीं वरिष्ठ नेता डॉ. रामकुमार ओमरे ने अपनी राजनीतिक यात्रा की शुरुआत कांग्रेस से ही शुरू की थी। इस बार डॉ. ओमरे को जिला कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी।

# इमाम हुसैन ने नाना का दीन बचाने को दी कुर्बानी

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** मुस्लिम वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से मोहल्ला तिलक नगर के बरकाती ग्राउंड में दस दिवसीय प्रोग्राम की दूसरी महफ़िल में शनिवार की रात पैगाम-ए-शहीदे आजम कॉन्फ्रेंस का आगाज हाफिज फजले अजीम ने तिलावते कलाम पाक से किया।

कॉन्फ्रेंस में सैय्यद आमिर मियां ने कहा, इमाम हुसैन अपने नाना पैगम्बरे-इस्लाम का दीन बचाने के लिए कर्बला के मैदान में अपनी कुर्बानी पेश करने के लिए आए थे। उन्होंने बचपन में अपने नाना से इस अजीम कुर्बानी का वादा किया था और कर्बला में वही वादा वफा किया। शराब के नशे में चूर रहने वाला व जुए के शौकीन यजीद के जुल्म के खौफ से उस समय के अनेक धर्मगुरु या तो अंडरग्राउंड हो गए थे या उन्होंने यजीद के सामने समर्पण कर दिया था। यजीद ने यह हुक्म दिया था कि हुसैन या तो उसकी खिलाफत को कबूल करें या उन्हें मार दिया जाए। इमाम ने यजीद के सामने समर्पण करने से बेहतर शहीद होना समझा।

**बनने लगे ताजिया व सजने लगी ढालें: उरई :** शहर में मोहर्रम के लिए ताजिये सजाए जाने लगे है। मुस्लिम इलाकों में ताजिया बनाने की तैयारियां जोरों पर चल रही है। वहीं मोहर्रम के लिए ढालें भी सजने लगी हैं। जो मोहर्रम के जुलूस में शामिल होंगी।

मुख्यालय के तिलक नगर चौराहे के समीप शरीफ पठान आवास पर शाहिद खान द्वारा ढाल सवारी बनकर तैयार हो चुकी है, जिसे कारीगरो द्वारा सजाने सवारने का कार्य किया जा रहा है। वहीं सदन पुरी स्थित राजा अली के आवास पर ताजिया बनाने का कार्य जारी है।

**कार्यक्रम** व्यास मंदिर रोड स्थित पूर्व सभासद राजेन्द्र साहू के प्रतिष्ठान के परिसर में हुआ पौधरोपण

# पौधरोपण कर धरती को हरा भरा करने का संकल्प

संवाददाता, कालपी जालौन

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर कालपी में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पौधरोपण करके धरती को हरा भरा करने का संकल्प लिया। रविवार को व्यास मंदिर रोड स्थित पूर्व सभासद राजेन्द्र साहू के प्रतिष्ठान के परिसर में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला महामंत्री शशिकांत सिंह चौहान के नेतृत्व में पूर्व कार्यकर्ताओं के द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम-2025 के अंतर्गत पौधरोपण किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप सें जिला प्रभारी भाजपा सूफ़ी संवाद एजाज चिस्ती, भारत सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष, सर्वेश पुरवार, डा विजय यादव, उज्जवल गुप्ता, विवेक तिवारी सिद्धू तिवारी, राजेन्द्र साहू अतुल शुक्ला, पीयूष सिंह, दिग्विजय सिंह, लाला यादव, अमरदीप पाण्डेय, अंकित ठाकुर, बाबू सिंह यादव, अमन श्रीवास्तव, पुप्पल गुप्ता, जग्गू पाण्डेय, मनोज गुप्ता सतेंद्र चौहान, महृषि सैनी, अमन श्रीवास्तव, विवेक तिवारी शामिल रहे।



पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता। अमृत विचार

कार्यक्रम की अगुवाई करते हुए शशिकांत सिंह चौहान ने कहा कि शुद्ध पर्यावरण के लिये वृक्षों का होना जरूरी है। इसलिए सभी लोग पौधों को लगाकर सुरक्षा करें।

### भाजपाइयों ने सुनी मन की बात और रोपे पौधे

**कालपी जालौन।** रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को सुनने के लिये तमाम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। क्षेत्रीय विधायक प्रतिनिधि आशीष चतुर्वेदी के द्वारा कालपी नगर के मोहल्ला रामगंज में पौधरोपण किया गया तथा राम जानकी मंदिर रामगंज कालपी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में लोगों ने शामिल होकर प्रधानमंत्री के मन की बात को सुना। इस मौके पर प्रमुख रूप से आशीष चतुर्वेदी भाजपा के निवर्तमान नगर अध्यक्ष भारत सिंह यादव अश्वनी तिवारी, कोमल सिंह चौहान, सिंटू गुप्ता बड़हरिया, बाबू सिंह यादव, विवेक दीक्षित, भारत भूषण गुप्ता सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## नहर में अधेड़ का शव मिलने से मचा हड़कंप

**उरई।** कोंच कोतवाली क्षेत्र के घुसिया नहर पुल के पास अज्ञात अधेड़ का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।

कोंच नगर क्षेत्र के पिंडारी रोड पर घुसिया नहर पुल के समीप पानी भरे गड्ढे में 50 वर्षीय अधेड़ का शव रविवार की सुबह पड़ा मिला। शव मिलने की खबर फैलते ही इलाके में अफरातफरी मच गई और राहगीरों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना पर सीओ परमेश्वर प्रसाद, कोतवाल विजय कुमार पांडे, सुराही चौकी इंचार्ज संजीव कुमार दीक्षित पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। वहीं फील्ड यूनिट की टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित किए। बताया गया कि मृतक काला जींस का पेंट व मटमैले रंग की शर्ट पहने हुए है। अभी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

# कल से संचारी रोग व 11 से 31 जुलाई तक चलाया जाएगा दस्तक अभियान

संवाददाता, कालपी जालौन

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिनेश गुप्ता ने बताया कि संचारी रोग जागरूकता अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई के मध्य चलाया जाना है तथा 11 जुलाई से 31 जुलाई के मध्य दस्तक अभियान चलाया जायेगा। तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

उन्होंने बताया कि बारिश के मौसम में जलभराव एवं साफ सफाई न होने का कारण मच्छर पनपने लगते हैं। संचारी रोगों से पीड़ित व्यक्तियों की पहचान हेतु घर-घर स्वास्थ्य विभाग की टीम जायेगी। चिकित्सा अधीक्षक के अनुसार संचारी रोग कार्यक्रम के अच्छे ढंग से संचालन हेतु उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह की अध्यक्षता में मीटिंग हो चुकी है। जिसमें नगर पालिका परिषद कालपी के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला, खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार राजपूत, कालपी, कदौरा, वावई के सरकारी चिकित्सालयों के चिकित्सा अधिकारी की मौजूदगी में तैयारियों को भी अंतिम रूप दिया जा चुका है। संचारी रोग के नियंत्रण के लिए उन्होंने जनता से भी सहयोग की अपील की है।



संचारी रोग को लेकर आयोजित बैठक में एसडीएम व अन्य। अमृत विचार

# संचारी रोग के प्रति जागरूकता फैलायें : डीएम

## संचारी रोग अभियान की कल से और दस्तक अभियान की 11 जुलाई से होगी शुरुआत

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** संचारी रोग रोकथाम सम्बन्धी उपायों के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि एक जुलाई से 31 जुलाई तक संचारी रोग अभियान चलाया जाएगा एवं 11 जुलाई से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा।

उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आशा एएनएम द्वारा घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने बताया कि घरों के आसपास जलभराव न होने दें तथा सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत में सफाई कर्मी लगाकर सफाई कराई जाए। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि नालियों की साफ-सफाई, फॉगिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए एवं समय से कराई जाए।

उन्होंने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा की ब्लॉक स्तर पर एक टीम बनाकर भ्रमण कराया जाए जिससे कहीं बीमारी की सूचना मिलते ही तुरंत तत्काल मौके पर पहुंचा जाए। उन्होंने कहा कि जिस इलाके से ज्यादा मरीज आएं वहां तत्काल टीम भेजकर इलाज कराया जाए साथ ही उन्होंने कहा की गत वर्षों में जो गांव इस महामारी से प्रभावित हुए थे वहां पर जाकर अभी से अभियान चलाया जाए वहां के लोगों को जागरूक किया जाए, जिससे वहां पर फिर से बीमारियां न होने पाएं। बैठक में जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बृजेन्द्र कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह, समाज कल्याण अधिकारी संध्या रानी बघेल सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।


बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल। अमृत विचार

### ग्रामीणों ने प्रधान के खिलाफ डीएम को दिया प्रार्थना पत्र

**इटावा।** थाना चौबिया क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत चौबिया के प्रधान पर इसी पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम नगला दया के ग्रामीणों ने प्रधान पर फर्जी तरीके से सौ रुपया के स्टांप पर पट्टा देने की बात कहते हुए अवैध वसूली का आरोप लगाया है। जिसकी शिकायत जिलाधिकारी के समक्ष पहुंचकर की है। ग्राम पंचायत की संतोष कुमार पत्नी राजेश कुमार, श्री राम पुत्र सरदार सिंह, अरविंद पुत्र भीकम सिंह ने डीएम को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया की ग्राम पंचायत का प्रधान फर्जी तरीके से धन वसूली करके गांव के खाद के गड्ढे की जगह को धन लेकर फर्जी कागजात बनाकर गांव के कई लोगों को आवंटित कर रहा है। जिसकी कोई मुनादी नहीं निकलवायी संतोष कुमारी ने बताया उसका पूर्वजों के समय से जमीन पर कब्जा चला आ रहा है उसी जमीन को ग्राम प्रधान फर्जी एग्रीमेंट बनाकर सरिता देवी पत्नी गजेंद्र सिंह से अवैध धन वसूली करके दे रहा है जो कि गलत है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देते हुए मामले पर जांच कर कार्यवाही की मांग की है। वही इस संबंध में ग्राम पंचायत चौबिया के प्रधान अनिल कुमार ने बताया ग्राम पंचायत में सरकारी खाद के गड्ढे हैं। गरीबों को गोबर के उपले व कूड़ा डालने के लिए के लिए

# दांदरपुरा कांड : भागवत कथा की मुख्य यजमान के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** दांदरपुरा गांव में भागवत कथा की मुख्य यजमान महिला के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया गया है। सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने व कानून व्यवस्था बिगाड़ने के प्रयास का मुकदमा दर्ज करके पुलिस जांच कर रही है। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने के अब तक 9 मुकदमे दर्ज किये जा चुके हैं और 11 लोगों को जेल भेजा जा चुका है। पुलिस की कार्रवाई से सोशल मीडिया पर घटना को लेकर कुछ भी भड़काऊ पोस्ट करने से लोगों ने दूरी बनानी शुरू कर दी है।

दांदरपुरा गांव में भागवत कहने गये दो भागवताचार्यों पर जाति छुपाने का आरोप लगाकर चोटी काटकर अभद्रता की गयी थी। पुलिस ने इस घटना को अंजाम देने वाले चार लोगों को जेल भेज दिया था। बाद में भागवताचार्यों पर फर्जी आधारकार्ड बनवाने और धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हुआ। इससे यादव समाज के लोग भड़क गये और पुलिस पर पथराव कर दिया था। साथ ही घटना को लेकर जातिगत टिप्पणी करते हुये सोशल मीडिया पर वार शुरू हो गया। ऐसी ही एक वीडियो भागवत कथा की मुख्य यजमान रेनू तिवारी की भी सोशल मीडिया पर आयी। सपा नेताओं ने वीडियो दिखाते हुये उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस पर एसएसपी ने आरोपी महिला रेनू तिवारी के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया। बकेवर थाने में मुकदमा दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी गयी है। बकेवर थाने में ही शनिवार को भी एक महिला प्रियंका निवासी अछल्दा औरैया के खिलाफ दर्ज किया गया था। महिला का मायका खितौरा बकेवर में है। इसके पहले 8 मुकदमे सोशल मीडिया पर भड़काऊ वीडियो डालने, अनर्गल टिप्पणी करने के दर्ज किये गये और 11 लोगों को जेल भी भेजा गया। पुलिस की सख्ती के चलते अब सोशल मीडिया पर घटना को लेकर लोगों ने दूरी बनानी शुरू कर दी है। एसएसपी बृजेश श्रीवास्तव ने बताया कि महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी गयी है।


### मास्टर माइंड गगन यादव की गिरफ्तारी के प्रयास तेज

**इटावा ।** बकेवर क्षेत्र में हुये उपद्रव के मुख्य आरोपी गगन यादव की गिरफ्तारी में पुलिस छापेमारी कर रही है। एसपी ग्रामीण श्रीष चंद ने बताया कि उसकी गिरफ्तारी के प्रयास हो रहे हैं। इस बीच उनका एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें एक इंटरव्यू में वह कह रहे हैं कि वह होते तो बवाल नहीं होने देते। घटना के आरोपी गगन यादव का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसें एक पत्रकार इंटरव्यू ले रहा है। इसमें कहा गया कि आपके ऊपर आरोप है कि भाजपा से फंड मिल रहा है। इस पर कहा कि किसी भी दल से एक रुपये भी आया हो तो उसी दिन राजनीति छोड़ देंगे।

# कांग्रेस ने आरएसएस के बयान का किया विरोध

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा है कि देश संविधान से चलेगा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बने हुए विधान से नहीं चलेगा।उन्होने आरएसएस के यह कहे जाने पर कि संविधान से समाजवाद का शब्द हटा देना चाहिए, कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान के खिलाफ ही अभियान चला रही है जबकि कांग्रेस ऐसा कभी होने नहीं देगी।


आशुतोष दीक्षित।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा संविधान की नजर में सब बराबर है और भाजपा को यह मंजूर नहीं है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 1925 में हुई थी लेकिन उसके बाद से उन्होंने देश के लिए कोई काम नहीं किया। आजादी के आंदोलन में इस संगठन का कोई योगदान नहीं है। देश के निर्माण में और संविधान के निर्माण में भी इस संगठन का किसी तरह का कोई योगदान नहीं है। अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तथा भाजपा इधर-उधर की बातें कर रही है और संविधान को बदलने का प्रयास कर रहे हैं। इसके साथ ही यह लोकतंत्र के खिलाफ भी काम कर रहे है।

देश की जनता देख रही है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाजपा और संघ सांप्रदायिकता फैलाने में लगे हैं और यही इनका हथियार है।

# स्टार सीनियर टीम बनी विजेता

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** महात्मा ज्योतिबा फुले स्टेडियम स्थित एस्ट्रोटर्फ हॉकी ग्राउंड पर जिला स्तरीय हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। यह टूर्नामेंट 2 वर्गों में आयोजित किया गया पुरुष एवं महिला।इस टूर्नामेंट में जिले की प्रमुख हॉकी टीमें स्टार सीनियर, ओल्ड वारियर्स, स्टेडियम A, एवं खेलो इंडिया टीम ने भाग लिया।

मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष अन्नू गुप्ता और डॉ. अनुराग दुबे ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में स्टार सीनियर टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओल्ड वारियर्स को 2-1 के अंतर से पराजित कर चैंपियनशिप अपने नाम की। मैच के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव सक्सेना द्वारा विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की गई।


खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते भाजपा जिला अध्यक्ष अन्नू गुप्ता अमृत विचार

- जिला स्तरीय हॉकी चैंपियनशिप का किया गया आयोजन

मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि, "ऐसे टूर्नामेंट न केवल खिलाड़ियों को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि जिले में खेल संस्कृति को भी मजबूती प्रदान करते हैं।"इस कार्यक्रम के साथ हॉकी सचिव जीतेन्द्र सिंह भदौरिया ने डॉ सनी वर्मा, आशीष मिश्रा, अनुग्रह चौहान, संजीव यादव को संगठन मे जोड़ा और नयी जिम्मेदारी दी। इस कार्यक्रम के मुख्य संयोजक डॉ हिमांशु सक्सेना ने इस आयोजन को सफल बनाने में राजीव सक्सेना, नाजिश इकबाल पेंसिव सैल्यूशन्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर रयान पिंटू, जुवर खान, अभिषेक त्रिपाठी, कोच, खुर्शीद आदि का आभार जताया।

# मीटर की लाइट को लेकर हुई कहासुनी

**ताखा।** क्षेत्र के छिरियाहार गांव में मीटर की लाइट को लेकर शुरू हुई कहासुनी ने गंभीर रूप ले लिया। महिला सुलेखा पत्नी गौरव अपने घर के बाहर बैठी थीं। तभी पड़ोसी संतोष सिंह, विश्राम सिंह यादव, अभिषेक और शिवम यादव व राजीव पहुंचे और मीटर की लाइट को लेकर महिला को गालीदेने लगे।

महिला ने विरोध जताने पर सभी लोगों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। महिला के चिल्लाने पर उसे बचाने के लिए उसके चाचा विनोद और देवर अमन पहुंचे। आरोप है कि विपक्षियों ने उन पर भी हमला कर दिया, जिससे दोनों को गंभीर चोटें आईं। इस घटना में महिला की चाची मिथलेश कुमारी की मंगलसूत्र व जंजीर भी गिर गई। घायल चाचा और देवर को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।

## सार-संक्षेप


वन विहार में मौजूद स्वयंसेवक।

### आरएसएस खंड इकदिल में वन विहार कार्यक्रम संपंन

**इकदिल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड इकदिल में वन विहार कार्यक्रम श्री एच के एस डी इंटर कालेज नगला भाग्गी इकदिल में संपन्न हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में स्वयं सेवक उपस्थित रहे । वन विहार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अजय भारती जिला सेवा प्रमुख उपस्थित रहे। इसके अलावा खंड संचालक आदित्य, अजय दीक्षित, पंकज, योगेंद्र, राघवेंद्र, प्रेम नारायण, अमित, खंड प्रचारक योगेश, डॉ .सुशील सम्राट, भानु प्रकाश, अभिनय, आयुष एवं खंड के सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि अजय भारती ने डॉक्टर हेडगेवार जी के जीवन के बारे में एवं हिंदुत्व के बारे में स्वयंसेवकों को बताया गया । कार्यक्रम में लगभग 200 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटनाओं में सात लोग घायल

**इटावा।** जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुईं सड़क दुर्घटनाओं में सात लोग घायल हो गए, घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत पिलखर गांव के पास अनियंत्रित होकर ऑटो पलट गया जिससे ऑटो में सवार रुचि पत्नी दीपेंद्र निवासी विद्या बिहार बकेवर, कल्पना पत्नी शेखर निवासी दुर्गा नगर जसराना जनपद फीरोजाबाद, अश्वनी पुत्र राम प्रताप निवासी महिपालपुर बकेवर घायल हो गए। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत लोहन्ना चौराहे के पास ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गौरव पुत्र कमल सिंह निवासी देवीपुरा सिविल लाइन इटावा घायल हो गया। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत डीपीएस स्कूल के समीप दो बाइकों की आपस में भिड़ंत होने से बाइकों पर सवार संदीप पुत्र सिपाही राम निवासी ग्राम लाखनमऊ थाना बरनाहल जनपद मैनपुरी व गुलशन पुत्र महेश निवासी मोहब्बतपुर करहल जनपद मैनपुरी घायल हो गए। थाना इकदिल क्षेत्र के अंतर्गत चितभवन के पास ऑटो और ट्रैक्टर के बीच हुई भिड़ंत में ऑटो में सवार हरिओम पुत्र विनोद दुबे निवासी अशोक नगर फ्रेंड्स कालोनी घायल हो गया। सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### घर में घुसकर मारपीट का आरोप

**जसवंतनगर।** क्षेत्र के गांव निलोई में तीन लोगों ने घर में घुसकर एक महिला के साथ मारपीट कर अभद्रता की। पीडिता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर उसका डाक्टरी परीक्षण कराया है। उक्त गांव निवासी वर्षा कुमारी ने बताया कि घटना 28 जून की रात करीब 10 बजे की है। उसके अनुसार, तीनों आरोपी जबरन घर में घुसे और उसके पति सोनू तथा देवर सौरभ के साथ मारपीट की। विरोध करने पर उसके साथ भी अभद्रता की गई ।वर्षा कुमारी ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपों की जांच शुरू कर दी है और पीड़ितो का मेडिकल परीक्षण भी कराया गया है।

### झांसी से आए जांच अधिकारी ने गांव जाकर की जांच

**महेवा ।** थाना बकेवर क्षेत्र के ग्राम दांदरपुरा में कथावाचक कांड के बाद पूरे प्रकरण की जांच झांसी परिक्षेत्र में स्थानांतरण होने के बाद वहां से नियुक्त किए गए जांच अधिकारी निरीक्षक थाना प्रभारी पूंछ जे पी पाल अपनी टीम के साथ करीब पांच बजे उक्त ग्राम में पहुंचे तथा परीक्षित जय प्रकाश तिवारी सहित ग्रामीणों से जगह जगह जाकर जानकारी ली वहीं उन्होंने जांच के विषय में अभी ज्यादा कुछ बताने से किनारा किया । जांच अधिकारी श्री पाल ने बताया कि वह घटना की सत्यता जानने सहित घटना स्थल का निरीक्षण करने एवं ग्रामीणों के बयान आदि लेकर रिपोर्ट निर्धारित समय में उच्चाधिकारियों को प्रेषित करेंगे विदित हो कि एस एस पी इटावा द्वारा उक्त दोनों प्रकरण की जांच झांसी परिक्षेत्र में स्थानांतरित किया था जिसकी जांच पूंछ थाना प्रभारी को मिली है वह अपने साथियों सहित पहुंचे तथा दोनों केसों की जांच पड़ताल शुरू की ।

# ईओ के आश्वासन पर सफाई कर्मियों की हड़ताल समाप्त

**भरथना।** बोनस-फण्ड सहित विभिन्न प्रकार के बकाया देयकों के भुगतान हेतु आन्दोलित सफाई कर्मचारियों की हड़ताल पांचवें दिन उपजिलाधिकारी सहित पालिकाध्यक्ष व अधिशाषी अधिकारी के आश्वासन के बाद समाप्त हो गयी। साप्ताहिक अवकाश रविवार को आंशिक सफाई के साथ सोमवार से सभी सफाई कर्मचारी नियमित रूप से कार्य करेगें। स्थानीय नगर पालिका परिषद प्रांगण में सफाई कर्मचारियों की हडताल के पांचवें दिन उपजिलाधिकारी सुशान्त श्रीवास्तव के निर्देश पर पालिकाध्यक्ष अजय कुमार यादव गुल्लू के प्रतिनिधि सार्थक यादव छोटू व अधिशाषी अधिकारी सन्तोष कुमार मिश्रा के द्वारा सफाई कर्मचारियों के प्रतिनिधि मण्डल से वार्ता की गई। अधिशाषी अधिकारी द्वारा इस विषय पर आश्वासन दिया गया कि राज्य वित्त आयोग की धनराशि जैसे ही प्राप्त होगी, उससे वेतन का भुगतान किया जायेगा। इसके बाद सफाई कर्मियों ने अपनी हड़ताल वापस ले ली।

# हत्या के प्रयास में पुलिस ने छह आरोपियों को दबोचा

संवाददाता बसरेहर इटावा

**अमृत विचार।** बसरेहर थाना क्षेत्र के गांव भदवा सावरान में एक व्यक्ति पर जान से मारने की नियत से बेल्चा मारकर घायल करने के मामले में पुलिस ने इस मामले में छह आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था। पुलिस ने क्षेत्र में भ्रमण के दौरान इस मामले में 6 आरोपियों को रिटौली के पास से गिरफ्तार कर लिया।

सीओ सैफई ने बताया कि विमलेश कुमार निवासी थाना बसरेहर द्वारा तहरीर दी गयी। 28 जून रात्रि में उसके भाई को कुछ व्यक्तियों द्वारा बेलचा से सिर व हाथ पर वार कर जान से मारने का प्रयास किया गया तथा उसकी माता के साथ भी मारपीट की गयी। तहरीर के आधार पर थाना बसरेहर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। थाना बसरेहर पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी। इसी दौरान रिटौली पुलिया के पास 6 संदिग्ध व्यक्ति खड़क दिखाई दिये जो पुलिस की जीप को देखकर भागने का प्रयास करने लगे।


जानकारी देते सीओ सैफई।

थानाध्यक्ष बसरेहर सौरभ सिंह ने पुलिस टीम के साथ आरोपियों अभिषेक उर्फ रावण पुत्र सुरेन्द्र सिंह, सुधीर पुत्र जागेश्वर दयाल, राहुल पुत्र जागेश्वर दयाल, धर्मेन्द्र पुत्र होमसिंह निवासी ग्राम नगला लायक बसरेहर, अभिषेक पुत्र रामचरन निवासी ग्राम नगला लायक बसरेहर, अवनीश उर्फ बल्ला पुत्र रघुराज निवासी ग्राम चैनसुख बसरेहर को रिटौली की पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए सभी आरोपियों को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया।

# छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती मनाई गई

**इटावा।** लाला नानक चंद्र ट्रस्ट पूर्व माध्यमिक बालिका विद्यालय नालापार में छत्रपति शाहूजी महाराज की 151 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई।

अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों के साथ बैडमिंटन और ग्रीष्मकालीन नृत्य गायन का प्रशिक्षण ले रहे बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर महासभा के जिला अध्यक्ष अरुण कुमार वर्मा ने छत्रपति शाहूजी महाराज के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि समतामूलक समाज के निर्माता, आरक्षण के जनक और शिक्षा खेल-कूद में विशेष रुचि रखने वाले अपनी प्रजा को इसके लिए प्रेरित करने वाले कुर्मी समाज के कोल्हापुर महाराष्ट्र के महाराजा थे। इसके अतिरिक्त डॉ. श्रीकांत वर्मा, डॉ. स्नेहलता उमराव, डॉ. हरीशंकर पटेल, कविता वर्मा आदि ने बच्चों को छत्रपति शाहूजी महाराज के व्यक्तित्व और कृतित्व के बारे में जानकारी दी । इस अवसर पर अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा इटावा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# हिदायत का चिराग निजात की कश्ती हैं इमाम हुसैन

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** शहीदाने कर्बला की याद में शहर में जहां जगह जगह मजलिसों का आयोजन किया गया और एक मजहबी पुस्तक का विमोचन भी हुआ।

अल्हाज क़मर अब्बास नक़वी करबलाई ने अपने मकान घटिया अज़मत पर मजलिस के बाद मौलाना अबूज़र अब्बास खान, मौलाना अनवारुल हसन जैदी, मौलाना मोहम्मद जौन दिल्ली, हाजी अरशद मरगूब, राहत अक़ील के साथ "सवान हे हयात चौहदरा मासूमीन व ज़मीमा एक नज़र का विमोचन किया, जिसे मोमनीन को वितरित किया गया। इमामबाड़ा घटिया अज़मत अली पर आयोजित मजलिस में तक़रीर करते हुए दिल्ली से आये मौलाना मो. जौन ने कहा इमाम हुसैन के बताए रास्ते पर चलकर ही निजात मिलेगी, हुसैनी मिशन यही है कि इंसानियत के रास्ते पर चलकर मजलूमों, यतीमों की मदद करो। मकसदे हुसैन है कि नफरतों को दूर कर आपसी सौहार्द के साथ जिंदगी गुजरो। इमाम हुसैन हिदायत का चिराग और निजात की कश्ती हैं। अब हमें इस बात पर गौर करना होगा कि हम उस रास्ते पर चल रहे हैं जैसा इमाम हुसैन चाहते हैं।


पुस्तक का विमोचन करते अतिथि।

अंजुमन हैदरी कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शावेज़ नक़वी के अनुसार आलमपुरा में शारिक सगीर शानू व नजमुल हसन, दरगाह मौला अब्बास महेरे पर रजी हैदर, नोरंगाबाद में राशिद के घर, साबितगंज में स्व. मुहाफ़िज़ हुसैन के घर, आलमपुरा में अयाज हुसैन व अरसलान हुसैन नक़वी द्वारा मजलिसों का आयोजन हुआ।

भक्ति भावना

भक्तों में दिखा जबरदस्त उत्साह, रास्ते भर नाचते, गाते व झूमते रहे भक्त गण

# नगर संकीर्तन यात्रा पर भक्तों ने की पुष्प वर्षा

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल इटावा शाखा के तत्वावधान में माह के अंतिम रविवार को निकाली जाने वाली नगर संकीर्तन यात्रा शहर के लालपुरा तिराहा स्थित पीपल वाले हनुमानजी मंदिर से बड़े ही धूमधाम एवं गाजे बाजे के साथ निकाली गई। यात्रा मार्ग में भक्त श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर भगवान श्री राधा माधव युगल सरकार की आरती उतारी और प्रसाद भी वितरण किया।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार मंडल से जुड़े सदस्यगण प्रातःकाल पीपल वाले हनुमानजी मंदिर पर पहुंचे जहां कमल चौधरी ने यजमान के रूप में श्री राधामाधव युगल सरकार एवं पधारे हुए सभी भक्त श्रद्धालुओं का स्वागत किया, इसके बाद युगल सरकार का डोला कांधे पर रखकर श्री हरिनाम संकीर्तन के साथ जयघोष कर यात्रा आरम्भ हुई जो लालपुरा, गाड़ीपुरा क्षेत्र के गली मार्गों से ढोल नगाड़े बजाते हुए भ्रमण करते निकली, जहां रास्ते में पड़ने वाले घरों के भक्त श्रद्धालुओं ने जमकर पुष्प वर्षा की तथा श्री राधा माधव युगल सरकार भगवान की आरती उतारी तथा प्रसाद के रूप में शीतल पेय, फ्रूटी, बिस्किट, लड्डू, पेड़ा, बर्फी, बूंदी, पेठा, पंचामृत, केला, आम फल आदि का बड़े ही उत्साह एवं भक्तिभाव से भक्तों में वितरण किया। इसके बाद यात्रा पुनः पीपल वाले हनुमानजी मंदिर पर पहुंची, जहां सभी भक्तों को पूड़ी सब्जी का प्रसाद ग्रहण कराया।


संकीर्तन यात्रा में भाग लेते श्रद्धालु। अमृत विचार

यात्रा को सफल बनाने में शाखा के अध्यक्ष राकेश चंद्र पाठक, मंत्री विष्णु नारायन शोरावाल, कोषाध्यक्ष राम मनोहर दीक्षित, राजेश वाजपेई, राजेंद्र सिंह वर्मा, गोविंद किशोर वाजपेई, कृपनारायण तिवारी, जगन्नाथ प्रसाद अग्रवाल, अवनेश कुमार तिवारी, राम कुमार दुबे, नरेश चंद्र यादव, राजीव कुमार मिश्रा, कुलदीप अवस्थी, अरविंद यादव सभासद, कमल किशोर वाजपेई, केशव अग्रवाल, राजीव अवस्थी, प्रभाकर त्रिपाठी, विजय शंकर दीक्षित, देवेश शास्त्री, सभासद शरद वाजपेई, आदेश सक्सेना, डा. प्रणव दीक्षित, लालजी आदि विशेष रूप से सहयोगी रहे।

# पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जसवंतनगर।** अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर एक नवविवाहिता को ससुराल वालों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की शिकायत पर पति समेत पांच लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया है। होमगंज निवासी नेहा ने बताया कि उसकी शादी 20 जनवरी 2024 को न्यू आगरा के दयालबाग निवासी ललित से हुई थी। नेहा की मां ने शादी में 15 लाख रुपये नकद व अन्य सामान दिया था। इसके बावजूद ससुराल पक्ष 5 लाख रुपये नकद व 3 तोला सोने का हार और मांगने लगे। मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट की और घर से निकाल दिया। निरीक्षक रामसहाय सिंह ने बताया कि नेहा की तहरीर पर पति ललित गुप्ता, ससुर राजकुमार गुप्ता, ननद पूर्णिमा व मनीषा और नंदोई वनर्जी गुप्ता पर मामला दर्ज किया।

# भाजपाइयों ने पौधा लगाकर सुनी मोदी की मन की बात

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार ।** बढ़पुरा मंडल के मानिकपुर बिसु शक्तिकेंद्र के बूथ पर भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता ने एक पेड मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। इसके साथ ही बूथ पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात भी सुनी। उन्होंने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

ब्लाक प्रमुख बढ़पुरा गणेश राजपूत के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि सरकारी योजनाओं के बारे में बात करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने बताया कि अभी इंटरनेशनल लेबल ऑर्गनाइजेशन की रिपोर्ट आई है, इसमें सामने आया है कि देश के 95 करोड़ लोग किसी न किसी सरकारी योजना का लाभ उठा रहे हैं। विमल भदौरिया ने बताया कि इमरजेंसी लगाने वालों ने ना सिर्फ हमारे संविधान की हत्या की बल्कि उनका इरादा न्यायपालिका को भी अपना गुलाम बनाए रखने का था। पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया ने कहा कि इससे पहले पीएम मोदी ने मन की बात में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बात की थी। संचालन कुलदीप पाण्डेय ने किया। ब्लॉक प्रमुख बढ़पुरा गणेश राजपूत, वरिष्ठ भाजपा नेता जय सिंह राजपूत, एडवोकेट सीपू चौधरी, इरशाद अली टिंकू, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, समीर सक्सेना, सनी शर्मा, मानिकपुर प्रधान योगी आदि रहे।


पौधारोपण करते भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता व अन्य । अमृत विचार

# दूध भरा टैंकर पलटा, बाल-बाल बचा ड्राइवर

संवाददाता, अजीतमल (औरैया)


हाईवे पर पलटा टैंकर। अमृत विचार

- गुजरात से लखनऊ जा रहा था अमूल कंपनी का टैंकर
- दूध फैलने से टैंकर के आसपास गड्ढों में भरा दूध

**अमृत विचार।** कस्बे के बिजली घर के पास हाईवे पर आए दिन किसी न किसी वाहन के पलटने या आपस में टक्कर होने से बिजली घर के आसपास 100 मीटर का दायरा एक्सीडेंट के लिए ब्लॉक स्पॉट बनता जा रहा है। अभी एक सप्ताह ही हुआ था। डीसीएम पलटने के बाद शनिवार की रात उसी ब्लैक स्पॉट पर एक दूध से भरा टैंकर पलट गया। टैंकर पलटने से हजारों लीटर दूध बह गया। दुर्घटना में टैंकर ड्राइवर बाल- बाल बच गया।

अजीतमल कस्बे के हाईवे पर बिजली घर के पास एक्सीडेंट के लिए ब्लॉक ब्लैक स्पॉट बनता जा रहा 100 मीटर का दायरा लोगों को दहशत में डाल रहा है। हाईवे के किनारे बने मकानो के बाशिंदे ईश्वर से सकुशल से रहने की कामना कर रहे है।अभी एक सप्ताह ही हुआ था कि बिजली के तारों के भारी बंडलों से लदी डीसीएम दूसरे ट्रक में टक्कर मारते हुए इसी स्पॉट पर हाई टेंशन लाइन को बचाते हुए पेड़ से टकराकर मकान के किनारे पलट गई थी जिसमें डीसीएम चालक सकुशल बच गया और बड़ा हादसा टल गया था। शनिवार की देर रात्रि करीब 9 बजे इसी स्पॉट पर एक दूध से भरा टैंकर पलट गया। गुजरात के सनादर से अमूल कंपनी के लिए दूध लेकर लखनऊ के लिए निकले दो टैंकर जिनमें करीब 30 टन दूध भरा था। एक टैंकर बनारस निवासी पिंटू चला रहा था और दूसरा टैंकर आजमगढ़ निवासी सुजीत यादव चल रहा था। जैसे ही टैंकर अजीतमल कस्बे के बिजली घर के पास पहुंचे तभी सुजीत का टैंकर अनियंत्रित होकर हाई टेंशन पोल को बचाते हुए खाली खड़े बिजली के खंबे को तोड़ते हुए राघवेंद्र दुबे के मकान के पास पलट गया। दुर्घटना में मकान के बाहर खड़ी कारे व हाईवे से निकल रहे वाहन व लोग बाल बाल बच गए। घटना के बाद लोगों ने दौड़कर केविन में फंसे ड्राइवर को सकुशल बाहर निकाला। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की वही दूध से भरा टैंकर पलटने की जानकारी पर आसपास के लोगो ने फैल रहे दूध को बर्तनों, टंकियां में भर लिया फिर भी दूध फैलने से ट्रक के आसपास कई मीटर दायरे में दूध का तालाब सा बन गया।

# मुख्यमंत्री का आदेश भी नहीं मान रहे जिम्मेदार, नहीं हटे अवैध टेंपो स्टैंड

संवाददाता, फफूंद, औरैया


सड़क पर खड़े ऑटो। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सड़क हादसे में कमी लाने और अवैध कब्जों को हटाने के लिए बीते दिनों सीएम योगी ने सड़कों पर संचालित हो रहे अवैध टैक्सी स्टैंड को हटाने की शुरुआत की थी। सीएम के आदेश के बाद कुछ दिनों तक पुलिस हरकत में रही आदेश जैसे-जैसे पुराना होता गया।

पुलिस ढीली होती गई और मुख्यमंत्री के आदेशों की धज्जियां उड़ने लगीं। विदित हो कि कस्बा फफूंद में अछल्दा चौराहा फफूंद पर बाबरपुर रोड, औरैया रोड, दिबियापुर रोड एवं ख्याली दास आश्रम से दिबियापुर रोड तथा फफूंद से पाता रोड आदि रोडो पर अवैध टेंपो स्टैंड बनाकर खड़े होकर सवारियां भरकर ले जाते हैं। लोगों में चर्चा है कि थाना फफूंद का स्टाफ इन टेंपो स्टैंड वालों से मिली भगत करते हैं। नगर लोगों ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि अभिलंब अवैध टेंपो स्टेंडों को हटवाया जाए।

## एक नजर

### सड़क पर फैलाई मक्का, बाइक फिसलने से दंपती घायल

**अछल्दा, औरैया।** अछल्दा-बिधूना मार्ग पर तेजपुर गांव के सामने एक किसान द्वारा सड़क पर सूखने के लिए डाली गई मक्का रात में हादसे का कारण बन गई। अंधेरे में मक्का न देख पाने के चलते बाइक सवार यतेंद्र कुमार और उनकी पत्नी शीलू अजीतमल से वापस बिधूना जा रहे तभी बाइक मक्का के ऊपर चढ़ गई बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई और दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले भी बाइक सवार फिसल कर गिर चुके हैं ये हादसे का कारण न बन जाएं। हादसे के बाद राहगीरों ने घायल युवक को एम्बुलेंस चालक विकास कुमार की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अछल्दा पहुंचाया, जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### बकरी चराने गई बालिका को सर्प ने डसा, भर्ती

**अयाना।** थाना के गांव जसवंतपुर निवासी राजवीर सिंह की बेटी पल्लवी 8 रविवार सुबह सात बजे के करीब अपनी दादी कृष्ण कुमारी के साथ खेतों पर बकरियां चराने गई थी। बकरी चराने के दौरान बालिका के पैर में सर्प ने डस लिया। बालिका के चीखने पर पास में रेंगते दिखे सर्प को मार दिया। परिजन उसे उपचार के लिए सीएचसी अयाना ले आए। यहां अधीक्षक डॉ. सुनील कुमार शर्मा ने उसका उपचार किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक ने बताया कि बालिका की हालत में सुधार है। उसे 24 घंटे तक डॉक्टर की निगरानी में रखा जाएगा।

### गायत्री परिवार के प्रभारी के निधन पर बाजार रहा बंद

**अछल्दा, औरैया।** कस्बा के हरीगंज बाजार निवासी गायत्री परिवार के शाखा प्रभारी और समाजसेवी मनोज गुप्ता कैंसर की बीमारी के चलते रविवार सुबह उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्विद्यालय सैफई में चल रहे उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना आते ही व्यापारियों ने कारोबार बंद रखे। अपराह्न को शव आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। व्यापारियों और गायत्री परिवार के बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर उन्हें नमन किया। समाजसेवी के असमय जाने से लोग स्तब्ध हैं।

### तमंचा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बिवांर (हमीरपुर)।** थाना के टीहर गांव निवासी वीर सिंह पुत्र मोहनलाल रात करीब 11 बजे चिकसोना गांव को जाने वाले रास्ते में संदिग्ध हालत में खड़ा था। किसी कार्य से गए कुनेहटा चौकी प्रभारी अखिलेश प्रसाद को देख आरोपी भागने लगा। शक होने पर पुलिस ने उसका पीछा कर दबोच लिया। तलाशी में 315 बोर का तमंचा बरामद किया है। पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## तीन मोहल्लों में हुई सघन विद्युत चेकिंग, 6 घरों में पकड़ी गई बिजली चोरी

# विद्युत विभाग टीम ने की छापेमारी, 13 लाख वसूले

कार्यालय संवाददाता, औरैया


चेकिंग करती विद्युत विभाग की टीम। अमृत विचार


विद्युत पोल को ठीक करते कर्मचारी।

**अमृत विचार।** विद्युत विभाग की टीम ने रविवार को शहर के तीन मोहल्लों में वसूली अभियान चलाया। इस दौरान टीम को देखकर हड़कंप मच गया। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर शहर के बनारसीदास, नरायनपुर एवं गोविन्दनगर मोहल्ले में राजस्व वसूली के लिए विद्युत बकायेदारों के मेगा डिस्कनेशन अभियान चलाया गया।

अभियान का औचक निरीक्षण अधीक्षण अभियन्ता औरैया द्वारा किया गया। 85 बकायेदार उपभोक्ताओं से (51 लाख) अधिक बकाया होने पर कनेक्शन विच्छेदित किये गए। इसमें एक लाख से अधिक के बिल बकाया होने पर 9 मीटर केबल काटी गईं, विच्छेदित लोगों में से 32 लोगों द्वारा 13 लाख का पूर्ण अथवा आंशिक भुगतान किया गया। 6 उपभोक्ताओं द्वारा बिजली चोरी करते पाये जाने पर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की गई। कहा कि सम्मानित उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि समय से बिजली बिल का भुगतान कर विच्छेदन से होने वाले असुविधा से बचें। समय से बिजली बिल जमा करें, राष्ट्रहित में बिजली बचाएं।

### बंदर के हिलाने से लाइन में खराबी, 2 घंटे गुल रही बिजली

**अछल्दा, औरैया।** कस्बा के सराय बाजार के मोहल्ले में प्राइमरी स्कूल से लगे बिजली के पोल को बंदर ने जोर से हिला दिया। इस घटना के चलते मोहल्ले की आपूर्ति लाइन प्रभावित हो गई और करीब एक दर्जन घरों में बिजली गुल हो गई। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही बिजली कर्मचारी प्रवीण शाक्य मौके पर पहुंचे और करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद पोल और लाइन को दुरुस्त कर बिजली सप्लाई बहाल की गई। इस दौरान गर्मी और उमस से लोग बेहाल रहे। मोहल्ले वालों ने बिजली विभाग की त्वरित कार्रवाई की सराहना की है।

# अज्ञात कारणों के चलते युवती ने लगाई फांसी, मौत

**मौदहा (हमीरपुर)।** सूना घर पाकर युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम किशनपुर रमना निवासी स्व.रजवा पाल की पुत्री मधु पाल (18) ने सूना घर पाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने जब उसे फांसी के फंदे में लटका देखा तो हक्के बक्के रह गए। आनन फानन में युवती को फंदे से उतारा, तब तक युवती की मौत हो गई थी। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतका अपने घर में चार लड़की दो लड़कों में चौथे नंबर की थी। मृतका के पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। मृतका का परिवार गरीबी में जी रहा था। मृतका मानसिक विक्षिप्त के साथ ही किडनी स्टोन की बीमारी से ग्रसित थी। जिसका पैसों के आभाव में इलाज नहीं हो पा रहा था। सम्भवतः आत्महत्या का यही कारण हो सकता है। घर में हुई इस घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया है और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# वाणिज्य कर अधिकारी ने सरसों लदा ट्रक पकड़ा

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

- सवा लाख रुपये की जीएसटी चोरी की योजना हुई फेल
- मंडी सचिव व कर्मचारियों की मिलीभगत से चल रहा खेल

**अमृत विचार।** शनिवार रात कस्बे के नवीन गल्ला मंडी से सरसों लाद कर बिहार जा रहे ट्रक को वाणिज्य कर अधिकारी ने बांदा मार्ग पर पकड़ लिया। चालक के पास सरसों की जगह गेहूं के कागजात थे। वाणिज्य कर अधिकारी ने ट्रक को कब्जे में लिया है। चर्चा है कि यह पूरा खेल मंडी के अधिकारियों की मिलीभगत से हो रहा है। इस सप्ताह यह दूसरी गाड़ी है जिसे वाणिज्य कर विभाग ने पकड़ी है।

शनिवार की रात नवीन गल्ला मंडी में संचालित श्रीबिहारी जी ट्रेडर्स से एक ट्रक पीला सरसों लादकर गेहूं का गेट पास लेकर मेसर्स लक्ष्मी गल्ला भंडार पटना बिहार के लिए रवाना हुआ। यमुना पुल बंद होने पर ट्रक बांदा मार्ग से होकर जा रहा था। सचल दल के वाणिज्य कर अधिकारी स्वतंत्र सिंह ने बांदा मार्ग पर इस ट्रक को रोककर कागजात मांगे। ट्रक चालक ने मंडी सहायक सुनील कुमार ओझा द्वारा जारी गेट पास वाणिज्य कर अधिकारी को प्रस्तुत किया। इस पर उन्हें शंका हुई। उन्होंने जब ट्रक में लदे बोरों की जांच कराई तो पता चला कि इसमें गेहूं की बजाय सरसों लदा हुआ है। इस पर उन्होंने ट्रक को कब्जे में लेकर सीज कर दिया है। बता दें कि गेहूं में जीएसटी शून्य है। जबकि तिलहन (सरसों) में पांच प्रतिशत जीएसटी देय है। व्यापारी ने टैक्स चोरी करने के लिए मंडी अधिकारियों से मिलीभगत कर यह खेल किया था। पकड़े गए सरसों के कीमत लगभग 24 लाख रुपये है। इस लिहाज से करीब सवा लाख रुपये की जीएसटी बनती है। इसी जीएसटी को गेहूं के कागजात बनवाकर चोरी किया जा रहा था। व्यापारी ने गेहूं के कागजात की आड़ में मंडी शुल्क की भी चोरी की है। गेहूं का मंडी शुल्क करीब 11 हजार रुपये बनता है। जबकि सरसों का मंडी टैक्स 36 हजार रुपये होता है। 25 हजार रुपये की मंडी टैक्स की भी चोरी की गई है। मंडी सचिव ब्रजेश कुमार निगम ने बताया कि कर्मचारियों की कमी होने के चलते ट्रक लोड होते समय जींस की जांच कर पाना संभव नहीं हो पता है।

# भक्ति का मार्ग भगवान और माया का संसार की ओर जाता

दिबियापुर, औरैया


कथा का रसपान करते श्रद्धालु। अमृत विचार



कथा सुनाते बालव्यास बिट्ठल त्रिपाठी।

**अमृत विचार।** बेला रोड स्थित मां पीताम्बरा वाटिका में श्रीजी फाउंडेशन की ओर से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के सप्तम दिवस रविवार को वृंदावन से आए बालव्यास बिट्ठल त्रिपाठी ने भगवान के विवाहों की कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान ने अष्टधा प्रकृतियों से विवाह किया और गृहस्थ धर्म में आकर समस्त मानव समाज का मार्गदर्शन किया। जीवन में गृहस्थ धर्म सबसे बड़ा धर्म है। जिसका निर्वाह करना हमारा दायित्व और धर्म है। व्यास बिट्ठल त्रिपाठी ने बताया कि भगवान ने जीवन में हमें सत्य के मार्ग पर चलने का रास्ता दिखाया, धर्म से जुड़ने का रास्ता दिखाया और सभी को भक्ति का मार्ग दिखाया। भक्ति मार्ग से चलोगे भगवान को पाओगे माया का रास्ता संसार की ओर जाता है और आगे कथा में सुदामा के चरित्र का वर्णन किया। एक निर्धन गरीब ब्राह्मण को भगवान ने अपार मान-सम्मान दिया, अपने हृदय से लगाया और समाज को दिशा दी। प्रेम में कोई बड़ा-छोटा नहीं होता है चाहे वह गरीब हो चाहे वह अमीर हो। मित्रता में समानता होती है, समानता का व्यवहार होता है क्योंकि जीवन में न कुछ लेकर आए हो न कुछ लेकर जाओगे। अच्छा व्यवहार करके जाओगे तो आपका नाम सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएगा। इस अवसर पर परीक्षित बालकृष्ण त्रिपाठी एवं जगमोहन त्रिपाठी, शिवनरेश तिवारी, शुभम अवस्थी, सोनू तिवारी, शिवा शर्मा मौजूद रहे।

# काली माता मंदिर व सार्वजनिक मार्गों में रोपे पौधे

कार्यालय संवाददाता, औरैया


पौधरोपण करते संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** एक विचित्र पहल सेवा समिति द्वारा पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सार्वजनिक स्थानों व धार्मिक स्थलों को क्लीन व ग्रीन रखने के उद्देश्य से शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में विगत 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस से जीवनधारा पौधरोपण अभियान चलाया। अभियान के तहत 5100 पौधों के रोपण का लक्ष्य है। रविवार को प्रात : 8 बजे समिति के सदस्यों द्वारा मोहल्ला नरायनपुर, औरैया में स्थित काली माता मंदिर प्रांगण की साफ-सफाई के उपरांत पौधरोपण अभियान चलाया, जिसके तहत पकड़िया, बेलपत्र, बरगद, गुड़हल, पीपल, नीम, गुलाब व चितवन आदि के पौधों का पौधरोपण किया, पौधों की सुरक्षा व देखभाल की जिम्मेदारी मंदिर के सेवादारों को सौंप गई, जीवन धारा पौधरोपण अभियान में समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी पेड़ पौधे हमें स्वस्थ व प्रसन्नचित्र मुद्रा के साथ सदैव मुस्कुराने की प्रेरणा देते हैं। पेड़ पौधे हमारी प्राकृतिक धरोहर हैं, उनकी देखभाल व सुरक्षा हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। समिति के अध्यक्ष राजीव पोरवाल (रानू) ने कहा कि पेड़ पौधों के बिना मानव जीवन संभव नहीं है, लोगों को अधिक से अधिक पौधों का पौधारोपण कर प्रकृति का श्रृंगार करना चाहिए। जीवनधारा पौधारोपण अभियान में यमुना तट, मंगला काली व देवकली मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, सार्वजनिक पार्कों-मार्गो, स्कूलों महाविद्यालयों व सार्वजनिक स्थानों, मार्गो व मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, स्कूल, कॉलेजों, महाविद्यालयों आदि स्थानों पर देखभाल के साथ लक्ष्य-5100 पौधों का पौधारोपण प्रस्तावित है, पधारोपण के साथ-साथ लोगों को उनके मनपसंद के पौधों का भी निःशुल्क वितरण समिति द्वारा किया जा रहा हैं। पौधारोपण अभियान में प्रमुख से समिति के अध्यक्ष राजीव पोरवाल (रानू), शिक्षक अमित गुप्ता, अनूप बिश्नोई, समाजसेवी अखिलेश पोरवाल, पंकज बिश्नोई, पर्यावरण प्रहरी मनीष पुरवार (हीरू), महेश सिंह कुशवाहा, कृष्ण गोपाल पोरवाल, श्याम कुमार बरसैयां, अरविंद कुमार गुप्ता, हिमांशु दुबे, शिशिर कुमार गुप्ता, महादेव बिश्नोई, रामनरेश द्विवेदी व सतीश पोरवाल आदि पर्यावरण प्रेमी मौजूद रहे।

**मांग** — एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन ने सीएम को भेजा ज्ञापन

# कीटनाशक दवाओं की बिक्री को लेकर व्यापारियों ने उठाए सवाल

कार्यालय संवाददाता, औरैया


ज्ञापन देते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** एग्रो इनपुट डीलर्स एसो. के पदाधिकारियों व सदस्यों ने रविवार को संयुक्त रूप से विभाग द्वारा उनके व्यापारियों के ऊपर किए जा रहे प्रताड़ना के व्यवहार से परेशान होकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में खाद्य सुरक्षा अधिकारी को सौंपा गया।

जिसमें उनके द्वारा मांग की गई कि जिस प्रकार से लाइसेंस निरस्त करने एवं निलंबित करने की कार्रवाई की जा रही है उसे रोका जाए। एग्रो इनपुट डीलर्स एसो. के प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल शर्मा एवं जिलाध्यक्ष आलोक चतुर्वेदी के नेतृत्व में जनपद के बीज, खाद एवं कृषि दवाओं के व्यापारियों ने ककोर मुख्यालय पर प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई निर्माता कम्पनियों द्वारा भी उनका शोषण किया जा रहा है। जिसे रोका जाए। बताया कि यूरिया 242 से लेकर 245 तक होलसेलर को बिल किया जा रहा है और इस पर केवल चार से पांच रुपये ही भाड़ा दिया जा रहा है जबकि भाड़ा 25 से लेकर 30 रुपये तक आ रहा है। इसके अलावा लोडिंग एवं अनलोडिंग का भी 10 रुपये लग रहा है जबकि भारत सरकार के नियमों के अनुसार सभी खाद रिटेलर के गोदाम तक एफओआर सुविधा के तहत पहुंचनी चाहिए लेकिन कोई भी कंपनी उसे नहीं दे रही है। इसके अलावा 30 से लेकर 40 प्रतिशत तक अन्य उत्पाद भी टैगिंग किए जा रहे हैं वह जबरन दिया गया है। अन्य उत्पाद व्यापारियों के गोदाम में पड़ा रह जाता है और उसके कारण उनकी लागत बढ़ती जा रही है। ऐसे में सरकार द्वारा निर्धारित दर 255.50 पर यूरिया किसानों को कैसे दी जाए जबकि व्यापारी को नहीं मिल रही है।

बताया जाता है कि यही स्थित डीएपी एवं एनपीके आदि की है। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि विभाग द्वारा कीट नाशक की गुणवत्ता पर सवाल उठाकर व्यापारी के खिलाफ लाइसेंस निलंबन और मुकदमे की कार्रवाई की जा रही है जबकि उनकी बिक्री परमीशन लखनऊ से ही होती है और सभी के गोदाम भी वहीं पर है। क्या उनकी वहां बगैर जांच किए परमीशन दी जा रही है। मांग की कि कीटनाशक अधिनियम के तहत व्यापारियों को यह साबित करने के लिए समय दिया जाना चाहिए कि उसने कंपनी के मूल उत्पादन में बिना छेड़छाड़ किए माल बेचा है तो संपूर्ण जबाबदेही निर्माता कंपनी की है न कि विक्रेता की। इस मौके पर मुख्य रूप से पुनीत शर्मा, राजीव शाक्य, सौरभ गुप्ता, महावीर शाक्य, शिवशरन तिवारी, आदित्य पांडेय, रिंकू पाल, मोहित बाजपेई एवं शिवा शाक्य के अलावा आधा सैकड़ा से अधिक व्यापारी मौजूद रहे।

# सभी को फलदार पौधे लगाने चाहिए

संवाददाता, फफूंद, औरैया


राज्यमंत्री का स्वागत करते पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सरकार के मद्य निषेध परिषद के उपाध्यक्ष दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री बृजेश शुक्ला का रविवार को नगर के महेश्वरी गेस्ट हाउस में भाजपा नेता योगेश त्रिपाठी के नेतृत्व में स्वागत समारोह हुआ।

कार्यक्रम में आए राज्य मंत्री बृजेश शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार सबको साथ लेकर चलने वाली पार्टी है, यहां छोटे से कार्यकताओं को कब कौन सा पद दे दिया जाए यह किसी को पता नहीं होता है। जिसके बाद उन्होंने आम का पौधा लगाया और कहा कि सभी को फलदार पौधा लगाना चाहिए साथ ही उसकी देख भाल भी करनी चाहिए। भाजपा जिलाध्यक्ष सर्वेश कठेरिया ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को एक जुट होकर पार्टी की नीतियों को घर घर जाकर बताए और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाये। तथा एक एक पौधा अपनी मां के नाम से लगाये और उसकी देख भाल भी करें। भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद मिश्रा ने पांच सूत्रीय क्षेत्र के विकास के लिए मांग पत्र दिया। जिसमें नगर में प्रस्तावित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का शीघ्र निर्माण कराए जाने हेतु, शेरपुर सरैया व देवरपुर की अधूरी पड़ी सड़कों के निर्माण हेतु, पक्का तालाब के पास स्थित शमशान घाट के सौंदर्यीकरण व चार दिवारी के निर्माण हेतु, पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड हेतु नगर में ही कैंप में लगवाए जाने के लिए ज्ञापन दिया। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष गोविन्द मिश्रा, योगेश त्रिपाठी, जिला महामंत्री कौशल किशोर राजपूत, मिथलेश राजपूत, अखिलेश पाल, विकास पांडेय आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### सड़कों के किनारे लगाए जाएंगे 1.14 करोड़ पौधे

**अमृत विचार, लखनऊ :** वन महोत्सव (1 से 7 जुलाई) के दौरान पूरे प्रदेश में 35 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। इसमें से 1.14 करोड़ पौधे सड़कों के किनारे लगेंगे, जिसमें यूपीडा की ओर से एक्सप्रेसवे के समीप भी 2.50 लाख पौधों का रोपण किया जाएगा। पौधरोपण महाभियान-2025 के मिशन निदेशक दीपक कुमार ने बताया कि 35 करोड़ पौधों के रोपण के लिए सारी तैयारियां पूरी हो गई हैं। शनिवार को मुख्यमंत्री ने इस संदर्भ में विभागीय अधिकारियों की बैठक ली थी। वन विभाग की तरफ से सड़कों के किनारे 1.14 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। वहीं एक्सप्रेसवे के किनारे यूपीडा को 2.50 लाख पौधरोपण की जिम्मेदारी दी गई है। सभी के सहयोग से मिलकर उत्तर प्रदेश को हरित प्रदेश बनाने की तरफ तेजी से अग्रसर हैं।

# 75 गोशालाएं बनेंगी आत्मनिर्भर, मिलेगा रोजगार

## सभी जिलों में खुलेंगी पंचगव्य औषधि, गो पेंट और जैविक खाद इकाइयां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एक जनपद-एक नवाचार मॉडल से युवाओं और महिला समूहों को सशक्त बनाने की तैयारी

**अमृत विचार :** योगी सरकार 'एक जनपद-एक नवाचार मॉडल' से मजबूत ग्रामीण अर्थव्यवस्था और रोजगार देने जा रही है। सभी जिलों में पंचगव्य औषधि, गो-पेंट और जैविक खाद प्रसंस्करण इकाइयां खुलेंगी। इसके लिए हर जिले से एक-एक गोशाला का चयन किया गया है, जिन्हें आत्मनिर्भर गोशालाओं के रूप में विकसित किया जाएगा।

सरकार ने हर जिले की स्थानीय विशेषता के अनुसार, गांवों में नवाचार की नीति तैयार की है। इसके तहत महिला स्वयं सहायता समूहों और युवाओं को प्रशिक्षण देकर पंचगव्य से बने उत्पाद, गोबर से बने ब्लॉक, बायोगैस, गोमूत्र औषधि, जैव बीज इत्यादि के निर्माण और बिक्री में लगाया जाएगा। एक जनपद-एक नवाचार मॉडल को लागू करते हुए हर जिले में उसके अनुरूप नवाचार करने की योजना बनाई गई है। इससे न केवल स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग होगा, बल्कि युवाओं को भी स्वरोजगार की दिशा में ठोस अवसर मिलेंगे।

उप्र. गो सेवा आयोग के ओएसडी डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि प्रत्येक जिले से एक गोशाला का चयन कर उसे आत्मनिर्भर गोशाला के रूप में विकसित करने की योजना बनाई गई है। इन गोशालाओं को न केवल गो संरक्षण का केंद्र बनाया जाएगा, बल्कि इन्हें पंचगव्य आधारित उत्पादन का हब भी बनाया जाएगा।

### स्थानीय समूहों को मिलेगा प्रशिक्षण

गोशालाओं के माध्यम से स्थानीय युवाओं और महिला समूहों को प्रशिक्षित कर उन्हें प्रसंस्करण, पैकेजिंग और विपणन से जोड़ा जाएगा। इससे ग्रामीण युवाओं को उनके गांव में ही स्वरोजगार मिलेगा और पलायन रुकेगा।

### बायोगैस संयंत्र और गोबर ब्लॉक होंगे शुरू

चयनित गोशालाओं में बायोगैस संयंत्रों की स्थापना की जाएगी, जिससे स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन होगा। साथ ही गोबर से बने ईंटनुमा ब्लॉक भी तैयार किए जाएंगे, जिनका उपयोग निर्माण कार्यों और ईंधन के रूप में किया जा सकेगा।

# राष्ट्रपति की मेजबानी को गोरखपुर तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दो दिवसीय दौरे पर आज आएंगी राष्ट्रपति
- एम्स गोरखपुर के प्रथम दीक्षांत समारोह और आयुष विवि के लोकार्पण कार्यक्रम में होंगी शामिल



**अमृत विचार :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के आगमन और उनके दो दिवसीय कार्यक्रमों के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मेजबानी में गोरखपुर इतिहास रचने को तैयार है। राष्ट्रपति न केवल तीन बड़े संस्थानों के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शामिल होंगी बल्कि गोरखपुर एयरपोर्ट पर उतरने के बाद 129 किमी की दूरी सड़क मार्ग से तय करेंगी। राष्ट्रपति गोरखपुर में हर गंतव्य तक सड़क मार्ग से ही जाएंगी।

राष्ट्रपति सोमवार को दोपहर में गोरखपुर आएंगी और अगले दिन मंगलवार की शाम प्रस्थान करेंगी। सोमवार को वह अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) गोरखपुर के प्रथम दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होकर मेधावियों को पदक प्रदान करेंगी। जबकि 1 जुलाई को पूर्वाह्न राज्य के पहले महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय, पिपरी भटहट का लोकार्पण और अपराह्न महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय आरोग्यधाम, सोनबरसा में अकादमिक भवन, ऑडिटोरियम, पंचकर्म का लोकार्पण तथा गर्ल्स हॉस्टल का शिलान्यास करेंगी। इसके अलावा वह दोनों दिन अलग-अलग समय गोरखनाथ मंदिर जाएंगी। गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन और प्रसाद ग्रहण का भी कार्यक्रम है।

मुख्यमंत्री योगी अपने आठ वर्ष के कार्यकाल में चौथी बार गोरखपुर में राष्ट्रपति की अगवानी करने जा रहे हैं। इसके पहले तीन बार तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को गोरखपुर में आमंत्रित कर चुके हैं।

# आठ आईएएस अफसरों के तबादले

## आलोक कुमार बने सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ट्रांसफर किए गए अधिकारियों को आज से ही अपने नए पदों का कार्यभार संभालने के निर्देश

**अमृत विचार :** उप्र. में पुलिस महकमे के बाद अब प्रशासनिक अधिकारियों में फेरबदल किया गया है। राज्य सरकार ने पांच आईपीएस के बाद आठ आईएएस और 15 पीसीएस अफसरों के तबादले किए हैं। आईएएस अफसरों के ट्रांसफर के क्रम में मुख्यमंत्री के सचिव रहे राकेश कुमार सिंह-2 को मुख्य कार्यपालक अधिकारी यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण बनाया गया। साथ में मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का भी पदभार दिया गया। जितेंद्र कुमार रिटायर हो रहे हैं, उनका कार्यभार आलोक कुमार को दिया गया है। ट्रांसफर किए गए अधिकारियों को सोमवार से ही अपने नए पदों का कार्यभार संभालने के निर्देश हैं।

तबादलों की इस कड़ी में बीते दिनों प्रतीक्षारत किए गए भवानी सिंह खंगारौत को विशेष सचिव राजस्व बनाया गया है। तबादला सूची के अनुसार प्रमुख सचिव नियोजन तथा कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग आलोक कुमार को वर्तमान पद के साथ प्रमुख सचिव, पुनर्गठन समय, भाषा, राष्ट्रीय एकीकरण तथा सामान्य प्रशासन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन एवं निदेशक, हिंदी संस्थान के पद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। गृह विभाग में विशेष सचिव रहे योगेश कुमार को प्रभारी आयुक्त एवं निबंधक, सहकारी समितियां जबकि आयुक्त एवं निबंधक, सहकारी समितियां रहे डॉ. हीरा लाल को सचिव राष्ट्रीय एकीकरण विभाग की जिम्मेदारी दी गई है।

सचिव महिला कल्याण तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग रहीं अनामिका सिंह को मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तर प्रदेश क्लीन एयर मैनेजमेंट प्रोजेक्ट अथॉरिटी तथा सचिव, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का जिम्मा दिया गया है। प्रबंधक निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम सान्या छाबड़ा को मुख्य विकास अधिकारी हरदोई और विशेष सचिव पर्यटन विभाग ईशा प्रिया को प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### 15 पीसीएस अधिकारियों को भी मिली नई जिम्मेदारी

**अमृत विचार :** पीसीएस अधिकारी दीप्ति देव यादव को लखनऊ मंडल में अपर आयुक्त नियुक्त किया गया है। राज बहादुर प्रथम को अपर जिलाधिकारी न्यायिक लखनऊ बनाया गया है। इसी क्रम में जय प्रकाश और अजय कुमार राय को अपर आयुक्त, गोरखपुर मंडल नियुक्त किया गया है। सहदेव कुमार मिश्र को अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) गोरखपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, दशरथ कुमार को उप संचालक चकबंदी, गोरखपुर नियुक्त किया गया है, जबकि गजेंद्र कुमार को मुख्य राजस्व अधिकारी अयोध्या नियुक्त किया गया है। कल्पना जायसवाल को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) बदायूं बनाया गया है। रोशनी यादव को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) की कुर्सी दी गई है। उपजिलाधिकारी गोंडा रहे भारत को अपर नगर आयुक्त, नगर निगम अयोध्या नियुक्त किया गया है। वागीश कुमार शुक्ला को अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) सोनभद्र बनाया गया है। कुलदीप सिंह को नगर मजिस्ट्रेट सहारनपुर नियुक्त किया गया है। इसी तरह मनी अरोरा को सहकारी चीनी मिल संघ लखनऊ का प्रधान प्रबंधक बनाया गया है। उपजिलाधिकारी अंकित कुमार व रमेश कुमार को सहकारी चीनी मिल संघ लखनऊ का प्रधान प्रबंधक बनाया गया है।

### पांच आईपीएस अफसरों के भी तबादले

**अमृत विचार :** राज्य में पांच आईपीएस अधिकारियों को भी इधर से उधर किया गया है। आईपीएस एसबी शिरडकर पुलिस भर्ती बोर्ड के डीजी (अ) बनाए गए हैं। वह अभी तक पुलिस महानिदेशक/अपर पुलिस महानिदेशक, लखनऊ जोन के पद पर थे। अपर पुलिस महानिदेशक, पीएससी मुख्यालय रहे सुजीत पांडेय को अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन बनाया गया है। वहीं, एसपी सीआईडी आशीष तिवारी अब सहारनपुर संभालेंगे। उन्हें सहारनपुर का नया एसएसपी बनाया गया है। सहारनपुर के एसएसपी रोहित सजवान को हटाकर पुलिस मुख्यालय से संबद्ध किया गया है। अब तक अपर पुलिस महानिदेशक, एपीटीसी सीतापुर रहे आरके स्वर्णकार को बतौर अपर पुलिस महानिदेशक पीएसी मुख्यालय लखनऊ भेजा गया है।

### कई अधिकारी आज होंगे सेवानिवृत्त

**अमृत विचार :** सोमवार यानी 30 जून को कई आईएएस व पीसीएस अधिकारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इस क्रम में 11 पीसीएस अफसरों का रिटायरमेंट आज हो रहा है। इनमें राम भरत तिवारी, कुंवर बहादुर सिंह, पुरुषोत्तम दास गुप्ता, सतीश कुमार त्रिपाठी, हरिओम शर्मा, राजीव पांडेय, राज नारायण, हनुमान प्रसाद, महेंद्र कुमार, सौरभ शुक्ला, सौरभ शुक्ला शामिल हैं। वहीं, कई आईएएस व आईपीएस अधिकारी भी रिटायर होंगे। इनमें आईएएस अधिकारी जितेंद्र कुमार, अखिलेश कुमार मिश्र, बृजराज सिंह यादव और सुरेंन्द्र प्रताप सिंह शामिल हैं। आईपीएस अफसरों में आदित्य मिश्रा, विपिन कु. मिश्रा, राहुल राज और आकाश वर्मा हैं।



उप्र. विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने रविवार को नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भेंट की। इस दौरान उन्होंने विधान सभा अध्यक्ष के रूप में तीन वर्ष की कार्ययात्रा पर आधारित पुस्तक उन्हें भेंट की।

### समाजवाद व धर्मनिरपेक्षता को नासूर कहना शर्मनाक : कांग्रेस

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का संविधान की प्रस्तावना में समाजवाद व धर्मनिरपेक्षता को नासूर कहना शर्मनाक है। साथ ही, संविधान और देश की जनता का अपमान है। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय ने कहा है कि ये दोनों शब्द 1976 में 42वें संशोधन के जरिए पूरी संवैधानिक प्रक्रिया के साथ संसद और विधानसभाओं के समर्थन के बाद संपूर्ण प्रक्रिया के बाद जोड़े गए, जो भारत के सामाजिक न्याय और धार्मिक सद्भाव की नींव हैं। डॉ. राय ने कहा है कि देश के दूसरे सबसे बड़े संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति ने ऐसा बयान देकर न सिर्फ अपने पद की मर्यादा को तार-तार किया, बल्कि संविधान की आत्मा पर हमला किया है।

# केंद्रीय योजनाओं में बिना बिल नहीं मिलेगा बजट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 67 योजनाओं में बदलेगा मानक आज कार्यशाला में जानकारी देंगे केंद्र सरकार के अधिकारी

**अमृत विचार :** भारत सरकार की योजनाओं के बजट आवंटन में नए मानक से खलबली मची हुई है। अब कार्यदायी संस्था की ओर से बिल प्रस्तुत करने के बाद ही धनराशि मिलेगी। इस एसएनए स्पर्श प्रणाली के लागू होने से योजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। इसे लेकर सोमवार को कार्यशाला में भारत सरकार के अधिकारी बजट आवंटन की इस नई व्यवस्था के बारे में विभागीय अधिकारियों को विस्तार से बताएंगे।

वित्त विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक भारत सरकार की 67 योजनाओं में से 28 योजनाओं के बजट आवंटन में नई व्यवस्था लागू कर दी गई है। शेष 39 योजनाओं में जल्द ही व्यवस्था लागू होनी है, जिसके लिए सोमवार को लखनऊ में कार्यशाला आयोजित की गई है।

भारत सरकार की एसएनए स्पर्श प्रणाली के तहत केंद्र प्रायोजित योजनाओं की धनराशि सही समय पर ही विभागों को हस्तांतरित की जाएगी। इसका उद्देश्य योजनाओं के कार्यान्वयन में दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। नई व्यवस्था से केंद्रीय योजनाओं में विकास कार्यों का बजट विभागों के खाते में अनावश्यक नहीं पड़ा रहेगा। काम करने वाली कार्यदायी संस्था द्वारा बिल प्रस्तुत किए जाने पर ही धनराशि देने का नियम लागू किया गया है।


### पीलीभीत के घंटाघर का होगा जीर्णोद्धार

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीलीभीत स्थित घंटाघर का कायाकल्प होने जा रहा है। इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड इसका जीर्णोद्धार कराएगा, इसके लिए 20.35 लाख रुपये की परियोजना स्वीकृत हुई है। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रविवार को दी। उन्होंने बताया कि ब्रिटिश शासनकाल में निर्मित यह घंटाघर समय के साथ अपनी पहचान खोता गया, जिसका अब जीर्णोद्धार किया जा रहा है। क्योंकि एक समय था जब छात्र हों या व्यापारी, बुजुर्ग हों या कामगार घंटाघर की आवाज से ही दिन की शुरुआत हुआ करती थी।

# महत्वपूर्ण पद खाली रहना स्वीकार्य नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आकांक्षात्मक जिलों और विकास खंडों की प्रगति की मुख्यमंत्री योगी ने की समीक्षा



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आकांक्षात्मक जिला और विकास खंड राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में हैं। इन क्षेत्रों में किसी भी महत्वपूर्ण पद पर रिक्ति स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने निर्देश दिया कि जहां भी रिक्तियां हैं, वहां त्वरित नियुक्ति सुनिश्चित की जाए। किसी पद पर कार्यभार सौंपते समय यह अवश्य देखा जाए कि संबंधित प्रभारी अधिकारी दोनों स्थानों पर व्यावहारिक रूप से क्या उपलब्ध रह सकता है।

मुख्यमंत्री योगी रविवार को प्रदेश के आकांक्षात्मक जिलों एवं विकास खंडों की प्रगति की गहन समीक्षा कर रहे थे। बैठक में उनके निर्देशानुसार वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किए गए स्थलीय भ्रमण की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसमें जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन, नवाचारों की उपलब्धि व आवश्यक सुधार बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। योगी ने जनभागीदारी, नवाचार, पारदर्शिता और समयबद्ध क्रियान्वयन को आकांक्षात्मक विकास खंड एवं आकांक्षात्मक जनपद कार्यक्रम की सफलता का मूल आधार बताया। कहा कि सभी विभाग सामूहिक समन्वय और ठोस कार्ययोजना के साथ अपने लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में आगे बढ़ें।

फील्ड विजिट रिपोर्ट के अनुसार, 108 आकांक्षात्मक विकास खंडों में कुल 272 विद्यालय, 301 आंगनबाड़ी केंद्र, 232 स्वास्थ्य इकाइयां, 229 ग्राम पंचायत सचिवालय एवं 275 अन्य संस्थानों का निरीक्षण किया गया। वर्तमान में 497 एफपीओ सक्रिय हैं और 6595 बीसी सखी वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में कार्य कर रही हैं। 106 विकास खंडों ने 'ब्लॉक डेवेलपमेंट स्ट्रेटजी' के अनुरूप अपने लक्ष्यों की प्राप्ति की है। इसी क्रम में प्रमुख सचिव व सचिव स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों ने राज्य के 8 आकांक्षात्मक जनपदों- बहराइच, बलरामपुर, चंदौली, चित्रकूट, फतेहपुर, सिद्धार्थनगर, सोनभद्र और श्रावस्ती का भी गहन निरीक्षण किया।

### अलीगढ़ के विवि में एससी वर्ग के छात्रों की शिक्षा पर संकट : मायावती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बसपा प्रमुख मायावती ने राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के छात्रवृत्ति के मामले को लेकर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में अनुसूचित वर्ग के छात्रों की शिक्षा पर संकट मंडरा रहा है।

उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा कि कई जिलों के दर्जनों कालेज इस विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं। इनमें हजारों एससी-एसटी वर्ग के छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं। इनके छात्रवृत्ति का सरकारी स्तर पर सही से व समय पर निपटारा नहीं हो सका है। इस कारण छात्र-छात्राओं के भविष्य के अधर में लटकने के खतरे से लोगों में बेचैनी व आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय व जिला प्रशासन की ओर से भी इस सम्बंध में बार-बार पत्राचार किया गया। इसके बावजूद लखनऊ स्थित समाज कल्याण विभाग स्तर पर असंवेदनशीलता व लापरवाही बरती गई।

# बिजली कर्मी करेंगे देशव्यापी प्रदर्शन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 9 को सांकेतिक हड़ताल, जेल भरो अभियान की तैयारी शुरू

**अमृत विचार :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मी आंदोलन तेज करेंगे। 2 जुलाई को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन होगा, जबकि 9 जुलाई को देशभर में एक दिन की सांकेतिक हड़ताल होगी। इस बीच, बिजली कर्मियों ने जेल भरो अभियान की तैयारी शुरू कर दी है।

नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के आह्वान पर देश भर के 27 लाख बिजली कर्मी एक दिन की सांकेतिक हड़ताल करेंगे। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी की ओर से केंद्रीय ऊर्जा मंत्री को भेजी गई नोटिस में कहा गया है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के तहत आने वाले प्रदेश के 42 जिलों में बिजली के निजीकरण के विरोध में राष्ट्रव्यापी विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र. के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने बताया कि प्रस्तावित आंदोलन के लिए संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों के जिलों व परियोजनाओं के दौरे शुरू हो रहे हैं। 30 जून को संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारी झांसी और परीक्षा ताप बिजलीघर में आम सभा करेंगे। 1 जुलाई को कानपुर, केस्को और पनकी ताप बिजली घर पर आम सभा होगी। 2 जुलाई को सभी जिलों व परियोजनाओं पर व्यापक विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा। संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली कर्मी सभी जिलों व परियोजनाओं पर विरोध सभा कर ऊर्जा निगमों में आपातकाल जैसे हालात की निंदा करेंगे।

## वर्ग पहेली-17

**बाएं से दाएं**

1. किसी को छीनने की क्रिया में प्रवृत्त करना, छीनने का काम दूसरे से कराना।

3. 1. छाला, झलका 2. जलने आदि से शरीर पर होने वाला उभार

5. 1. परिचारक, परिचारी, सेवक 2. भ्रमण करने वाला, टहलुआ 3. देवमंदिर का प्रबंधक 4. रोगी की सेवा करने वाला व्यक्ति।

8. (साहित्य) नायक या नायिका की विरहावस्था के दुख का वर्णन।

**ऊपर से नीचे**


2. किसी बड़े बरतन से तेल आदि निकालने का डंडीदार पात्र, बड़ी पली।

3. 1. नीचे-ऊपर या इधर-उधर इस प्रकार हिलना कि 'फड़-फड़' की ध्वनि हो 2. शरीर के किसी हिस्से का रुक-रुक कर या अचानक चलायमान होना

4. साढ़े चार गुना करते हुए पढ़ा जाने वाला पहाड़ा।

6. सेवा से अवकाश प्राप्त।

7. 1. अच्छी तरह दहन, अच्छी तरह जलना या जलाना 2. जलन, दाह 3. ईर्ष्या, डाह 4. आहत करना 5. निंदा करना 6. श्मशान।




### वर्ग पहेली -16 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 आ | | 2 कू | | | 3 मे |
| 4 फ़े | लो | शि | प | | | ह |
| | ड़ | | मं | | 5 चु | र |
| | न | | डू | | | बा |
| | | 6 ने | क | च | 7 ल | न |
| 8 पो | | | ता | | ति | |
| 9 आ | रा | म | | 10 म | का | म |

## सुडोकू-24

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | 2 | 6 | | 1 | |
| | | 5 | 1 | | | | 7 | |
| 4 | | | 9 | 7 | | 8 | | 3 |
| | | 6 | | | 7 | | 2 | |
| | 8 | | | | | | 9 | |
| | 1 | | 6 | | | 4 | | |
| 3 | | 2 | | 1 | 8 | | | 6 |
| | 4 | | | | 9 | 7 | | |
| | 6 | | 4 | 5 | | 1 | | |

### सुडोकू - 23 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 5 | 4 | 1 | 9 | 8 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 5 | 1 | 2 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 3 | 4 | 6 | 9 |
| 8 | 9 | 7 | 5 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 3 | 4 | 2 | 9 | 8 | 6 | 7 | 5 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 7 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 |
| 1 | 8 | 6 | 3 | 9 | 5 | 2 | 7 | 4 |
| 5 | 2 | 9 | 1 | 7 | 4 | 6 | 8 | 3 |
| 4 | 7 | 3 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 जून, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पंचमी-09.23 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मघा 07.20 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।


मेष

आज आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। आपकी सभी आवश्यताओं की पूर्ति बड़ी आसानी से हो जायेगी। विद्यार्थी नई शैक्षणिक योग्यता को विकसित करने की योजना बना सकते हैं। घुटनों और जोड़ों की पीड़ा बढ़ सकती है।


वृष

आज पर्यटन से जुड़े करियर में बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। दोस्तों और परिवार के साथ काफी अच्छा समय व्यतीत करेंगे। इससे आपको खुशी और संतुष्टि प्राप्त होगी। मार्केटिंग से जुड़े कारोबार में सुअवसर प्राप्त होगा। दवाइयों के सेवन करने में सावधानी रखनी आवश्यक है।


मिथुन

आज आत्मविश्वास और साहसिक कार्यों में रुचि लेंगे। कमीशन और इंश्योरेंस में अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है। रियल एस्टेट कारोबारियों को नए प्रकल्प मिल सकते हैं। आर्थिक समस्या दूर होगी। वैवाहिक कार्यक्रमों में व्यस्तता और सहभागिता बढ़ायेंगे।


कर्क

आज नौकरीपेशा लोगों के संपर्क का दायरा बड़ा हो सकता है। दाम्पत्य संबंधों में मधुरता बनी रहेगी। आर्थिक लाभ की स्थिति प्रबल रहने वाली है। नई योजनाओं का सफल क्रियान्वयन कर पायेंगे। परीक्षाओं का परिणाम आपके पक्ष में आ सकता है।


सिंह

आज संपत्ति संबंधी मामले लाभकारी हो सकते हैं। युवा प्रेम संबंधों को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे। पुराने मित्रों से संपर्क स्थापित होगा। गंभीर विषयों का अध्ययन कर सकते हैं। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।


कन्या


आज अपनी इम्यून क्षमता को बढ़ाने के लिए योग और प्राणायाम अवश्य करें। अपने कर्म और भाग्य पर भरोसा रखें। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। कमीशन से संबंधित कार्यों में बेहतरीन लाभ प्राप्त होगा। बौद्धिक चर्चाओं में आप सम्मिलित हो सकते हैं।


तुला


आज कार्यक्षेत्र में शानदार धन लाभ हो सकता है। टेक्सटाइल के व्यापार में काफी अच्छा लाभ प्राप्त होगा। शिक्षा संबंधी बाधा दूर होगी। विवेक और चतुराई से काम लें। तकनीकी संबंधी कार्यों में रुचि लेंगे। लोगों की अपेक्षाओं का दबाव रहेगा।


वृश्चिक

आज नौकरी में माहौल काफी अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अधिकारियों से काफी सम्मान मिलेगा। आपको कई जिम्मेदारियां एक साथ निभानी पड़ेगी। अधिकारों और सुख-साधनों में वृद्धि होगी। जीवन में ससुराल पक्ष का अतिरिक्त प्रभाव कठिनाई उत्पन्न कर सकता है।


धनु


आज सहकर्मियों से आपका तालमेल अच्छा रहेगा। आपको मेहनत का बेहतरीन परिणाम प्राप्त होगा। मित्रों के साथ संबंध मधुर रहेंगे। सभी आवश्यक कार्यों में अच्छी प्रगति होगी। पूर्व निर्धारित योजनाओं से लाभ प्राप्त होगा। सोशल मीडिया में अनावश्यक समय व्यर्थ न करें।


मकर

आज नई तकनीक का अभ्यास कर सकते हैं। महत्वपूर्ण लोगों से आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे। शोध कार्यों से जुड़े लोगों को कुछ अच्छा सीखने को मिलेगा। छोटे निवेशों से बड़ा लाभ मिल सकता है। काम का अत्यधिक दबाव आपको निराशा के दलदल में धकेल सकता है।


कुंभ

आज आप दोस्तों के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं। स्वादिष्ट भोजन का आनन्द उठायेंगे। अचानक ऐसे लोगों से मुलाकात होगी जिनकी आपको बेहद आवश्यकता होगी। घर का वातवारण सुकून भरा रहेगा। जीवनसाथी को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है।


मीन

आज अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें। परिजनों का अच्छा सहयोग मिलेगा। धैर्य और सूझबूझ से काम करना बेहतर होगा। आपकी कोई मनोकामना पूरी हो सकती है। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहें। आंखों की सेहत का ध्यान रखें।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

दुष्टा भार्या शठं मित्रं भृत्यश्चोत्तरदायकः।
ससर्पे गृहे वासो मृत्युरेव न संशयः॥


दुष्ट पत्नी , शठ मित्र , उत्तर देने वाला सेवक तथा सांप वाले घर में रहना , ये मृत्यु के कारण हैं इसमें सन्देह नहीं करनी चाहिए ।

## संपादकीय

# सामाजिक सुरक्षा में आगे

देश ने समावेशी कल्याण की दिशा में मजबूती से कदम बढ़ाएं हैं। दस वर्षों में भारत का 19 प्रतिशत से 64.3 प्रतिशत सामाजिक सुरक्षा कवरेज तक का सफर पैमाने और इरादे दोनों को दर्शाता है। यह दर्शाता है कि जब नीति, प्रौद्योगिकी और राजनीतिक इच्छाशक्ति लोगों की सेवा के लिए मिलकर काम करती हैं तो सभी कुछ संभव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के दौरान बताया कि आज देश में लगभग 95 करोड़ लोग किसी न किसी सामाजिक सुरक्षा योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। जबकि, 2015 तक 25 करोड़ से भी कम लोगों तक सरकारी योजनाएं पहुंच पाती थीं। भारत में स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक, हर क्षेत्र में देश परिपूर्णता की भावना से आगे बढ़ रहा है। नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने में भारत अब चीन के बाद दुनिया में दूसरे स्थान पर है। ये सामाजिक न्याय की भी उत्तम तस्वीर है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की ताज़ा रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में देश की सामाजिक सुरक्षा कवरेज 64.3 फीसदी तक पहुंच गई है, जो 10 साल पहले सिर्फ 19 फीसदी थी। यह रिपोर्ट हाल ही में जारी की गई है और इसमें केंद्र और राज्य सरकारों की 32 योजनाओं का विश्लेषण किया गया है। इनमें 24 पेंशन योजनाएं, दो मातृत्व लाभ योजनाएं और दो बाल कल्याण कार्यक्रम शामिल हैं। आईएलओ के अनुसार सामाजिक सुरक्षा वह सुरक्षा है जो समाज, व्यक्तियों और परिवारों को स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच सुनिश्चित करने और आय सुरक्षा की गारंटी देने के लिए प्रदान करता है। यह विशेष रूप से वृद्धावस्था, बीमारी, बेरोजगारी, दिव्यांगता, मातृत्व, कार्यस्थल पर चोट लगने या कमाने वाले सदस्य की मृत्यु के समय महत्वपूर्ण हो जाती है। सामाजिक सुरक्षा कवरेज का आकलन करते समय, आईएलओ देशों की केवल उन्हीं योजनाओं पर विचार करता है जिनके लिए पिछले तीन वर्षों का सत्यापित टाइम सीरीज डेटा प्रदान किया गया है। महत्वपूर्ण है कि आईएलओ ने भारत की उपलब्धि को स्वीकार किया है। यह वृद्धि दुनिया भर में सामाजिक सुरक्षा कवरेज में सबसे तेज़ विस्तार को दर्शाती है, जो अंतिम छोर तक लोगों को सशक्त बनाने और किसी को भी पीछे न छोड़ने के वादे को पूरा करने के लिए सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। सामाजिक सुरक्षा कवरेज में वृद्धि विशेष रूप से विकसित देशों के साथ सामाजिक सुरक्षा समझौतों (एसएसए) को अंतिम रूप देने में भारत के वैश्विक जुड़ाव को मजबूती मिलेगी। ये समझौते विदेशों में काम कर रहे भारतीय पेशेवरों के लिए सामाजिक सुरक्षा लाभों

# स्टेग ने बढ़ाई सेना की सामरिक इलेक्ट्रॉनिक क्षमता



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

इलेक्ट्रॉनिक खुफिया विश्लेषण में दुश्मन की अग्रिम तैनाती, कमांड एंड कंट्रोल, फायर कंट्रोल सिस्टम, हथियार और वायु रक्षा प्रणालियों की पहचान करने के लिए महत्वपूर्ण रडार लोकेटिंग क्षमताएं शामिल होती हैं जो कि ऑर्डर ऑफ बैटल या युद्ध के रुख की जानकारी प्रदान करती हैं।

सामरिक महत्व की कमांड एंड कंट्रोल टेक्नोलॉजीज के क्षेत्र में भारतीय सेना ने सिग्नल्स टेक्नोलॉजी एवेल्युएशन एंड एडेप्टेशन ग्रुप (स्टेग)की स्थापना की है। स्टेग का घोषित उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, सॉफ़्टवेयर डिफाइंड रेडियो, इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सिस्टम और क्वांटम तकनीकों के रूप में उन्नत संचार तकनीकों का लाभ उठाना है। इन तकनीकों को युद्ध के समय अधिक प्रभावी संचार सुनिश्चित करने के लिए एकीकृत रूप से इस्तेमाल किया जाएगा। यह सामरिक और परिचालन मिशनों और सामान्य ऑर्डर ऑफ़ बैटल की एक श्रृंखला के लिए विशेष रूप से अपनी सिग्नल इंटेलिजेंस क्षमताओं में सबसे उन्नत फ्रंटियर तकनीकों को एकीकृत करके चलता है, जैसाकि हाल में ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान साबित भी हुआ।

लड़ाकू बलों के युद्ध प्रदर्शन और क्षेत्र में कमांडरों के निर्णय लेने के लिए संचार प्रौद्योगिकियां महत्वपूर्ण साबित हुई हैं। स्टेग अभी पूरी तरह से चालू नहीं है क्योंकि क्वांटम कंप्यूटिंग के आने से शायद इसे संचार के लिए इन्टीग्रेट किया जा सकता है जिसमें बाद में क्वांटम सिक्योर डायरेक्ट कम्युनिकेशन के रूप में अपग्रेड भी किया जाएगा। इस सर्वाधिक सक्षम टेक्नोलॉजी का प्रदर्शन हाल में भारत की डिफेन्स रिसर्च एंड डेवलपमेंट आर्गेनाइजेशन और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली ने मिल कर किया था। उपरोक्त सभी तकनीकों को उपयोगी खुफिया जानकारी में बदलने और लागू करने में कई जटिल चुनौतियों का सामना करना पड़ता है जिन्हें भारतीय संस्थानों के साथ मिलकर दूर कर लिया जाएगा।

स्टेग एक सामरिक स्तर की इकाई है जिसमें सिग्नल इंटेलिजेंस की क्षमताएं होने के बावजूद फिलहाल युद्धक्षेत्र में सभी संकेतों को उठाने और इनका विश्लेषण करने की तकनीक क्षमता का विकास नहीं हुआ है। सिग्नल कोर और राष्ट्रीय तकनीकी टोही संगठन एसटीईएजी की क्षमताओं में इस अंतर को पूरा करने में स्टेग एक जबरदस्त भूमिका का निर्वाह करेगा। स्टेग अभी एक प्रारंभिक चरण में है। जैसे-जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

स्टेग एक सामरिक स्तर की इकाई है जिसमें सिग्नल इंटेलिजेंस की क्षमताएं होने के बावजूद फिलहाल युद्धक्षेत्र में सभी संकेतों को उठाने और इनका विश्लेषण करने की तकनीक क्षमता का विकास नहीं हुआ है।

के सैन्य योजनाकारों को इसकी क्षमताओं में किसी भी कमी का पता चलेगा उसे पहचानकर कोर-, थिएटर- या राष्ट्रीय-स्तर की सिग्नल इंटेलिजेंस की उन्नत क्षमताओं और एडवांस्ड इक्विपमेंट जैसी परिसंपत्तियों के माध्यम से दूर किया जाएगा। इसका प्रसंस्करण और उपयोग केवल सिग्नल्स के ट्रैफ़िक विश्लेषण, क्रिप्ट-एनालिसिस, भाषाई विश्लेषण, सिग्नल विश्लेषण और इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस विश्लेषण द्वारा कार्यात्मक रूप से निर्धारित किया जा सकता है जो अपरिष्कृत इंटेलिजेंस को उपयोग करने योग्य या वर्तमान में प्रयोग की जा रही सिग्नल इंटेलिजेंस क्षमता के लिए महत्वपूर्ण होगा। प्रसंस्करण और उपयोग श्रृंखला में कुछ ख़ास तत्वों का मूल्यांकन शामिल है जैसे कि, ट्रैफ़िक विश्लेषण में सभी संचार इंटेलिजेंस विश्लेषण को कवर करने वाले गैर-एन्क्रिप्टेड टेक्स्ट।

सिग्नल कोर और राष्ट्रीय तकनीकी टोही संगठन स्टेग की क्षमताओं में अंतराल को भरने में कुछ भूमिका निभाएंगे। क्रिप्ट-एनालिसिस में एन्क्रिप्टेड टेक्स्ट को समझना और उसका मूल्यांकन करना शामिल है। क्रिप्ट-एनालिसिस के लिए विरोधी के एन्क्रिप्टेड संचार में कूट भाषा को तोड़ना और शुद्ध रूप से पढ़ना आवश्यक है। इन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भाषाई विश्लेषण भी महत्वपूर्ण है जिसके लिए विदेशी भाषाओं का अंग्रेजी या हिंदी में अनुवाद करना शामिल होगा।

पाकिस्तान में अधिक बोले जानी उर्दू, पंजाबी, सरायकी, पश्तो और कश्मीरी भाषाविदों के अलावा चीन की मंदारिन भाषा में दक्षता हासिल करना स्टेग कर्मियों के लिए अपरिहार्य है। स्टेग के भाषाई संसाधनों को खुफिया जानकारी से जुड़ी राष्ट्रीय स्तर की एजेंसियों से पूरक सहायता मिलने से सिग्नल विश्लेषण और इसकी एक विस्तृत श्रृंखला के साथ काम करना आवश्यक है जिसमें पहचान, अलगाव, संकेतों को उनके शुद्धतम रूपों में समझना और अंततः रुचि के संकेतों अथवा सिग्नल्स ऑफ़ इंटरेस्ट का दोहन शामिल होता है।

इलेक्ट्रॉनिक खुफिया विश्लेषण में दुश्मन की अग्रिम तैनाती, कमांड एंड कंट्रोल, फायर कंट्रोल सिस्टम, हथियार और वायु रक्षा प्रणालियों की पहचान करने के लिए महत्वपूर्ण रडार लोकेटिंग क्षमताएं शामिल होती हैं जो कि ऑर्डर ऑफ बैटल या युद्ध के रुख की जानकारी प्रदान करती हैं। ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान 24 घंटा के भीतर ही भारत ने अटैक पैटर्न को समझकर तुरत बदलाव किया और ठिकानों पर सटीक हमले इसी टेक्नोलॉजी की मदद से किए। टेक्नोलॉजी और ह्युमन इंटेलिजेंस की इन नवीन क्षमताओं का निर्माण और गठजोड़ करना स्टेग के लिए महत्वपूर्ण चुनौती है जिसके लिए विशिष्ट कौशल सेट के उच्च स्तर के प्रशिक्षण और विकास की जरूरत है

हरेक मिनट में बदलते हुए युद्ध परिदृश्य में सही निर्णय लेने हेतु इसलिए जरूरत है कि एलेक्ट्रोनिकली गाइडेड म्युनिशन्स और एयरक्राफ्ट्स तेज़ी से संचालित होते हैं और इनके लिए सेकंड के अंश भी महत्वपूर्ण होते हैं। सामरिक इस्तेमाल की पहल करने और कमांड एंड कंट्रोल द्वारा इस्तेमाल की जानी वाले संचार प्रौद्योगिकी को अभेद्य बनाने हेतु ही क्वांटम सिक्योर डायरेक्ट कम्युनिकेशन की जरूरत रहेगी जो अभी विकासमान अवस्था में है। उभरती हुई प्रौद्योगिकियां जिनका लाभ स्टेग उठाना चाहता है व्यावसायिक रूप से उपलब्ध ऑफ-द-शेल्फ संचार प्रौद्योगिकियों को भी पीछे छोड़ चुकी हैं। सबसे बड़ी जरूरत है आक्रामक रुख वाले पड़ोसियों की तकनीकी क्षमता का आकलन करते हुए भविष्य के युद्ध में भारतीय आकाश को सुरक्षित रखना। पड़ोसी की मंशा और क्षमताओं के अनुसार ही तय करना है कि हमारा प्रतिकार आक्रामक या रक्षात्मक में से कौन सा होना चाहिए। सिक्योर वर्ल्ड फाउंडेशन 11 देशों की काउंटरस्पेस क्षमताओं का वार्षिक ओपन-सोर्स मूल्यांकन करता है।

हमें उनकी स्पेस सिचुएशनल अवेयरनेस को भी ट्रैक करना होता है। सक्रिय सैन्य संघर्षों में विनाशकारी काउंटर स्पेस क्षमताओं का अभी तक कोई उपयोग नहीं हुआ है, परन्तु इस क्षेत्र में अमेरिका, रूस, चीन और भारत ने एंटी-सॅटॅलाइट लेज़र बीम अस्त्र का प्रयोग प्रदर्शन मात्र और टेक्नोलॉजी सिद्ध करने के लिए तो किया ही है। इस अस्त्र से पृथ्वी की निम्न कक्षा या मुख्य रूप से 1,000 किलोमीटर और उससे नीचे अंतरिक्ष में तैरने वाले उपग्रहों को नष्ट किया जा सकता है। उदाहरण के लिए कहें तो फरवरी 2022 में रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण करने से ठीक पहले यूक्रेनी सैन्य संचार में हस्तक्षेप करने के लिए वायासैट कंपनी के संचार उपग्रह, जो केए बैंड फ्रीक्वेंसी का इस्तेमाल करता है और जिसका उपयोग सैन्य इन्टरनेट सेवा के लिए यूक्रेनी सेना करती है, पर एक प्रभावी साइबर हमला किया था जिससे हजारों एंड-यूज़र मॉडेम को नष्ट कर दिया। काउंटर स्पेस क्षमताएं हासिल करने के लिए वास्तविक परीक्षण की भी आवश्यकता नहीं है, क्योंकि मॉडलिंग और सिमुलेशन से यह संभव है। भविष्य के सैन्य संघर्षों में पश्चिमी अंतरिक्ष सॅटॅलाइट संचार कंपनियों की सेवा को खरीदने वाले देश इनकी भूमिका के बारे में अक्सर शिकायत करते हैं। कायदे से देखा जाए तो 80 प्रतिशत अमेरिकी सैन्य संचार वाणिज्यिक उपग्रहों से ही हो रहा है। दिसंबर 2023 तक भारत सहित 33 देशों ने आर्टेमिस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके अनुसार राष्ट्रों के बीच नागरिक अंतरिक्ष अन्वेषण और सहयोग का मार्गदर्शन करने के लिए कुछ नियम बनाए गए हैं। इसमें चीन, ईरान और पाकिस्तान शामिल नहीं है जिससे इनकी मंशा पर संदेह बना रहता है। इंडियन स्पेस रिसर्च आर्गेनाईजेशन इस दिशा में सोचते हुए अन्तरिक्ष में डिफेंस डिपार्टमेंट के लिए जासूसी उपग्रहों को उपलब्ध करा रहा है जिनकी रक्षा को भी सुनिश्चित करना भारतीय सेना की अंतरिक्ष कमांड की जिम्मेवारी है।

## प्रसंगवश

# आत्म-संयम का पाठ पढ़ाते हैं ट्रैफिक जाम

आप पैदा होने के बाद तभी तक सुखी रह पाते हैं जब तक चलना शुरू न कर दें। एक बार चले आप तो फिर ज़िंदगी भर चलते ही रहते है। चलना दौड़ने में बदलता है फिर। कोई आगे न निकल जाए इसकी फ़िक्र। कोई पीछे से ठोक न जाए इसकी चिंता। आप यही करते है हर रोज और इसके अलावा और कुछ कर नहीं पाते। फिर उत्तरार्ध आता है जीवन का। आप सुस्ताते हैं। सुस्ताते हुए ही सोच पाता है आदमी कि हम कहां से आए थे ? कहां जाना है ? मैं कौन हूं ? क्या करने के लिए पैदा हुआ था और क्या कर रहा हूं ? और जब आप इस तरह सोचने लगते है तो अध्यात्म को उपलब्ध हो जाते है। और ऐसा तभी मुमकिन है जब आप किसी ट्रैफ़िक जाम में फंस जाए।



ट्रैफ़िक जाम में फंसकर आप जान पाते हैं कि हमारे नागरिकों की लोकतांत्रिक चेतना कितनी प्रखर है और वो अपनी सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों से कितना प्रेम करते हैं।

इंदौर आते वक्त मैं भी ट्रैफ़िक जाम मे फंसा। और तब मैंने जाना हमारे उपनिषद सच्चे हैं। हमारे उपनिषदो में कहा गया है कि ,,आत्मानं विद्धि" अपने आप को जानो। जीवन की भागदौड़ से परे जाकर आत्म-साक्षात्कार ही मुक्ति का मार्ग है। ट्रैफ़िक जाम में फंसते ही भागदौड़ समाप्त हो जाती है। बहुतों की आत्मा जाग जाती है। और बहुत से समाधि में चले जाते हैं। पतंजलि के योगसूत्रों में दौड़-भाग को मन की चंचलता का नतीजा माना गया है। मन शांत होता है समाधि लगने से। और ट्रैफ़िक जाम समाधि की अवस्था तक पहुंचने का सबसे सुलभ और सस्ता तरीका है।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

ट्रैफ़िक जाम आपको आत्म-संयम का पाठ पढ़ाता है। टूटी सड़कें। सैकड़ों हज़ारों आड़ी तिरछी लुच्ची कारें। छाती पर चढ़े बदमाश किस्म के ट्रक। पांव रखने और सांस लेने की रत्ती भर भी गुंजाइश नहीं। ऐसे में आप चीख चिल्ला कर भी क्या हासिल कर लेंगे? और तब आपकी आत्मा या कोई पुलिस कांस्टेबल आपको बताता है कि जीवन की ये सारी भागदौड़ व्यर्थ है । खुद को जानना सबसे अधिक जरूरी है , और आप ये सत्य जान सके इसके लिए ट्रैफ़िक जाम जैसे आयोजन किए जाते हैं।

भागदौड़ ही दुख का कारण। ट्रैफ़िक जाम हमें दुखों से मुक्त करता है। ट्रैफ़िक जाम तपाते हैं आपको। आप खुद तो मारपीट करने से बमुश्किल रोक पाते हैं। ट्रैफ़िक जाम में फंसे बिना तक तप और अहिंसा जैसे शब्दों का अर्थ समझना मुश्किल है। ट्रैफिक जाम मे फंस कर ही आप जान पाते हैं कि नियति सर्वोपरि है। आप भगवान भरोसे हैं। संसार क्षणभंगुर है और सच्चा सुख और शांति बाहरी दौड़ में नहीं, बल्कि आत्म-जागरूकता, संयम और आध्यात्मिक चेतना में है।

ट्रैफ़िक जाम में फंसकर आप जान पाते हैं कि हमारे नागरिकों की लोकतांत्रिक चेतना कितनी प्रखर है और वो अपनी सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों से कितना प्रेम करते हैं। आप ऐसी गालियां सुनकर चकित होते हैं जो आपने पहले कभी नही सुनी थी। अपने शब्दकोश में वृद्धि होने को मैं ट्रैफ़िक जाम में फंसने की उपलब्धियों में शामिल करता हूं।

आपकी जानकारी के लिए बुद्धत्व को प्राप्त हो चुका मैं। इसके लिए न बोधिवृक्ष की जरूरत पड़ी मुझे न खीर लेकर आने वाली सुजाता की। ज्ञान से लबालब हूं अब मैं। और इसके लिए सड़क और इस पर लगे ट्रैफ़िक जाम का आभारी हूं।

# भयानक तबाही मचा सकते हैं कुछ क्षुद्रग्रह

अंतर्राष्ट्रीय क्षुद्रग्रह दिवस 1908 के तुंगुस्का प्रभाव की वर्षगांठ का प्रतीक है। 30 जून 1908 को रूस के साइबेरिया में पॉडकामेनेया तुंगुस्का नदी के ऊपर आसमान में एक बड़ा विस्फोट हुआ था। नासा के अनुसार अनुमान लगाया गया था कि उस क्षुद्रग्रह ने करीब 33500 मील प्रति घंटे की गति से पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश किया था। 220 मिलियन पाउंड की उस अंतरिक्ष चट्टान ने अपने आसपास की हवा को 44500 डिग्री फॉरेनहाइट तक गर्म कर दिया था। करीब 28 हजार फीट की ऊंचाई पर दबाव और गर्मी के संयोजन ने क्षुद्रग्रह के टुकड़े को नष्ट कर दिया था, जिससे आग का गोला पैदा हुआ और उससे करीब 185 हिरोशिमा बमों के बराबर ऊर्जा निकली। उस भयंकर विस्फोट से पैदा गई आग ने जंगल के करीब 2150 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में 80 मिलियन से भी ज्यादा पेड़ों को जलाकर राख कर दिया था।

माना गया था कि उस विस्फोट के लिए कोई क्षुद्रग्रह या धूमकेतु जिम्मेदार था। क्षुद्रग्रह दिवस की स्थापना 2013 के चेल्याबिंस्क उल्का विस्फोट के अगले वर्ष 2014 में भौतिक विज्ञानी स्टीफन हॉकिंग ने खगोलशास्त्री और क्वीन के प्रमुख गिटारवादक डा. ब्रायन मे, बी612 फाउंडेशन के अध्यक्ष डेनिका रेमी, अपोलो 9 अंतरिक्ष यात्री रस्टी श्वेकार्ट और फिल्म निर्माता ग्रिग रिक्टर्स के साथ मिलकर जागरूकता को बढ़ावा देने और लोगों को हमारे ब्रह्मांड के निर्माण में क्षुद्रग्रहों के महत्व तथा हमारे सौरमंडल में उनकी भूमिका के बारे में ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से की थी। बी612 नामक संगठन एक ऐसा संगठन है, जो पृथ्वी को क्षुद्रग्रह प्रभावों से बचाने और ग्रह रक्षा के मुद्दों पर विश्वभर में निर्णय लेने की जानकारी देने और अग्रेषित करने की दिशा में कार्य करता है। क्षुद्रग्रह छोटे आकाशीय चट्टान रूपी पिंड होते हैं, जो सदैव सूर्य के चारों



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

क्षुद्रग्रह छोटे आकाशीय चट्टान रूपी पिंड होते हैं, जो सदैव सूर्य के चारों ओर घूमते हैं। ये वो पिंड हैं, जो किसी कारण से ग्रह नहीं बन पाए।

ओर घूमते हैं। ये वो पिंड हैं, जो किसी कारण से ग्रह नहीं बन पाए। क्षुद्र ग्रह को ग्रहिका भी कहते है। ये आकाशीय पिंड किसी ग्रह से छोटे होते हैं लेकिन ग्रहों की ही भांति सूर्य की परिक्रमा करते हैं। दरअसल तारों, ग्रहों और उपग्रहों के अलावा कई छोटे पिंड भी सूर्य के चारों ओर घूमते रहते हैं, इन्हीं पिंडों को क्षुद्रग्रह कहा जाता है। अंतरिक्ष विज्ञानियों के मुताबिक क्षुद्र ग्रह एक ग्रह के हिस्से हैं, जो हजारों साल पहले टूटे थे। क्षुद्रग्रह चट्टानी-धात्विक वस्तुएं हैं, जिनका आकार एक छोटे से कंकड़ के आकार से लेकर 600 मील तक भी होता है। इन्हें सौरमंडल का बचा हुआ पदार्थ भी कहा जाता है। हमारे सौरमंडल में कई लाख क्षुद्रग्रह मौजूद हैं और कई की खोज अभी बाकी है। कुछ क्षुद्रग्रह तो इतने छोटे होते हैं कि उनका पता लगाना मुश्किल होता है। ज्यादातर क्षुद्रग्रह मंगल और बृहस्पति की कक्षाओं के बीच पाए जाते हैं लेकिन कुछ की कक्षाएं अधिक विलक्षण होती हैं।

करीब 10 लाख ज्ञात क्षुद्रग्रहों में से सबसे बड़ी संख्या मुख्य क्षुद्रग्रह बेल्ट में सूर्य से करीब 2 से 4 खगोलीय इकाई दूर मंगल और बृहस्पति की कक्षाओं के बीच स्थित है। सबसे बड़ा क्षुद्र ग्रह सेरेस है, जिसका व्यास करीब 1083 किलोमीटर है, जिसकी खोज 1801 में हुई थी। दरअसल उस दौरान तारों का नक्शा बनाते समय इटली के खगोल शास्त्री ग्यूसेप पियाजी ने गलती से मंगल और बृहस्पति की कक्षाओं के बीच एक हजार किलोमीटर (करीब 600 मील) व्यास की एक वस्तु की खोज की थी। उन्होंने उस वस्तु का नाम अनाज और फसल की रोमन देवी के नाम पर 'सेरेस' (ब्मतमे) रखा, जो खोजा जाने वाला पहला क्षुद्रग्रह था। यह मंगल और बृहस्पति के बीच में क्षुद्रग्रहों के पट्टे में रहता है। प्लूटो क्षुद्रग्रह सेरेस से करीब ढ़ाई गुना बड़ा है। अंतरिक्ष विज्ञानियों का मानना है कि सेरेस शुष्क और धूसर दिखाई दे सकता है लेकिन संभवतः इसके अतीत में एक तरल महासागर था। ज्यादातर क्षुद्रग्रह पृथ्वी और उस पर पनप रहे जीवन के लिए खतरा नहीं हैं लेकिन कुछ क्षुद्रग्रह इतने खतरनाक हैं और अगर वे पृथ्वी से टकरा जाते हैं तो भयानक तबाही मचा सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने दिसम्बर 2016 में 30 जून को अंतर्राष्ट्रीय क्षुद्रग्रह दिवस के रूप में घोषित किया था। इसी दिन साइबेरिया और उसके आसपास हुए तुंगुस्का क्षुद्रग्रह के प्रभाव को समझने के लिए ही इस तिथि का चयन किया गया था। इस दिन को चिह्नित करने का विचार एसोसिएशन ऑफ स्पेस एक्सप्लोरर्स द्वारा प्रस्तावित किया गया था, जिसे बाहरी अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग पर समिति द्वारा समर्थन दिया गया था। दरअसल 30 जून 1908 को तुंगुस्का नदी के करीब एक बड़ा विस्फोट हुआ था, जिसे तुंगुस्का प्रभाव कहा गया। उस विस्फोट में कई किलोमीटर क्षेत्र में जमीन तहस-नहस हो गई थी। क्षुद्रग्रह के चलते पृथ्वी पर हुआ वह नुकसान अभी तक का सबसे बड़ा नुकसान बताया जाता है। यह दिवस मनाने का प्रमुख उद्देश्य लोगों को उस संकट के बारे में जागरूक करना है, जो क्षुद्रग्रह के प्रभाव से ब्रह्मांड पर हो सकता है।

## सोशल फोरम

# जातीय जंग की दस्तक

पहले तो लगता था कि ये गंदी सियासत मज़हबी फसाद की आहट है, मगर अब मंज़र बदल चुका है। अब तो साफ़ दिख रहा है-ये खेल जात-पात की चिंगारी से ऐसी आग लगाने वाला है जो हमारी नस्लों को राख कर देगा।



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

ये जो सियासी तमाशा चल रहा है, ये कोई अचानक की आंधी नहीं। सियासी ठेकेदारों ने जाति के ज़हर से लोगों के दिलों में नफ़रत का दरिया बहा दिया। मोहब्बत की जगह नफरत ने ले ली और इंसानियत की जगह सियासत ने कब्जा कर लिया। वोट बैंक के इस बाजार में इंसानियत का सौदा हो रहा है, भाईचारे की बोली लग रही है। आने वाला मंज़र एक खौफनाक मंज़र है। अगर यही चलता रहा तो ना जाने कितने घरों के चिराग बुझ जाएंगे, अरबों-खरबों की दौलत खाक हो जाएगी। इतिहास के आईने में देखो, जब-जब हमने अपने अंदर के जख्मों पर मरहम नहीं लगाया, दुश्मन ने उन्हीं जख्मों को कुरेदकर हमें तोड़ दिया।

सियासत की सच्चाई एक कड़वी हकीकत है। ये जो मीठी बातें हैं, ये बस सुनहरी जहर है। सब्सिडी, स्कीमें, लालच- ये सब वोट की खेती के बीज हैं। लेकिन असल में ये हमारी जड़ों को खोखला कर रहे हैं, हमारी मेहनत, हमारी खुद्दारी और हमारी उम्मीदों को मार रहे हैं। हम भूलें नहीं कि ये जंग अब बाहर वालों से नहीं, हमारे अपने घर के अंदर से है। दुश्मन अब हमारे ही बीच में छुपा है।

आज सबसे बड़ा सवाल है-क्या हम अपने मुल्क को फिर से जोड़ पाएंगे? क्या हम फिर से मोहब्बत, भाईचारा और इंसानियत का चिराग जलाएंगे? इसके लिए जरूरत है एक ईमानदार रहनुमाई की, एक दूरदर्शी नेतृत्व की, एक साझा ख्वाब की, जिसमें सबका मुस्तकबिल महफ़ूज़ हो, सबका भविष्य सुरक्षित हो, और उस जुनून की, जो हमें फिर से उठ खड़ा होने का हौसला दे। वरना, ये जातीय जंग हमारी रूह तक को जला देगी, और फिर हमारी आने वाली नस्लें सिर्फ राख में अपनी पहचान ढूंढती फिरेंगी।

**-फेसबुक वॉल से**

# सोशल मीडिया पर सावधानी व जागरूकता जरूरी

सोशल मीडिया(फेसबुक, व्हाट्स एप, ट्विटर, इंस्टाग्राम) ही है जिसके कारण आज दुनिया श्रिंक हो गई है। वर्ष 1997 में, पहला सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'सिक्सडिग्रीज़' लांच किया गया था, और वर्ष 2010 में मैशेबल द्वारा विश्व सोशल मीडिया दिवस की शुरुआत की गई थी। गौरतलब है कि एंड्रयू वेनरिच द्वारा स्थापित, इस वेबसाइट पर उपयोगकर्ता अपने मित्रों और परिवार के सदस्यों को सूचीबद्ध कर सकते थे और इसमें प्रोफ़ाइल, बुलेटिन बोर्ड और स्कूल संबद्धता जैसी सुविधाएं थीं। हालांकि, दस लाख से ज़्यादा उपयोगकर्ताओं के बावजूद वर्ष 2001 में इसे बंद कर दिया गया था।

उल्लेखनीय है कि पहला आधुनिक सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म 2002 में फ्रेंडस्टर था। इसी प्रकार से लिंक्डइन, पहला व्यवसाय-केंद्रित सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म 2003 में लांच किया गया था। माईस्पेस 2004 में लांच हुआ, उसी साल फ़ेसबुक(कैम्ब्रिज, मैसाचुसेट्स में स्थापित इस वेबसाइट के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग) भी लांच हुआ। बाद में वर्ष 2006 तक माईस्पेस दुनिया का सबसे बड़ा सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म बन गया। यूट्यूब(विडियो वेबसाइट जिसका जन्म कैलिफोर्निया के सैन मेटियो में हुआ) ने वर्ष 2005 में और उसके बाद ट्विटर ने वर्ष 2006 में



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

आज दिन-ब-दिन सोशल मीडिया की लोकप्रियता बढ़ती ही चली जा रही है लेकिनदुखद है कि तकनीक का आज ग़लत उपयोग किया जा रहा है।

सीमित अक्षरों वाला अपना प्लेटफॉर्म शुरू किया। इंस्टाग्राम साल 2010 में लांच हुआ और इसने तेज़ी से विकास किया।

आज दिन-ब-दिन सोशल मीडिया की लोकप्रियता बढ़ती ही चली जा रही है लेकिनदुखद है कि तकनीक का आज ग़लत उपयोग किया जा रहा है। आज सोशल मीडिया पर डेटा चोरी किया जाता है। अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया जाता है। फर्जी खबरों को लेकर विवाद होता है। ऐसी ऐसी सामग्री या कंटेंट का प्रचार प्रसार देखने को मिलता है, जिससे मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य (अवसाद और चिंता के कारण) पर बहुत बुरा असर पड़ता है। साइबर बुलिंग( एक दूसरे को धमकाना, परेशान करना) की समस्या जैसे आज आम हो चली है। सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग वास्तविक दुनिया के रिश्तों को कम कर सकता है, जिससे सामाजिक अलगाव हो सकता है। इतना ही नहीं, सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन को भी प्रभावित करता है।

विशेषकर यू ट्यूबर्स-नैतिकता और मर्यादा को तांक पर रखकर कुछ भी ऊल-जुलूल इन माध्यमों पर बेरोकटोक परोस रहे हैं। यू-ट्यूबर्स और फेसबुक पर कंटेंट प्रस्तुतीकरण का तरीका बहुत ही अजीबोगरीब व ग़लत हो गया है। फेसबुक, यूट्यूब पर ज्यादा से ज्यादा लाइक्स, शेयर और कमेंट्स पाने के लिए यूट्यूबर्स और फेसबुक संचालक अपनी मर्यादाएं भूल रहें हैं और उन्हें समाज और देश से कोई भी सरोकार नहीं रहा है। यह ठीक है कि हमारे देश में अभिव्यक्ति की आजादी सबको प्रदान की गई है, लेकिन पिछले कुछ समय से देश और समाज के कुछेक लोगों ने तकनीक और अभिव्यक्ति की आजादी का बहुत ही ग़लत उपयोग किया है। यू-ट्यूब और फेसबुक सार्वजनिक मंच हैं और आज संपूर्ण विश्व इन मंचों से जुड़ा हुआ है। कोई भी पोस्ट इन मंचों पर पोस्ट की जाती है तो उसके दूरगामी प्रभाव होते हैं, इसलिए यह बहुत ही जरूरी है कि इन मंचों पर प्रामाणिक और विश्वसनीय जानकारी ही पोस्ट की जाए और देश की सुरक्षा का हमेशा ध्यान रखा जाए।

कहना ग़लत नहीं होगा कि सोशल मीडिया के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रकार के प्रभाव हैं।

यह आपस में लोगों को जोड़ने, विचारों का आदान-प्रदान करने तथा समाज और देश में पाज़ीटिव बदलाव लाने का एक सशक्त और शानदार माध्यम है। वास्तव में, यह दिन सोशल मीडिया के हमारे जीवन में महत्व को पहचानने और इसका जश्न मनाने के लिए मनाया जाता है। सोशल मीडिया संचार और सामाजिकीकरण को बढ़ावा देता है। यह विभिन्न सामाजिक मुद्दों, राजनीतिक आंदोलनों और शैक्षिक अवसरों के बारे में जानकारी प्राप्त करने का एक शक्तिशाली उपकरण है। यह सोशल मीडिया ही है जो रचनात्मकता और आत्म-अभिव्यक्ति को अवसर प्रदान करता है। यह व्यावसायिक अवसरों को जन्म दे सकता है। सामाजिक परिवर्तन लाने की अभूतपूर्व क्षमताएं रखता है।सोशल मीडिया संकट के समय में लोगों को समर्थन और प्रोत्साहन प्राप्त करने, दूसरों के साथ जुड़ने और अकेलेपन को कम करने में मदद करता है। सीखने के अवसरों के साथ ही सोशल मीडिया व्यक्तिगत विकास में भी सहायक सिद्ध होता है। बस जरूरत इस बात की है कि हम तकनीक का प्रयोग पूरी जिम्मेदारी, जागरूकता और संतुलित तरीके से करें। वास्तव में आज सोशल मीडिया पर नकारात्मक (नेगेटिव) और भ्रामक सूचनाओं, जानकारियों से बचने की जरूरत है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह***
0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### पुलिस ने तीन नशेबाजों पर की कार्रवाई

**बिवांर (हमीरपुर)।** कस्बे के बड़ी रहुनियां मोहल्ला निवासी उमेश पुत्र बृजकिशोर विश्वकर्मा ने नशे में टिफिन को लेकर पत्नी सुनीता के साथ अभद्रता कर मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाई। पीड़िता के बुआ के पुत्र किशन ने यूपी 112 नंबर पर फोन किया। पुलिस उसे गिरफ्तार कर थाने लाई है। इसी तरह उमरी गांव के दो युवक अतुल कुमार शुक्ला, अरुण शराब के नशे में रास्ते से गुजरते गांव वासियों के साथ अभद्रता कर हंगामा मचा रहे थे। सूचना पर एसआई रविंद्र कुमार ने दोनों युवकों को हंगामा करते देख गिरफ्तार कर लिया।

### जेठ पर बुरी नियत रखने का लगाया आरोप

**बिवांर (हमीरपुर)।** थाना मौदहा क्षेत्र की एक महिला अपने जेठ से परेशान हो मायके में रह रही है। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है। जिसमें कहा है कि चार साल पहले थानाक्षेत्र के गांव में शादी हुई थी। उसके एक साल की बेटी है। पति दिल्ली में रहकर मजदूरी करते हैं। उसका जेठ शराब के पीने का आदी है। वह उस पर बुरी नियत रखता है। जेठ की बात न मानने पर अभद्रता कर मारपीट करता है। इससे आहत होकर वह मायके में शरण लिए है। महिला ने बताया कि मायके में मजदूरी कर अपना भरण पोषण कर रही है। इस मामले में एसआई राजेश कुमार ने बताया कि महिला की तहरीर मिली है। जांच कर जेठ के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### अवैध शराब बिक्री के आरोपी को पकड़ा

**बिवांर (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के भरखरी गांव में शराब की बिक्री करने की सूचना पर पुलिस ने छापा मारकर आरोपी को गिरफ्तार किया है। गांव निवासी दयाराम प्रजापति अपने घर में महंगे रेट पर अवैध तरीके से शराब की बिक्री कर रहा था। मुखबिर की सूचना पर एसआई अंकित बैसला ने उसे घर से दबोच कर 26 देशी क्वार्टर बरामद किए हैं। इसी तरह छानी खुर्द गांव के राकेश पुत्र लक्ष्मी प्रसाद को सुबह शराब के क्वार्टर की बिक्री करते एसआई विकास यादव ने पकड़ा है। उसके कब्जे से 18 क्वार्टर बरामद किए हैं।

### बहू दे रही झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे के मोहल्ला हैदरिया निवासी शहनाज ने पुलिस अधीक्षक सहित अन्य आलाधिकारियों को पंजीकृत डाक से भेजे शिकायती पत्र में बताया कि उसने अपने पुत्र फहीम का विवाह नरैनी बांदा में किया था। जो उससे अलग उसी के दूसरे मकान में रहता है। लेकिन उसकी बहू सफीकुन झगड़ालू स्वभाव की होने के कारण अक्सर झगड़ा करती है और बाहरी लड़कों से फोन पर बातचीत करती है। मना करने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देती है। पीड़िता ने तहरीर में बहू द्वारा दिए गए किसी भी शिकायती पत्र में निष्पक्ष जांच के बाद कार्यवाही करने की मांग की है।

### डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार दो लोग घायल

**कुरारा(हमीरपुर)।** हमीरपुर कालपी हाईवे पर अन्ना पशु के सड़क पर अचानक आ जाने से बाइक सवार डिवाइडर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय सीएचसी भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद वृद्ध को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। ग्राम पंचायत शंकरपुर गांव निवासी अजय (32) पुत्र रामप्रकाश गांव के ही वृद्धा मुन्ना (60) के साथ बाइक से शनिवार रात 9 :00 बजे कस्बे आ रहा था। तभी हमीरपुर कालपी हाईवे जल संस्थान के टंकी के पास अन्ना पशु सड़क में अचानक उनकी बाइक के सामने आने से बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिससे बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें कस्बे की सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों का प्राथमिक उपचार करने के बाद मुन्ना की हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### युवक पर पुत्री को फंसाने का आरोप

**बिवांर (हमीरपुर)।** थाना ललपुरा गांव के एक गांव निवासी महिला स्थानीय थाना में तहरीर दी। बताया कि थानाक्षेत्र के सायर गांव के मुनुवा उर्फ साबिर ने इंस्टाग्राम से उसकी पुत्री के फोटो सहित फोन नंबर को निकाल लिया है। वह उसकी बेटी से बातचीत कर रहा है। 15 वर्षीय पुत्री शहनाज के फोन पर युवक से बातचीत करते उसने पकड़ लिया। मना करने के बावजूद युवक नहीं मान रहा है। युवक ने मीठी मीठी बातें कर पुत्री को प्रेम जाल में फंसा लिया है और उसकी हरकतों से परेशान महिला ने उसके खिलाफ थाने में तहरीर दी है। मामले में एसआई सुल्तान खां ने बताया कि तहरीर मिली है। युवक अहमदाबाद में रहकर मजदूरी करता है। इंस्टाग्राम के जरिए युवक ने किशोरी से परिचय किया है। जिस पर फोन से किशोरी और युवक की बातचीत हो रही है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# शव वाहन रोका, विधायक की गाड़ी निकालने पर ऑफिसर को हटाया

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** कानपुर से जनपद की सीमा को जोड़ने वाले यमुना पुल की मरम्मत को लेकर तीसरे सप्ताह में शनिवार के बाद रविवार को भी पुल की कोठी नंबर आठ में बेयरिंग बदलने का काम जारी रहा। इस दौरान लोगों का पैदल आवागमन चलता रहा। वहीं यमुना पुल के संचालन में लापरवाही की शिकायतों का संज्ञान लेकर जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कड़ी कार्रवाई करते हुए ड्यूटी के प्रति लापरवाही बरतने वाले सहायक रूट पेट्रोलिंग ऑफिसर संतोष कुमार चौधरी को जनपद से हटाकर लखनऊ क्षेत्रीय कार्यालय से संबद्ध कर दिया है।


पुल से पैदल निकलते लोग। अमृत विचार


पुल की मरम्मत करने में लगे पीएनसी कर्मी। अमृत विचार

बीते 14 जून से 21 जुलाई तक प्रत्येक सप्ताह के शनिवार और रविवार को नेशनल हाईवे के जर्जर हुए यमुना पुल की मरम्मत को लेकर पुल से पूरी तरह यातायात बंद कर दिया जाता है। रविवार को चार इंजीनियरों सहित 15 एक्सपर्ट की टीम ने प्रेशर जैक की मदद से उठाकर कोठी नंबर आठ में बेयरिंग बदलने का काम किया। इस दौरान लोगों की पैदल आवाजाही चलती रही। दूधिया अपने सिर में पीपे लादकर पुल पार करते दिखे। वहीं बच्चे और बुजुर्ग भी पुल से पदयात्रा करते हुए अपने गंतव्य को जाते दिखे। वहीं शनिवार को पुल बंदी के

- **रविवार को यमुना पुल की कोठी नंबर आठ की बेयरिंग बदलने का हुआ काम, विधायक बोले- भाई को रेफर किया गया था**

बीच सदर विधायक मनोज प्रजापति की गाड़ी को पुल से निकलने और शव वाहन को रोककर स्ट्रेचर में मां के शव को लेकर बेटों द्वारा पुल पर पैदल निकलने के मामले की खबर सोशल मिडिया में वायरल होते ही जिला प्रशासन में खलबली मच गई। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने मामले का संज्ञान लेते हुए पीएनसी के परियोजना प्रबंधक एमपी वर्मा को कड़े निर्देश दिए। एमपी वर्मा ने बताया कि यमुना पुल पर मरम्मत कार्य के दौरान वाहन को पुल से निकालने एवं ड्यूटी के प्रति लापरवाही बरतने पर उत्तरदायी सहायक रूट पेट्रोलिंग ऑफिसर संतोष कुमार चौधरी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उन्हें जनपद से तत्काल प्रभाव से हटा कर क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ में सम्बद्ध कर दिया है। वहीं सदर विधायक डॉ.मनोज प्रजापति ने बताया कि शुक्रवार की शाम उनके भाई की तबीयत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां से चिकित्सकों ने सुबह साढ़े पांच बजे के करीब कानपुर रेफर कर दिया था। जिस पर परिजन उन्हें छह से सात बजे के बीच पुल बंद होने की स्थिति में होने पर वहां से उनकी गाड़ी निकली थी।

## सदर कोतवाली क्षेत्र के भिलावां मोहल्ले का था निवासी, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

# मछली का शिकार करने गया युवक यमुना में डूबा, दूसरे दिन मिला शव

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** घर से मछली का शिकार करने गया युवक यमुना नदी में डूब गया। तलाश करने के बाद भी देर रात तक उसका कोई सुराग नहीं लगा। रविवार को यमुना नदी किनारे उसका पानी में उतराता शव बरामद हुआ। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के भिलावां मोहल्ला निवासी नंदकिशोर निषाद (45) शनिवार को मछली का शिकार करने के लिए यमुना नदी गया था। जहां पैर फिसलने से युवक नदी के गहरे पानी में चला गया। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना परिजनों को दी। सूचना पर पहुंचे परिजन व अन्य लोगों ने उसकी तलाश शुरू की। लेकिन देर रात तक उसका कोई सुराग नहीं लगा। जिस पर उन्होंने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। रविवार को यमुना नदी किनारे नंदकिशोर का शव पानी में उतराता मिला। जिसकी जानकारी होने पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। वहीं सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।


घटना स्थल पर लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

### सड़क हादसे में हुई मौत के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**मौदहा (हमीरपुर)।** चकदहा के निकट लोडर और बाइक की टक्कर में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि एक युवक का इलाज कानपुर में चल रहा है। इस मामले को लेकर पुलिस ने लोडर चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। महोबा के कहरा कला निवासी छत्रपाल पुत्र विरंजीलाल ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते 16 जून की शाम उसका पुत्र आदर्श और दामाद मुकेश बाइक से बसवारी से लौट रहे थे तभी रमना के निकट उन्होंने बाइक खड़ी कर लघुशंका कर रहे थे, उसी समय एक लोडर चालक ने लापरवाही से लोडर चलाते हुए दोनों को टक्कर मार दी। इससे दोनों घायल हो गए। उसके पुत्र आदर्श की जिला अस्पताल में मौत हो गई जबकि दामाद मुकेश का कानपुर में इलाज किया जा रहा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पंखा चालू करते समय करंट लगने से युवती की चली गई जान

**मौदहा (हमीरपुर)।** विकासखंड के लदार गांव में पंखा चालू कर रही युवती करंट की चपेट में आ गई जिससे युवती की मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिवांर थानाक्षेत्र के ग्राम लदार निवासी छोटेलाल की पुत्री सजनी (18) शनिवार को घर में पंखा चालू कर रही थी। तभी वह करंट लगने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गई। हालांकि परिजनों द्वारा युवती को इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने युवती को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची बिवांर थाना पुलिस ने युवती के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। घर में हुई इस घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया है और परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।


सजनी।

## दुष्कर्म के साथ रुपये ऐंठने का लगाया आरोप

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे की एक महिला ने एक युवक पर घर में घुसकर दुष्कर्म करने और दुष्कर्म का वीडियो बनाने के साथ ही वीडियो वायरल करने की धमकी देकर बार-बार दुष्कर्म करने व रुपये ऐंठने का आरोप लगाया है। जबकि आरोपी युवक द्वारा एंड्रॉइड फोन नहीं चला पाने की बात सामने आ रही हैं और पुलिस मामले की जानकारी होने से इनकार कर रही है।

कस्बे के एक मोहल्ला निवासी महिला ने बताया कि उसका पति अरब में रहता है और बीते दो साल पहले कस्बे के मोहल्ला चौधराना निवासी कोठारी पुत्र ढोला उसके घर में घुस आया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं महिला ने दुष्कर्म का वीडियो बनाने और उसे वायरल करने की धमकी देकर बार बार दुष्कर्म करने का भी आरोप लगाया है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उससे तीन लाख रुपये भी ले चुका है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि ऐसा कोई मामला कोतवाली में नहीं आया है। अब सोशल मीडिया में कुछ वायरल हुआ है तो उन्हें जानकारी नहीं है। लेकिन अगर ऐसा है तो पीड़िता को कोतवाली आना चाहिए।


कुरारा-मनकी मार्ग में हुए गड्ढों में भरा बरसात का पानी। अमृत विचार

## कुरारा-मनकी मार्ग पर गड्ढों की भरमार, चलना दुश्वार

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** क्षेत्र में दस माह पूर्व मरम्मतीकरण के बाद कुरारा मनकी मार्ग फिर से भारी भरकम गड्ढों में तब्दील होने से आवागमन करने में मुसाफिरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के लोगों ने सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है।

सिवनी गांव के हर नारायण सिंह ने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा 10 माह पूर्व कुरारा से जगनपुर गांव तक मरम्मत कार्य कराया था। वहीं कुतुबपुर गांव में सिवनी गांव के बस स्टॉप में सड़क अपना नाम निशान खोकर भारी भरकम गड्ढों में तब्दील होने से छोटे वाहनों को निकलने में वाहन चालकों को काफी मशक्कत उठानी पड़ती है। मिश्रीपुर के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि उमाशंकर ने बताया कि सिमरा गांव से लेकर मिश्रीपुर गांव तक लोक निर्माण विभाग आधे अधूरे गड्ढों को पूरा नहीं करा सका। इससे 3 किमी सड़क गड्ढों में तब्दील होती जा रही है।

वहीं हमीरपुर में यमुना नदी के पुल में काम होने के कारण शनिवार रविवार ज्यादातर वाहन कुरारा मनकी मार्ग से होकर कानपुर आवागमन करते हैं। सड़क में वहां क्रॉसिंग करने के समय साइड से नीचे उतारना पड़ता हैं। इस बरसाती मौसम में अगर बारिश होती है तो बड़े वाहन निकलते ही जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से भारी भरकम गड्ढों को भरवाने व सड़क मरम्मत कराने की मांग की है।

## जीएनएम डिप्लोमा के नाम पर लाखों रुपये हड़पने का आरोप

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- **पीड़ित छात्रों ने कोतवाली पहुंचकर लगाई न्याय की गुहार**

**अमृत विचार।** जीआरवी स्कूल के पास संचालित नेहरू युवा समिति सोशल वेलफेयर सोसाइटी में जीएनएम का डिप्लोमा कराने के नाम पर छात्रों के साथ ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित छात्रों ने कोतवाली में आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। लेकिन आरोपी व्यक्ति की गिरफ्तारी न होने पर छात्रों ने कोतवाली पहुंचकर मामले में सख्ती के साथ कार्रवाई की मांग की है।

क्षेत्र के खड़ेही लोधन गांव की निवासी लक्ष्मी, कशिश, सोनी, बबली, दीप्ति, काजल, बृजेंद्र, अमित और मोहम्मद राशिद ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि नगर के जीआरवी स्कूल के पास संचालित नेहरू युवा समिति सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष देशराज निवासी फरसौलियाना ने उन सभी लोगों को जीएनएम का डिप्लोमा करने के नाम पर करीब 5 लाख रुपये अलग-अलग तरीखों में लिए। बताया कि उक्त व्यक्ति ने न तो उनका जीएनएम का डिप्लोमा कराया और न ही रुपये वापस दे रहा है। पीड़ित छात्र-छात्राओं ने बताया कि जब वह अपने रुपये वापस लौटने की मांग करते हैं तो आरोपी फर्जी एमएमएस बनाकर उन्हें बदनाम करने की धमकी दे रहा है। 3 जून को कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। लेकिन कोतवाली पुलिस ने आरोपी पर किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई की है।

## बकायेदारों से वसूले 7.72 लाख

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** विद्युत विभाग ने घर-घर जाकर विद्युत उपभोक्ताओं की चेकिंग की और बकायेदारों के विद्युत कनेक्शन काटे। इस दौरान टीम ने करीब आठ लाख रुपये बकायेदारों से जमा कराया। चेकिंग के दौरान विद्युत भार की जांच की गई और जहां गलत पाया गया वहां विद्युत भार की वृद्धि की गई।

नवागंतुक अधिशासी अभियंता इं.रमेश चन्द्र गौतम के निर्देश पर बिजली विभाग द्वारा कस्बे में चलाए जा रहे वृहद चेकिंग अभियान के दौरान 244 उपभोक्ताओं की जांच की गई। इस दौरान 114 बकायेदारों के विद्युत कनेक्शन काटे गये। चेकिंग के दौरान विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने 7.72 लाख रुपये की वसूली की। इस दौरान टीम ने विद्युत चोरी पर निगाह रखी और उपभोक्ताओं की समस्याओं को भी सुना। जांच के लिए अधिशासी अभियंता इं. रमेश चन्द्र गौतम ने उपखंड अधिकारी सत्येन्द्र कुमार, उपखण्ड अधिकारी सरीला, जेई अनिल कुमार, जेई राकेश मौर्या, सुधीर कुमार व अमित कुमार सहित अन्य कर्मचारियों की चार टीमों को गठित किया। 11 उपभोक्ताओं के भार में वृद्धि की गई। उपभोक्ताओं के बिल को ठीक किया गया। इं. रमेश चन्द्र गौतम ने बताया कि यह अभियान प्रतिदिन जारी रहेगा, उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वह विच्छेदन तिथि के पूर्व अपना विद्युत बिल जमा कर दें और विद्युत चोरी से बचे। उन्होंने स्पष्ट करते हुए बताया कि 10 हजार रुपये से अधिक के बकायेदारों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।


राठ कस्बे में विद्युत चेकिंग करते विद्युत विभाग के अधिकारी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### पांचवें दिन भी जारी रहा अधिवक्ताओं का अनशन

**हमीरपुर।** तीन महीने बीतने के बाद भी वकील के घर से लाखों की हुई चोरी की घटना का खुलासा न होने से नाराज अधिवक्ताओं ने बुधवार को जजी परिसर में क्रमिक अनशन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा था। अभी तक कोई कार्रवाई न होने पर पांचवें दिन भी अनशन जारी रहा। सुमेरपुर थानाक्षेत्र के सिमनौड़ी गांव निवासी अधिवक्ता राम किशन यादव ने ज्ञापन में बताया कि बीते 17 मार्च की रात चोरो द्वारा उनके घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसमे 20 हजार नगदी सहित लगभग बीस लाख के जेवरात चोरी गए थे। बताया कि उन्होंने सुमेरपुर थाने में नामजद रपट दर्ज कराई थी किन्तु सुमेरपुर पुलिस की हीला हवाली के चलते तीन माह बीतने के बाद भी न तो अभियुक्तों की गिरफ्तारी न हीं घटना का खुलासा नहीं किया गया। उन्होंने घटना का खुलासा करने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं संग बुधवार को जजी परिसर में क्रमिक अनशन किया।


पीड़ित परिवार को सांत्वना देने पहुंचे सदर विधायक डॉ.मनोज प्रजापति।

### विधायक पहुंचे पीड़ित के घर दी सांत्वना

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** रविवार को सदर विधायक ने पुल से खुद की गाड़ी निकालने पर कस्बे के बांकी मार्ग स्थित आवास में पत्रकार वार्ता करके अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि उनकी गाड़ी पुल बंद होने के पूर्व ही गुजर गई थी। इस प्रकरण में सरकार की छवि खराब करने की कोशिश हुई है। इसके बाद वह पीड़ित परिवार से मिलने टेढ़ा पहुंचे और सांत्वना देते हुए कहा कि उनकी हर संभव मदद की जाएगी। विधायक की गाड़ी पुल से गुजरने पर राजनीति गरमा गई है। पार्टी नेता कार्यकर्ता ही सोशल मीडिया में तरह-तरह के प्रश्न करके प्रशासन को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं। रविवार को सदर विधायक डॉ.मनोज कुमार प्रजापति कस्बे में पत्रकार वार्ता करके इस प्रकरण पर सफाई देते हुए कहा कि उनकी गाड़ी पुल बंद होने के पूर्व गुजर गई थी। इस प्रकरण में उन्हें बेवजह का घसीटकर सरकार की छवि खराब की जा रही है। इसके बाद वह पीड़ित परिवार से मिलने टेढ़ा गांव पहुंचे। यहां पर मृतका शिव देवी के पुत्रों मानसिंह एवं जय सिंह सहित अन्य परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वह पूरे प्रकरण से मुख्यमंत्री को अवगत कराकर मदद की मांग करेंगे। इस मौके पर पूर्व प्रधान सौरभ सिंह आदि मौजूद रहे।

### एआरपी चयन में हुई धांधली की विधायक से शिकायत

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** बेसिक शिक्षा विभाग में परिषदीय विद्यालयों में एआरपी चयन में हुई धांधली की शिकायत चयनित शिक्षकों ने सदर विधायक से करते हुए ब्लॉक आवंटन में मनमानी करने का आरोप लगाया। चयनित एआरपी विज्ञान मुख्तार अहमद खान, अंग्रेजी कालीदीन, सामाजिक विज्ञान वर्षा सिंह, विज्ञान नीलम देवी, गणित पुनीत त्रिवेदी ने सदर विधायक डॉ.मनोज कुमार प्रजापति को सौंपी शिकायत में आरोप लगाया है कि 2 जून को चयनित एआरपी को मेरिट के आधार पर ब्लॉक आवंटन किया जाना था। लेकिन अधिक अंक पाए शिक्षकों को दरकिनार करके कम अंक पाने वाले शिक्षकों को नियुक्त तिथि आधार बनाकर ब्लॉक आवंटन किया गया है। जबकि अन्य जनपदों में मेरिट लिस्ट से ही एआरपी चयन करके ब्लॉक आवंटित किए गए हैं। साथ ही 4 वर्ष पूर्व भी यही प्रक्रिया अपनाई गई थी। शिक्षकों ने सदर विधायक से मेरिट के आधार पर ब्लॉक आवंटन कराए जाने की मांग की है।

**आस्था** आषाढ़ के तीसरे रविवार को लगता है मेला, भक्त भौरियां बनाकर लगाते हैं भोग

# झलोखर के प्राचीन भुइयारानी मंदिर में मेला, उमड़े भक्त

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** क्षेत्र के झलोखर गांव स्थित प्राचीन भुवनेश्वरी भुइयारानी मंदिर में आषाढ़ मास के तीसरे रविवार को मेला आयोजित किया गया। देवी मंदिर में भक्तों ने पूजा अर्चना कर मंदिर परिसर में भौरियां बनाकर पूजा अर्चना के बाद प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान कई प्रदेशों व गांव क्षेत्र के भक्तों की भीड़ एकत्रित रही।

झलोखर गांव में प्राचीन मां भुवनेश्वरी भुइयारानी का मंदिर स्थित है, इस मंदिर में वर्ष भर प्रत्येक रविवार को भक्तों का आवागमन रहता है। यहां की ऐसी मान्यता है कि बात, गठिया रोग में इस मंदिर की मिट्टी के लेप करने से दूर हो जाता है। मंदिर में कुम्हार बिरादरी के पुजारी हैं। पुजारी निर्भय दास प्रजापति ने बताया कि आषाढ़ मास में इस मंदिर की महत्ता बढ़ जाती है तथा प्रत्येक रविवार को ब्लाक क्षेत्र के गांवों के लोग मंदिर परिसर में आग के उपले में भौरियां बनाकर खाते हैं तथा मंदिर में पूजा अर्चना करते हैं वहीं ग्राम के बालेंद्र सिंह ने बताया कि इस मंदिर की रज (मिट्टी) का महत्व विशेष हो जाता है। इस मिट्टी में औषधीय तत्व पाए जाते हैं जिसमें हाथ पैर में होने वाले बात, गठिया रोग में राहत मिलती है। इस मंदिर ख्याति दूर दूर तक है। अन्य जनपदों व प्रांतों के लोग आकर शनिवार की रात मंदिर में रुकते हैं तथा रविवार को सुबह पूजा अर्चना करते हैं।

मंदिर के बाहर मेले का आयोजन होता है। जिसमें महिलाएं रोजमर्रा के सामान की खरीदारी करती हैं। वहीं भुइयारानी मंदिर व मेले का 1854 के ब्रिटिश गजेटियर में भी उल्लेख है।


भुइयारानी मंदिर में पूजा-अर्चना करतीं महिलाएं। अमृत विचार

# टेंडर प्रक्रिया के दौरान जिला पंचायत कार्यालय में हंगामा

## ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों के साथ की गई अभद्रता

कार्यालय संवाददाता, महोबा


जिला पंचायत में हंगामा करते दबंग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला पंचायत कार्यालय में शनिवार की शाम टेंडर प्रक्रिया के दौरान उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब दबंग ठेकेदारों ने रौब दिखाते हुए न केवल टेंडर प्रक्रिया को बाधित किया, बल्कि वहां मौजूद कर्मचारी से अभद्रता की। भाजपा के जिला पंचायत अध्यक्ष जय प्रकाश अनुरागी व सदस्य मृत्युंजय प्रताप सिंह को जाति सूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी तक दे डाली। इस पूरी घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

शनिवार की शाम को जिला पंचायत कार्यालय में टेंडर जमा करने की प्रक्रिया चल रही थी। आरोप है कि उसी समय कुछ दबंगों ने अपने समर्थकों के साथ कार्यालय पहुंच कर टेंडर पेटी में पानी डालने की कोशिश की। जब वहां मौजूद कर्मचारी ने इसका विरोध किया तो उसके साथ अभद्रता कर हंगामा शुरू कर दिया। शोर गुल सुनकर कक्ष से बाहर निकले जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी और सदस्य मृत्युंजय प्रताप सिंह को जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गालियां दी।

घटना को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक को एक तहरीर दी है, जिसमें सीसीटीवी फुटेज भी सौंपा गया है। उन्होंने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। घटना के बाद कार्यालय के कर्मचारियों में भारी दहशत और असुरक्षा का माहौल व्याप्त है।

### जिला पंचायत अध्यक्ष सीएम से मिलेंगे

जिला पंचायत महोबा के खनन परिवाहन की टेंडर प्रक्रिया का शनिवार की शाम को अंतिम दिन था, जिन लोगों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया था, उनकी हार्ड कॉपी जमा की जा रही थी। तभी कुछ लोग 10-12 गाड़ियों के साथ जिला पंचायत पहुंच कर कर्मचारियों के साथ अभद्रता करने लगे। और उसे हड़काकर भगा दिया, गाली गलौज की। जिला पंचायत अध्यक्ष के साथ भी जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। इसकी शिकायत मैने पुलिस अधीक्षक से की है। अध्यक्ष का कहना है पुलिस जांच पड़ताल करने में जुटी है। इस मामले को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से मिलकर घटना के बावत अवगत कराया जाएगा। अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह का कहना है कि टेंडर प्रक्रिया के दौरान जिला पंचायत कार्यालय में हुए विवाद के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ है।

## एक नजर

### नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 532 रोगियों का परीक्षण

**चरखारी महोबा।** कस्बा खरेला में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में भारी भीड़ जुटी। शिविर में 532 मरीजों का परीक्षण चिकित्सकों द्वारा किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण कराने के लिए सुबह से ही ग्रमीणों का आना शुरू हो गया। जहां पर पहले उनका पंजीयन कराया गया, इसके बाद स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। श्री काशी प्रसाद इण्टर कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य स्व. महेन्द्र प्रताप सिंह की प्रथम पुण्य स्मृति में कस्बा खरेला के डॉ. रणधीर सिंह ज्ञान सरोवर विद्यालय में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगा। इस मौक पर फिजीशियन डॉ. रामुमार सिंह परमार, डॉ. दिलीप सिंह परमार, परमार कबरई के डॉ. प्रशान्त सिंह परमार, बैंगलौर के सर्जन डॉ. विक्रान्त सिंह सेंगर, डॉ. पीआर सोनी, पूर्व चिकित्सधिकारी डॉ. देवेन्द्र सिंह सेंगर आदि ने 532 मरीजों का परीक्षण किया।

### अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**महोबा।** शहर के मुहल्ला तखियापुरा निवासी राजू (52) पुत्र जहुरुल इस्लाम की संदिग्ध परिस्थितयों में मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि उनकी मौत हार्ट अटैक से हुई है। लेकिन मौत को संदिग्ध मानते हुए पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# नाकाबपोश बदमाशों ने पुजारी को पीटकर किया लहूलुहान

**महोबा।** खरेला थाना के गांव गढ़हरी के पास स्थित शेर माता मंदिर के पुजारी के आवास में घुसकर नकाबपोश बदमाशों ने सरेशाम पुजारी की मारपीट की। शोर शराबा सुनकर आस पास के लोगों को आता देख बदमाश मौके से भाग गए। पुजारी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारम्भ कर दी है।

जानकारी के मुताबिक पुपवारा व गढ़हरी गांव के बीच में स्थित आस्था का केन्द्र शेर माता मंदिर में बीस वर्षों से पाठा गांव के निवासी दिवाकर सिंह पुत्र शिवराम सिंह पूजा कर रहे हैं। शनिवार की देर शाम को जब पुजारी अपने आवास पर आराम कर रहे थे तभी एक चार पहिया वाहन पर सवार होकर चार नकाबपोश बदमाश पहुंचे और कहा कि तुमने प्रसाद चढ़ाने से मना किया है और गाली गलौच करते हुए हमलावर हो गए। लाठी डण्डों से प्रहार करते हुए पुजारी को लहुलुहान कर दिया। पुजारी को नाजुक हालत में अस्पताल पहुंचाया गया।


नेरो को श्रद्धांजलि देतीं एसपी डॉ .दीक्षा शर्मा। अमृत विचार

# नेरो डॉग को पुलिस ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**हमीरपुर।** प्रशिक्षित स्निफर डॉग नेरो की मौत पर रविवार को पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा सहित अन्य अधिकारियों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

नेरो 30 अक्टूबर 2019 से जनपद के डॉग स्क्वाड में पदस्थापित हुआ। उसकी उम्र लगभग 07 वर्ष थी। सेवाकाल के दौरान नेरो ने हत्या, चोरी एवं नकबजनी जैसे 25 से अधिक अपराधों के सफल अनावरण में योगदान दिया। नेरो की कुशल सूंघने की क्षमता और प्रशिक्षित व्यवहार ने पुलिस को कई जटिल मामलों को बेहद कम समय में सुलझाने में मदद की। उसकी विशिष्ट प्रशिक्षण प्राप्त क्षमता के कारण कई बार ऐसे सुराग भी सामने आए, जो सामान्य जांच में संभव नहीं थे। नेरो की कार्यशैली अत्यंत सतर्क, अनुशासित एवं सटीक थी। बीते 23 जून को नेरो अस्वस्थ हो गया था। जिसके पश्चात उसे तत्काल चिकित्सा के लिए कानपुर रेफर किया गया। वहां से बेहतर उपचार के लिए उसे भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान इज्जत नगर जनपद बरेली भेजा गया। जहां 28 जून को उपचार के दौरान उसका निधन हो गया।

# कर्मचारी संघ के 11वीं बार जिलाध्यक्ष बने जगदीश

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


निर्वाचित अध्यक्ष जगदीश निगम।


मिनी कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

● मिनी कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ का वार्षिक चुनाव संपन्न

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश मिनी कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ का वार्षिक चुनाव रविवार को सादगी के साथ सम्पन्न हुआ। जिसमे अध्यक्ष पद पर जगदीश कुमार निगम निर्विरोध निर्वाचित हुए। साथ ही 25 मतों से जीत हासिल कर प्रकाश सौरभ जिला मंत्री बने। जगदीश कुमार निगम को 11 वीं बार संघ के जिलाध्यक्ष बनने पर संघ के कार्यकर्ताओं सहित उनके शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं दीं।

रविवार को पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत मिनी कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें जगदीश कुमार निगम को 11 वीं बार जिलाध्यक्ष घोषित किया गया। वहीं 25 मतों से विजयी होकर प्रकाश सौरभ जिला मंत्री बने। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर जितेंद्र यादव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर प्रमोद कुमार, संयुक्त मंत्री के पद पर आशीष कुमार कौशल, कोषाध्यक्ष के पद पर शिवम राजपूत, संगठन मंत्री रश्मि सचान, ऑडिटर के पद पर रियाज अहमद एवं सांस्कृतिक/क्रीडा मंत्री के पद पर मनोज कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव अधिकारी के रूप में तेज बहादुर मिश्रा, रामपाल कुशवाहा, बादल खां एवं श्याम बिहारी वर्मा रहे। चुनाव में कलेक्ट्रेट के प्रशासनिक अधिकारी अवधेश अवस्थी, प्रदीप निगम, सफी मोहम्मद के साथ-साथ समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। चुनाव संपन्न होने पर कलेक्ट्रेट सभागार में निर्वाचित पदाधिकारी का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष और जिला मंत्री ने कर्मचारियों की समस्त समस्याओं का निस्तारण कराने का संकल्प लिया। इस मौके पर राजेश श्रीवास्तव, फौजिया इस्लाम, सतमन शाह, नाथूराम, राजेंद्र धुरिया, राजकुमार त्रिवेदी, गुरदेव सिंह, लतीफ अहमद आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विधायक के पत्र पर हटाए गए श्रम प्रवर्तन अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

● दलालों के माध्यम से अपात्रों को लाभ दिलाने की हुई थी शिकायत

**अमृत विचार।** श्रम प्रवर्तन विभाग से संचालित योजनाओं में दलालों के माध्यम से अवैध वसूली करने की शिकायत सदर विधायक डॉ. मनोज प्रजापति ने मुख्यमंत्री सहित शासन स्तर पर की इसीके चलते शासन ने श्रम प्रवर्तन अधिकारी को जिले से हटा दिया है।

सदर विधायक ने श्रमिकों के साथ हो रहे शोषण को लेकर मुख्यमंत्री के साथ श्रम मंत्री, प्रमुख सचिव श्रम, श्रम आयुक्त कानपुर, सचिव बीओसीडब्ल्यू बोर्ड को पिछले 12 जून को पत्र भेजा था। विधायक ने पत्र में कहा था कि सरकार द्वारा समाज के सबसे निचले पायदान में खड़े गरीब निर्माण श्रमिकों के उत्थान के लिए यूपी बीओसीडब्ल्यू बोर्ड के माध्यम से अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। जिसमें कन्या विवाह सहायता योजना, मातृत्व शिशु बालिका मदद योजनाओं में श्रम प्रवर्तन अधिकारी असद खान द्वारा अपात्रों के आवेदन तत्काल संस्तुति एवं भुगतान कराकर जनपद में फैले दलालों के माध्यम से 15 से 20 हजार रुपये तक अवैध वसूली करा रहे हैं। वहीं ऐसे पात्र श्रमिक जो घूस देने में असमर्थ हैं उनके आवेदनों को अपात्र दिखा कर निरस्त कर दिया जाता है। जिसकी शिकायत उनके पास लगातार प्राप्त हो रही हैं। परन्तु उक्त अधिकारी के आचरण में कोई सुधार नहीं हो रहा है। जिससे जनपद में सरकार की छवि काफी धूमिल हो रही है। विधायक के पत्र पर संज्ञान लेते हुए शासन ने श्रम प्रवर्तन अधिकारी का बहराइच स्थानांतरण किया है।

## सार-संक्षेप


श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण करते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

### 21 बूथों पर मनाया गया बलिदान दिवस

**महोबा।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस से 6 जुलाई तक बूथ स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों की श्रंखला में चरखारी भाजपा मण्डल के अध्यक्ष अमित पटैरिया के निर्देश पर नगर के 21 बूथों पर बलिदान दिवस मनाया गया। वार्ड नवादा बूथ प्रभारी अरुण दीक्षित उर्फ आशु महाराज के नेतृत्व में कस्बा के प्रमुख स्थल गांधी पार्क में बलिदान दिवस पर प्रभात मिश्रा, राज शर्मा, सभासद महेन्द्र श्रीवास, आदित्य, सुमित आदि ने उनके चित्र पर माल्यार्पण करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। बूथ प्रभारी अरुण दीक्षित ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को भारतीय राजनीति और समाज में उनके दूरदर्शी दृष्टिकोण और समय से आगे की सोच के लिए जाना जाता है। उनके जीवन और कार्यों ने दिखाया कि वे न केवल अपने समय के मुद्दों को समझते थे, बल्कि भविष्य की चुनौतियों और अवसरों का भी गहरा ज्ञान रखते थे। एक देश और एक विधान का मंत्र देने वाले डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी ने इसके लिए मिसाल पेश की।


रामलीला का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

### रावण वध के साथ जय श्रीराम के उद्घोष से गूंजा पंडाल

**महोबा।** सिद्ध बाबा धाम परिसर में चल रहे पांच कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ के अंतिम दिन शनिवार की रात को रामलीला मंचन के दौरान जैसे ही रावण वध की लीला का मंचन हुआ, पूरा पंडाल जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। आदर्श रामलीला मंडल द्वारा प्रस्तुत इस भव्य मंचन में मेघनाद वध, कुम्भकर्ण वध और अंत में रावण वध जैसे प्रसंगों का मंचन किया गया। राम की भूमिका में पंकज नायक, लक्ष्मण के रूप में दिनेश नायक और ढोलक पर संगत करते धीरेन्द्र राजा के साथ व्यास गद्दी पर मनोज तिवारी विराजमान रहे। महायज्ञ आयोजन समिति के मुख्य यजमान फूल सिंह यादव, ग्राम प्रधान नन्हेराम अनुरागी, संरक्षक बबलू महाराज छुन .छुन वाला, प्रबंधक सुरेन्द्र राजपूत, उप प्रबंधक महिपाल सिंह, अध्यक्ष हरी सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष घंटू सेठ, संयोजक डॉण् एसण्केण् पाठक, कोषाध्यक्ष सोनू सेठ तथा सह .कोषाध्यक्ष नंदू सेठ सहित समिति के अन्य पदाधिकारी आयोजन में सक्रिय भूमिका में उपस्थित रहे ।पंडाल में उमड़े श्रद्धालुओं ने जयघोष के साथ रामभक्ति में सराबोर होते हुए आयोजन को सफल बनाया।

# नमामि गंगे योजना का रिवई के ग्रामीणों को नहीं मिल रहा लाभ

कार्यालय संवाददाता, महोबा


हैंडपंप में पानी भरतीं महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** हर घर जल योजना में महोबा जनपद ने प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त कर लिया है और इसी तमगे को पाकर जेजेएम के ठेकेदार शासन से सप्लाई का पैसा वसूल कर रहे हैं लेकिन धरातल पर हालात उल्टे हैं यहां पर 70 प्रतिशत ग्रामीण आज भी हर घर जल योजना के लाभ से वंचित हैं।

चरखारी विकास खण्ड के ग्राम रिवई में जेजेएम के तहत कार्यदायी संस्था द्वारा चरखारी मुस्करा रोड पर सड़क के किनारे किनारे करीब 100 मीटर के क्षेत्र में ही पाइप लाइन डाली गयी है। ग्रामीणें ने बताया कि रिवई में आज भी जल संस्थान की सप्लाइ मिल रही है। हर घर जल योजना का रिवई गांव में कोई लाभ नही मिल पा रहा है। गांव के पूर्व प्रधान, वर्तमान प्रधान, के क्षेत्र, बाजार मुहाल, बांझखोर, दाऊपुरा, नरसिंहपुरा, कुम्हारपुरा आदि में आज भी जेजेएम की पाइप लाईन नहीं डाली गयी है जहां गांव की 70 प्रतिशत आबादी पानी की सप्लाई से वंचित है। ग्रामीणों ने बताया कि रिवई मे सड़क के किनारे वाले हिस्सों में ही जेजेए ने पाइल लाईन डाली है। ग्रामीणों का कहना है कि पूरे गांव में पाइप लाइन डालवाने की मांग को लेकर स्थानीय प्रशासन से कई बार मांग की गयी और जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो ग्रामीणों ने रोड पर जाम लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। फिरभी समाधान नहीं हुआ।

# संस्कार भारती से जुड़े हजारों कलासाधक

**महोबा।** संस्कार भारती इकाई महोबा की एक बैठक माधव इंटर नेशनल स्कूल में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में संस्कार भारती कानपुर बुन्देलखंड प्रांत के कोषाध्यक्ष समरेन्दु शुक्ला उपस्थित हुए।

बैठक में मुख्य अतिथि ने संस्कार भारती के उपदेश पर प्रकाश डाला। फर्रुखाबाद से आए संस्कार भारती के प्रांतीय कोषध्यक्ष समरेन्दु शुक्ला ने कहा कि संस्कार भारती एक ऐसा संगठन है जिसके प्रदेश तथा देश के हजारों कलासाधक जुड़े है। संस्कार भारती के जरिए तमाम कलाकारों को मंच मिला है। प्रांतीय मंत्री आदेश अवस्थी ने कहा कि संस्कारा भारती के द्वारा ऐसे कलाकार जो गांव देहात में रह रहे हैं, जिन्हें मंच नहीं मिलता उन्हें भी मंच देने का संस्था कार्य करती है।

# जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान...

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** एक सूर्य है एक चांद व एक पृथ्वी और सबका मालिक भी एक है। उस परमात्मा को अहंकार त्यागकर सच्ची भक्ति से प्राप्त किया जा सकता है। इसमे जातपात आड़े नहीं आती। जैसा कि कबीर ने कहा कि जाति पाति पूंछे नाहि कोई हरि को भजै तो हरि के होई। उक्त विचार रविवार को शहर के संत कबीर आश्रत में आयोजित संत कबीर अमृतवाणी सत्संग में समिति प्रमुख एवं साईं कालेज के प्राचार्य डॉ. एलसी अनुरागी ने व्यक्त किए।

उन्होंने कबीर का दोहा सुनाते हुए कहा कि जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान मोल करो तलवार का पड़ी रहन दो म्यान। उन्होने कहा कि जो प्रभु की ओर सच्चे भाव से देखता है, प्रभु भी उस भक्त की ओर देखते हैं चाहे कोई किसी भी जाति का हो। सत्संग में पं. हरीशंकर नायक ने कहा कि मनुष्य को अपने अंदर व्याप्त छह दोष काम क्रोध लोभ मोह अंहकार को समाप्त करना चाहिए। पं. जगदीश रिछारिया ने भजन मन फूला फूला फिरे, जगत में कैसा नाता रे की व्याख्या करते हुए कहा कि यह एक प्रसिद्ध भजन है, जो संत कबीर द्वारा रचित है। वरिष्ठ कवि हरिश्चंद्र वर्मा ने अंधविश्वस समाप्त करने के लिए कबरी पर कविताएं प्रस्तुत की। वहीं कामत प्रसाद चौरसिया ने भी कबीरी दोहे सुनाए। अधिवक्ता सुनीता अनुरागी ने कहा कि कबीर के विचार समाज में शांति सद्भावना बनाए रखने के लिए आवश्यक है। इस मौके पर प्रदीप शर्मा, मयंक नायक, रामऔतार सैन सहित तमाम कबीरी भक्त मौजूद रहे।

**समस्या** एक किलो मीटर दूर से पानी लाने को मजबूर ग्रामीण

# मोटर फुंकने से जैतपुर में दो दिन से पेयजल आपूर्ति ठप

संवाददाता जैतुपर महोबा


हैंडपंप से पानी भरने के लिए खड़ी महिलाएं। अमृत विचार

अमृत विचार। जलापूर्ति के लिए लगाए गए दोनों मोटर अचानक ओवर लोड के चलते फुक जाने से दो दिन से कस्बे में पेयजल आपूर्ति ठप हो गई है। जिससे लोग बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे है। नलों में पानी न आने से ग्रामीण हैंडपंपों औरा कुओं का सहारा लेने को मजबूर है।

कस्बे में बेलासागर तालाब से पानी की आपूर्ति की जाती है। आपूर्ति के लिए नवीन टेंकर हाउस में लगाए गए दोनों मोटर फुक जाने से दो दिन से कस्बे की पेयजल आपर्ति ठप हो गई है। जल संस्थान द्वारा दो दिन बीत जाने के बाद भी आज तक मोटरों को ठीक नही कराया गया है। जिससे ग्रामीणों में खासा आक्रोश है। पानी के लिए ग्रामीण एक एक किलो मीटर दूर से मीठा पानी ला रहे है। सुबह से ही ग्रामीण पानी के इंतजाम मे जुट जाते है।

इस साल बेलासागर सरोवर में पानी की कमी नहीं है। इधर बारिश हो जाने से अब लोगों को भरपूर पानी मिलने की उम्मीद बढ़ गई है, इसके बाद भी जल संस्थान पेयजल आपूर्ति नहीं कर पा रहा है।

कस्बे में एक दिन छोड़ कर पनी की सप्लाई की जाती है। कस्बे के मुहल्ला खंदियापुरा निवासी पंचमलाल, अननू ठाकुर, धीरज प्रताप सिंह, बसंत लाल, श्याम सुंदर, जुगियाना मुहाल के शहीद खज्जू सुरेश रैकवार, लखन लाल का कहना है कि नमामि गंगे योजना के जेई दो दिन बाद भी फुकी पड़ी मोटरों को ठीक नही करा सके है। जिससे ग्रामीण बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे है।

### क्या कहते है अवर अभियंता

- अवर अभियंता वकील प्रसाद का कहना है कि मोटरें फुक जाने से कस्बे में पेयजल समस्या पैदा हो गई है, लोग पानी के लिए इधर उधर भटक रहे है। फुकी मोटरों को ठीक कराने के लिए मैकेनिक बुलाए गए है। 30 जून तक मोटर सही करा कर जलापूर्ति की जाएगी।

# जिले में सर्वोच्च राजस्व जमा करने वालों का किया गया सम्मान

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** जिला प्रशासन के तत्वावधान में विकास भवन सभागार में दानवीर भामाशाह के जन्म दिवस को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें राज्य स्तर पर लोकसभा लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री के संबोधन कार्यक्रम का सजीव प्रसारण समस्त व्यापारियों को दिखाया गया। इस मौके पर प्रोजेक्टर के माध्यम से दानवीर के व्यक्तित्व कृतित्व व उनके योगदान पर लघु फिल्म का भी प्रसारण किया गया। कार्यक्रम दौरान जिले में सर्वोच्च राजस्व जमा करने वाले व्यापारियों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

अध्यक्ष हमीरपुर डिस्टिक कोऑपरेटिव बैंक चक्रपाणि त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामप्रकाश उपस्थित रहे। हमीरपुर डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष ने कहा कि दानवीर भामाशाह ने कठिन समय में महाराणा प्रताप की सहायता की। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जब महाराणा प्रताप कठिन समय व्यतीत कर रहे थे तब दानवीर भामाशाह ने अपनी व अपने पूर्वजों की सारी संपत्ति महाराणा प्रताप को दान कर दी थी। इस दौरान राज्य स्तर पर लोक भवन लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री के सम्बोधन कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विकास भवन सभागार में सभी व्यापारी बंधुओं को दिखाया गया। प्रोजेक्टर के माध्यम से दानवीर भामाशाह के व्यक्तित्व, कृतित्व व उनके योगदान पर लघु फिल्म दिखाई गई। 2024-25 में जिले में सर्वोच्च राजस्व जमा करने वाले व्यापारियों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत लाभार्थी सुलेखा को 10 लाख की बीमा राशि का चेक वितरित किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त राज्य कर नीरज सेंगर, उपायुक्त उद्योग, सहायक आयुक्त राज्य कर प्रशांत कुमार राय आदि मौजूद रहे।

# बाइक सवार बदमाशों ने पिकअप लूटी, पुलिस आने पर छोड़कर भागे

## वाहन मालिक की सूचना पर पहुंची पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी

संवाददाता, मानिकपुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** मारकुंडी रोड पर शनिवार देर रात कुछ लोगों ने एक पिकअप पर पथराव कर लूटली। चालक की सूचना पर वाहन मालिक ने पुलिस को बताया पुलिस आने की भनक पाकर लुटेरे पिकअप को छोड़कर भाग निकले। पुलिस इनकी तलाश में जुटी हुई है।

जानकारी के मुताबिक, बमरौली उतरहार थाना धूमनगंज (प्रयागराज) निवासी मनीष पासी पुत्र कंचन प्रसाद ने शनिवार रात लगभग पौने दो बजे डायल 112 पर सूचना दी कि उसके चालक राजकुमार निवासी प्रयागराज व सहयोगी पंकज पिकअप लेकर प्रयागराज से सतना जा रहे थे। इन लोगों ने सूचना दी है कि थाना मानिकपुर अंतर्गत मारकुंडी रोड पर झरी रेलवे फाटक के पास दो बाइकसवार लोगों ने उनके वाहन पर पथराव किया है और वे (चालक और सहयोगी) दोनों वाहन छोड़कर भाग रहे हैं। इस सूचना पर पीआरवी के साथ कई थानों की पुलिस भी पहुंची पुलिस की भनक पाकर बदमाश पिकअप छोड़कर भाग निकले।

**कुछ दूरी पर मिली पिकअप:** उधर, पुलिस ने पिकअप को खोजबीन की तो वह सड़क से करीब 300 मीटर दूर बाईपास लाइन की ओर चूल्ही गांव की ओर जाने वाले रास्ते पर खड़ी मिली। इसके शीशे टूटे हुए थे। पुलिस ने चालक और खलासी को आसपास तलाशा पर वे भी नहीं मिले।

प्रभारी निरीक्षक मारकुंडी श्रीप्रकाश यादव ने उच्चाधिकारियों को मामले की जानकारी दी। एसपी अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर रविवार की सुबह अपर एसपी सत्यपाल सिंह, सीओ यामीन खान के साथ कई थानों की पुलिस और एसओजी टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से मुआयना किया।



घटनास्थल का मुआयना करते पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह। अमृत विचार

### सभी तथ्यों की जांच की जा रही : पुलिस अधीक्षक

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने भी घटनास्थल का मुआयना किया। उन्होंने बताया कि वाहन मालिक से पूछताछ से और रास्ते को देखते हुए यह प्रथमदृष्टया लूट का ही मामला लग रहा है। बताया गया है कि पहले एक बाइक से दो लोग आए थे और बाद में दूसरी बाइक से भी दो बदमाश आ गए थे। पुलिस सभी तथ्यों की जांच कर रही है। बताया कि चालक और खलासी की लोकेशन जबलपुर (मप्र) में मिली है। वे दोनों भी लौट रहे हैं। उनसे भी पूछताछ की जाएगी। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की गई जान

संवाददाता मऊ चित्रकूट

- देर रात अहिरी नदी के पास हुई दुर्घटना
- वाहन चालक का पता लगाने में जुटी पुलिस

**अमृत विचार।** मऊ थाना क्षेत्र अंतर्गत हाईवे पर अहिरी नदी के पास बाइकसवार को शनिवार देर रात किसी वाहन ने टक्कर मार दी। इससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात चालक पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वाहन और चालक का पता लगाया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक, देर रात साढ़े बारह बजे के आसपास कस्बे के नीबी रोड के पास का निवासी रवि कुमार अग्रहरि (34) पुत्र श्रीराम झांसी-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाइक से घर जा रहा था। अहिरी नदी के पास किसी वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने रवि को सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी दुर्ग विजय सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

मृतक के परिजनों की तहरीर पर अज्ञात वाहन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और वाहन और चालक की तलाश कर रहे हैं। रवि अपने परिवार में सबसे बड़ा था। उसकी पत्नी संजना देवी और मां विमला देवी, दो भाई और दो बहनों का हादसे के बाद से रो रो कर बुरा हाल है। रवि शिवपुर चौराहे के पास सब्जी की दुकान से परिवार का खर्च चलाता था।

### लोडर की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक घायल

**चित्रकूट।** हाईवे पर रविवार को एक लोडर और बाइक की टक्कर में बाइकसवार तीन युवक घायल हो गए। बताया जाता है कि शाम लगभग सवा छह बजे खोह गांव के सामने एक बाइक और लोडर की आमने सामने टक्कर हो गई। इससे बाइक पर सवार आकाश पुत्र दस्सु, विमल पुत्र कल्लू और सुखलेश पुत्र देवमुनि निवासीगण ग्राम कपुरी थाना रैपुरा घायल हो गए। इनको एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने घायलों के परिजनों को सूचना भेजी।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें



**अब सफाई अभियान...:** सीतापुर (चित्रकूट)। मंदाकिनी नदी में शनिवार को आई बाढ़ से रविवार को लोगों को राहत मिली। पानी कम होने के बाद भरतघाट, राघव प्रयाग घाट आदि घाटों में मिट्टी और कीचड़ साफ करने के लिए पहुंची मप्र अंतर्गत नगर परिषद की टीम ने स्वच्छता एवं अतिक्रमण प्रभारी प्रभात सिंह गहरवार की अगुआई में घाटों की साफ सफाई की।

## सार-संक्षेप



जंगलों में कांबिंग करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

### पुलिस ने जंगलों में की कांबिंग

**चित्रकूट।** क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल की अगुवाई में पुलिस ने कई जंगलों में कांबिंग की। प्रभारी निरीक्षक बहिलपुरवा आशुतोष तिवारी, अपराध निरीक्षक भरतकूप अभयराज सिंह के साथ पुलिसकर्मियों ने ग्राम ददरीमाफी, घाटाकोलान व थाना भरतकूप अंतर्गत कोल्हुआ के जंगलों में कांबिंग की। सीओ ने बताया कि कांबिंग का उद्देश्य नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। संवेदनशील इलाकों, भीड़भाड़ वाले स्थानों, सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए व संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख गैंगवार या अन्य संदिग्ध गतिविधियों पर रोकथाम करना है। इस पुलिस की सक्रियता से जनता में सुरक्षा का भाव पैदा होगा।

### दो जुलाई से मानिकपुर में लगेगा स्वास्थ्य शिविर

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** मानिकपुर कल्याण केंद्र में दो जुलाई से तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। केंद्र के लोगों ने बताया कि कामदगिरि वनांचल स्वास्थ्य सेवा यात्रा के तहत लगभग 200 चिकित्सकों की टीम आ रही है, जो लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण करेग। इसका उद्घाटन दो जुलाई को पूर्वाह्न 11 बजे किया जाएगा। इसमें स्वरूप रानी हास्पिटल प्रयागराज, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, केजीएमसी लखनऊ कमला नेहरू अस्पताल आदि के चिकित्सक लोगों का स्वास्थ्य जांचेंगे। इस मौके पर वृद्धावस्था, विधवा पेंशन, दिव्यांग प्रमाणपत्र ,आयुष्मान कार्ड आदि के स्टाल भी लगाए जाएंगे।

### छत के रास्ते घर में घुसकर पार किया सामान

**सीतापुर (चित्रकूट)।** रानीपुर भट्ट निवासी अखिलेश कुमार रैकवार ने पुलिस को तहरीर देकर घर में चोरी होने की जानकारी दी है। उसने बताया कि 29 जून की रात चोर उसके घर के छत के रास्ते से घुसे और लगभग साठ हजार रुपये और गहने ले गए। सुबह जागने पर छत का दरवाजा और सामान बिखरा मिला। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की गई जान

**कानपुर।** क्षेत्र के मरियानी गांव के सामने हाईवे पर रविवार दोपहर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में बाइक चालक युवक की मौत हो गई, जबकि साथ रहा उसका साथी गंभीर रूप से घायल हुआ। बांगरमऊ, उन्नाव निवासी लियाकत(23) रविवार को अपने साथी शाहरून के साथ बाइक द्वारा बांगरमऊ से कानपुर जा रहा था। तभी करीब 12 :00 बजे मरियानी गांव के सामने हाईवे पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई।हादसे की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भिजवाया। जहां लियाकत को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह राठौर ने बताया कि तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकराई है।

**न्यायालय सिटी मजिस्ट्रेट, इटावा**

वाद संख्या – 799/2025,
D–202503220000799
थाना–कोतवाली, धारा–152 बी. एन. एस.एस.
सतीश नरायन अग्रवाल
**बनाम**
राधेश्याम, प्रबंधक बौद्ध विद्या मंदिर आदि

सशर्त नोटिस अन्तर्गत धारा 152 (1) का न्यायालय सिटी मजिस्ट्रेट इटावा के यहाँ मुकदमा पंजीकृत है। जिसमें निम्न विपक्षीगण न्यायालय नहीं आ रहे हैं। राधेश्याम, अवध बिहारी अग्रवाल, महबूब अली । अतः आपको सूचित किया जाता है कि नियति दिनांक 1 जुलाई 2025 को न्यायालय में उपस्थिति आकर अपनी बात कहना सुनिश्चित करें। अन्यथा न्यायालय द्वारा एकपक्षीय आदेश पारित कर दिया जायेगा जिसका पूर्ण उत्तरदायी आप विपक्षीगण होगे।

आज्ञा से,
न्यायालय सिटी मजिस्ट्रेट
इटावा

## एक नजर

### करंट से दो भाइयों की मौत

**चित्रकूट।** करंट की चपेट में आने से दो भाइयों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, यूपी एमपी सीमा पर धारकुंडी थानांतर्गत अमिरती गांव में जयकिशोर साकेत के बेटे हरिलाल (14) और हिमांशु (10) घर के पास खेल रहे थे। इसी दौरान दोनों पास में रखे ट्रांसफार्मर के पास लगे तार के संपर्क में आ गए। हाईटेंशन करंट से दोनों बुरी तरह झुलस गए और अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दोनों ने दम तोड़ दिया।

### गांजा के साथ आरोपी किया गया गिरफ्तार

**चित्रकूट।** चौकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग खोही रमेश सिंह ने हिमांशू यादव पुत्र स्व. नरायण दास निवासी शिवनगर कालोनी मंडी रोड टीकमगढ़ (मप्र) को एक किलो 200 ग्राम सूखे गांजे के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी पर कोतवाली कर्वी में एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस टीम में एसआई राजेश चौरसिया, आरक्षी अभिषेक प्रताप सिंह, अमर सिंह और आशीष कुमार शामिल रहे।

### लोहगढा यार्ड में मिला अज्ञात वृद्ध का शव

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** मुंबई हावड़ा रेल लाइन के लोहगढा रेलवे स्टेशन के यार्ड में शनिवार रात लगभग 60वर्षीय यात्री का शव मिला। जीआरपी ने इसकी शिनाख्त की कोशिश की पर कामयाबी नहीं मिली। मृतक के बदन पर सिर्फ नेकर था।

### सर्पदंश से बालक की मौत

**मऊ (चित्रकूट)।** मऊ थाना क्षेत्र के छिवलहा गांव निवासी बसंत लाल निषाद के छह वर्षीय पुत्र जितेंद्र की सांप के डसने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, शनिवार देर शाम जितेंद्र चारपाई पर सो रहा था। बताया जाता है कि इस दौरान उसका हाथ चारपाई से नीचे लटक गया और सांप ने डस लिया। परिजन बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां से उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान बच्चे ने देर रात दम तोड़ दिया। क्षेत्र के लेखपाल ने परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिया।

## कौशांबी पहुंचकर सांसद का हौसला बढ़ाने पहुंचे

**चित्रकूट।** भीम आर्मी, आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता रविवार को कौशांबी पहुंचे। जिला संयोजक संजय कुमार गौतम और महासचिव श्रीपाल प्रजापति एडवोकेट ने बताया कि कौशांबी में पाल समाज के लोगों से मिलने और उन्हें कानूनी मदद के लिए आ रहे आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद का आगमन था। 28 जून की शाम कई पदाधिकारियों को हाउस अरेस्ट करते हुए डिटेन कर लिया गया था। इसके बाद भी कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता कौशांबी पहुंचे और सांसद का हौसला बढ़ाया। बताया कि समर्थकों की भीड़ देखकर सांसद को भी डिटेन कर लिया गया लेकिन इसके बाद भी वह अपने मकसद में डटे हैं।

# भाजपाई कम से कम दस पौधे लगाएं : अनिल यादव

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- भाजपाइयों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद

**अमृत विचार।** भाजपा की जिला इकाई ने बूथों पर डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की स्मृति में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किए। इस दौरान प्रत्येक बूथ पर पौधरोपण किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को भी सुना गया। जिला प्रभारी डॉ. अनिल यादव ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर कम से कम दस पौधे पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा लगाए जायेंगे।

भरतकूप मंडल के भारतपुर सेक्टर के बूथ में हुए कार्यक्रम में डॉ. यादव ने कहा कि डॉ. मुखर्जी स्वतंत्र भारत में भारत की अखण्डता के लिए प्राणों का बलिदान करने वाले सर्वप्रथम व्यक्ति हैं। डा. मुखर्जी ही वह दूरदर्शी व्यक्ति थे, जिन्होंने जम्मू-कश्मीर समस्या को गंभीरतापूर्वक समझा और उसके स्थायी समाधान के लिए प्रयास किए। वह महान शिक्षाविद् थे। भाजपा की डबल इंजन सरकारों ने डॉ. मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिए ही बुनियादी शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा, मेडिकल शिक्षा से लेकर तकनीकी शिक्षा तक ऐतिहासिक निर्णय लिए व उनका क्रियान्वयन किया। केंद्र सरकार ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति बनाकर और धारा 370 हटाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य ने कहा कि डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने कांग्रेस की तुष्टीकरण की नीतियों के खिलाफ मंत्रिमंडल से इस्तीफा देकर भारतीय जनसंघ का निर्माण किया था। पूर्व राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम प्रेरणादायक है। आनंद शुक्ला ने सबको पौधरोपण करके पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करने को प्रेरित किया। जिला महामंत्री आलोक पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम में देश भर में हो रहे नवाचारों को साझा करते हैं कि लोग इससे प्रेरणा लेकर जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाएं। इन कार्यक्रमों में चंद्र प्रकाश खरे, दिनेश तिवारी, अश्विनी अवस्थी, हरिओम करवरिया, मनोज तिवारी, प्रेमलाल बाल्मीकि, हीरो मिश्रा, बृजेंद्र शुक्ला, सोनू खंगार, दीपक द्विवेदी, सुमित मिश्रा, विनय, विकास, रमाकांत पांडेय, भवानी जोशी, प्रमेंद्र प्रताप सिंह, निर्मलेंद्र पांडेय, विनय, विकास, आशीष पांडेय आदि मौजूद रहे।



पौधरोपण करते भाजपाई। अमृत विचार

# तुलसीतीर्थ राजापुर को दिया जाए ब्लाक का दर्जा

संवाददाता, राजापुर चित्रकूट

- व्यापारियों ने मंत्री नंदगोपाल नंदी से मिलकर की मांग

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला संयोजक शिवपूजन गुप्ता व नगर इकाई के पदाधिकारियों ने बीते दिन उत्तर प्रदेश सरकार के एनआरआई और निवेश प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल नंदी को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। उनसे राजापुर तुलसी जन्म स्थली के विकास तथा ब्लॉक का दर्जा दिए जाने की मांग की गई।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला संयोजक शिवपूजन गुप्ता ने बताया कि राजापुर को 2014 में तहसील का दर्जा मिला था तब से बराबर ब्लॉक का दर्जा प्राप्त करने के लिए आंदोलन करने और ज्ञापन देने के बाद भी मांग पूरी नहीं की गई। पहाड़ी ब्लाक और रामनगर ब्लॉक के मध्य नगर पंचायत राजापुर स्थित है और राजापुर से पहाड़ी ब्लाक 19 किलोमीटर और रामनगर ब्लॉक से 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को दोनों ब्लॉकों में पहुंचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। राजापुर को विकास खंड बना दिया जाए तो ग्रामीणों को आसानी होगी। नगर इकाई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश मिश्रा ने बताया कि पहाड़ी ब्लाक में 80 ग्राम पंचायतें हैं और रामनगर ब्लॉक में 38 ग्राम पंचायतों का संचालन हो रहा है। ग्राम पंचायतों की ब्लॉक से लंबी दूरी विकास के लिए बाधक हैं और ग्राम विकास अधिकारियों की संख्या कम होने व उदासीनता से भी दिक्कत है। नगर अध्यक्ष शंकर दयाल जायसवाल का कहना है कि राजापुर में ब्लॉक का दर्जा मिल जाने से दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय महात्मा गांधी का ग्राम विकास का सपना साकार हो सकता है। राजापुर ब्लॉक का दर्जा प्राप्त करने में सारे मानकों को पूरा करता है। बताया कि मंत्री को इस संबंध में तिरहार क्षेत्र के सैकड़ों किसानों का हस्ताक्षर युक्त पत्र दिया गया है।



मंत्री नंदगोपाल नंदी से मिलते शिवपूजन गुप्ता।

## जुआ खेलते आठ जुआरी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** कोतवाली पुलिस ने जुआ खेलने के आरोप में आठ लोगों को गिरफ्तार किया। एसआई किशन कुमार ने बृजेश कुमार निवासी मुलायमनगर, अनुराग, रामविलास, पंकज को जुआ खेलने के आरोप में गिरफ्तार किया।

पुलिस ने मालफड़ से 1220 रुपये, जामा तलाशी से 400 रुपये बरामद किए। एसआई विवेक सिंह ने हरीमोहन सिंह पटेल निवासी कुंजनपुरवा, विनोद वर्मा निवासी रेहुटा थाना पहाड़ी, रोहित कुमार, मानसिंह पटेल निवासीगण शंकर बाजार को गिरफ्तार किया। इनकी मालफड़ से 14250 रुपये और जामा तलाशी से 200 रुपये बरामद किए गए।

आयोजन — दिव्यांग विश्वविद्यालय में बुद्ध-पथ-प्रदीप कार्यशाला का हुआ आयोजन

# बुद्ध के संदेश से विश्व में स्थापित कर सकते हैं शांति

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान एवं दिव्यांग विवि के संयुक्त तत्वावधान में बुद्ध-पथ-प्रदीप ग्रीष्मकालीन कार्यशाला के छठवें दिन रविवार को विद्वानों ने बुद्ध पर अपने विचार प्रस्तुत किए। विद्वानों का कहना था कि बुद्ध का संदेश अपनाकर विश्व में शांति स्थापित की जा सकती है।

कार्यशाला में महायोगी श्री गोरखनाथ शोध पीठ दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की सहायक आचार्य डॉ. सोनम सिंह ने विस्तार से बुद्ध की उत्पत्ति, बुद्ध का वर्गीकरण तथा शील और सदाचार के माध्यम से निर्वाण प्राप्त कर मानव जीवन के अंतिम उद्देश्य को बताया। उन्होंने कहा कि बौद्ध संदेश मानवता का संदेश है, जिसे अपनाकर नैसर्गिक शांति स्थापित की जा सकती है। देव सुमन विश्वविद्यालय उत्तराखंड के प्रोफेसर अमित जायसवाल ने बौद्ध विहारों का वर्णन किया। उन्होंने ज्ञान प्राप्त करने, अनुशासन व सर्वांगीण विकास के विभिन्न आयामों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बौद्ध के सिद्धांतों को आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिल रही है, जिसका प्रमुख कारण उनके ज्ञान की अवधारणा ही है। विश्वविद्यालय की मनोविज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ. अमिता त्रिपाठी ने कैवल्य की अवधारणा तथा बौद्ध दर्शन का साहित्यिक विवेचन प्रस्तुत किया। जौनपुर के डा. जयप्रकाश दुबे ने बौद्ध के सिद्धांतों को वर्तमान समय में प्रासंगिक बताते हुए उसे अपने जीवन शैली का मुख्य अंग बनाने पर जोर दिया। एसएस खन्ना कॉलेज प्रयागराज के डा. हरीश कुमार सिंह ने बौद्ध कालीन शिक्षा प्रणाली का क्रमवद्ध विवेचन प्रस्तुत किया। बौद्ध कालीन शिक्षा प्रणाली की प्रासंगिकता को वैश्विक संदर्भ में स्पष्ट किया। इस दौरान डा. आरती सिंह, डा. तुंगनाथ मिश्र, डा. श्यामकांत, डा. जयशंकर मिश्र, डा. अरविंद कुमार, डा. संध्या पांडेय, प्रतिभा चौहान, आरती सिंह, शुभम यादव, कोमल, वैष्णवी सिंह, वंदना मौर्य आदि ने भी अपने विचार बताए। सत्र की अध्यक्षता डा. रीना पांडेय ने की। डा. विनोद शंकर सिंह, डा. हरिकांत मिश्रा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संगीत विभाग के अध्यक्ष डा. गोपाल कुमार मिश्रा ने किया।




दिव्यांग विवि कार्यशाला में मौजूद विद्वान। अमृत विचार

# नियमित बिजली आपूर्ति न होने से किसान हो रहे परेशान

संवाददाता, रामनगर चित्रकूट

**अमृत विचार।** खेती-किसानी के लिए, सरकारें सुविधाओं का दावा तो करती हैं पर कई बार ऐसा होता नजर नहीं आता। अन्ना मवेशियों की समस्या झेल रहे किसानों को बिजली की आवाजाही से दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

रामनगर क्षेत्र के छीबों, पियरियामाफी, अतरसुई आदि गांव में अरहर, ज्वार, बाजरे की खेती बीते तीन वर्ष से अन्ना मवेशियों के कारण लगभग हो ही नहीं रही। ग्राम पंचायत छीबों के मजरे झंडा पुरवा में इस वर्ष कुछ किसान हिम्मत जुटा कर धान की बुआई कर रहे हैं तो इस बार पावर हाउस गनीवा ने देहरुच फीडर से बिजली ही काट दी। जब किसानों को मालूम हुआ तो विभागीय जिम्मेदारों की आरजू मिन्नत कर बिजली चालू कराई गई। ग्रामीण नाम छिपाते हुए आरोप लगाते हैं कि यह लाइनमैनों को नागवार लगा तो उन्होंने अमरपुर झंडापुरवा के बीच एक पोल से ग्यारह हजार हाइटेंशन लाइन का एक फेस ही काट दिया। अब दो फेस पर किसानों का नलकूप भला कैसे चले। ऐसे में धान खेतों में सूख रहा है। किसान रमेश पांडेय ने बताया कि जब भी फ्यूज उड़ता है तब लाइनमैन 500 से एक हजार रुपये लेकर जोड़ते हैं तब बिजली आती है। किसानों ने विभागीय जिम्मेदारों पर फोन न उठाने का आरोप लगाया। युवा किसान एवं नलकूप धारक कैलाश पांडेय, अनोख यादव, रामबाबू कहते हैं कि यहां से पावर हाउस गनीवा की दूरी ही ज्यादा है। इससे आयेदिन फाल्ट की वजह से पर्याप्त बिजली नहीं मिल पाती।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम MUO.SHANOO था से बदल कर MO. SHANU रख लिया है। अब मुझे MO.SHANU के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O- MO.MUNNA 173, JAGSENDA TEH.FATEHPUR DISTT-BARABANKI- PIN CODE - 225305

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम MOHD.QAYYUM था से बदल कर MOHD.KAYYUM रख लिया है।अब मुझे MOHD.KAYYUM के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O- AYOOB ALI ADDRESS- H-NO-02, TAWAKKAL PUR POST-GANDARA, DISTT- BAHRAICH - 271903

**सूचना**
मैं ASIF पुत्र श्री मोहम्मद हसीब, निवासी –मौज्जम नगर, लखनऊ, 226003–उ0प्र0 ने अपना नाम बदलकर MOHAMMAD ASIF KAHN रख लिया है, अब से मुझे इसी नाम MOHAMMAD ASIF KHAN से जाना पहचाना औ र लिखा जाये ।

**सूचना**
सूचना मैने अपना नाम ASHIF KHAN से बदलकर AASHIK KHAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-SAJID KHAN ADD-17, BAJIDARI TOLA, KHAIRABAD DIST-SITAPUR (U.P)

**नीलामी विज्ञप्ति**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 08–07–2025 दिन मंगलवार को प्रातः 11 बजे तहसील सभागार तहसील मौदहा जनपद हमीरपुर में 68 खाली ड्रमों की नीलामी की जानी है, इच्छुक व्यापारी मे. रामगोपाल एण्ड संस थोक मिट्टी तेल विक्रेता कम्हरिया रोड मौदहा हमीरपुर के यहां जाकर उक्त खाली ड्रमों को देख सकते हैं।
**तहसीलदार मौदहा, हमीरपुर**

**सूचना**
मैं **सियारानी उर्फ पुष्पा देवी पत्नी स्व0 सियाराम निवासिनी ग्राम रसूलपुर मजरा समेसी तहसील मोहनलालगंज जनपद लखनऊ,** मेरे आधार कार्ड नम्बर–8641 2092 0914 में विवाह पूर्व पिता के यहाँ आधार कार्ड में त्रुटिवश पुष्पा देवी नाम दर्ज हो गया था तथा विवाह के पश्चात ससुराल में आधार कार्ड, बैंक खाता, पैन कार्ड, राजस्व अभिलेखों, पहचान पत्र, राशन कार्ड में विधवा पेन्शन, गैस एजेन्सी, आयुष्मान कार्ड. निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमण पत्र व ईश्रम कार्ड में सियारानी नाम दर्ज है। मैं सियारानी व पुष्पा देवी दोनों नामों से जानी व पहचानी जाती हैं तथा मुझे इन दोनों नामों से जाना व पहचाना जाय।

**सूचना**
मैं **ऋषी कुमार पुत्र ज्योति भूषण अग्रवाल निवासी ए–430, इन्दिरा नगर, निकट शालीमार क्रॉसिंग, इन्दिरा नगर, लखनऊ,** 226016 का निवासी हूँ। मेरा नाम ऋषी कुमार अग्रवाल से परिवर्तित होकर ऋषी कुमार हो गया है ।ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति मेरे स्वयं के हैं। इनको एक ही माना व समझा जाए। यहकि मुझे ऋषी कुमार के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरे पहचान पत्र (आधार कार्ड एवं पैन कार्ड) में त्रुटिवश मेरा नाम Madhu Shribasotiya व जन्मतिथि 01/01/1994 हो गया है जोकि गलत है। सही नाम Madhu Shree Basotiya व जन्मतिथि 08/11/1993 है। उपरोक्त दोनों नाम व जन्मतिथि एक ही महिला के है। भविष्य में Madhu Shree Basotiya **निवासी– उपरहितन पुरवा जानकी नगर गोण्डा** के नाम से जाना पहचाना जाए।

## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर में बनेगा हर परिवार का पहचान पत्र

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर सरकार की सार्वजनिक सेवाओं की आपूर्ति को सुव्यवस्थित करने के लिए हर घर के लिए विशिष्ट पारिवारिक पहचान बनाने की योजना है। अधिकारियों ने कहा कि यह पहल लाभार्थियों तक पहुंच का दायरा भी बढ़ाएगी और सरकारी विभागों में नियोजन एवं निगरानी के लिए एकीकृत स्रोत के रूप में काम करेगी। मुख्य सचिव अटल डुल्लू ने शनिवार को इस सिलसिले में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की।

### प्रतिबंधित विदेशी सिगरेट के 94,000 पैकेट जब्त, दो पकड़े

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में पुलिस ने गोदाम पर छापेमारी करके प्रतिबंधित विदेशी सिगरेट के 94,000 पैकेट जब्त किए और कर्नाटक निवासी समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने रविवार को बताया, आरोपियों में स्थानीय निवासी परीक्षित (22) और कर्नाटक निवासी पीपी चेंगप्पा (40) है। पुलिस ने बताया कि आरोपी यूनान व संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों से सिगरेट आयात करके दिल्ली-एनसीआर सहित दक्षिण भारत में उसकी आपूर्ति करते थे।

### पूर्वी दिल्ली से पकड़े गए 83 बांग्लादेशी नागरिक

**नई दिल्ली।** पुलिस ने पूर्वी इलाकों से 33 नाबालिगों समेत 83 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई अवैध प्रवासियों की पहचान के लिए शुरू विशेष अभियान का हिस्सा है। अभियान के तहत कुल 120 बांग्लादेशियों को पकड़ा गया है। हिरासत में लिए गए 83 लोगों में 44 महिलाएं और 39 पुरुष हैं। ये लोग मंडावली, मयूर विहार, कल्याणपुरी, गाजीपुर तथा आनंद विहार में रहते रहे थे। गुप्त सूचना पर चिह्नित इलाकों में कई जगह छापेमारी की गई।

# जिनके हाथ में हथियार, उनसे बात नहीं : शाह

## तेलंगाना के निजामाबाद में हल्दी बोर्ड के राष्ट्रीय मुख्यालय का किया उद्घाटन, ऑपरेशन सिंदूर पर राहुल गांधी को घेरा

**हैदराबाद, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने माओवादियों के साथ किसी भी तरह की बातचीत से इनकार करते हुए रविवार को कहा कि प्रतिबंधित संगठन के कार्यकर्ताओं को हथियार छोड़ पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर देना चाहिए और मुख्यधारा में शामिल होना चाहिए।

तेलंगाना के निजामाबाद में हल्दी बोर्ड के राष्ट्रीय मुख्यालय का उद्घाटन करने के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' पर सवाल उठा रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी को ऑपरेशन के प्रभाव को समझने के लिए पाकिस्तान की कमजोर छवि देखनी चाहिए।



हल्दी बोर्ड के राष्ट्रीय मुख्यालय के उद्घाटन के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह।

शाह ने कहा, कांग्रेस (केंद्र से) इन लोगों (माओवादियों) से बातचीत करने को कहती है। हमारी सरकार की हथियार रखने वालों से 'बात नहीं करने' की नीति है। हथियार छोड़ दें, आत्मसमर्पण करें और मुख्यधारा में शामिल हों। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्वोत्तर में करीब 10,000 लोगों ने हथियार छोड़ दिए और मुख्यधारा में शामिल हो गए।

शाह ने कहा कि इन लोगों ने तालुक स्तर से लेकर राज्य विधानसभाओं तक के पदों के लिए हुए चुनावों में भी हिस्सा लिया। इसी तरह पिछले डेढ़ साल में 2,000 से ज़्यादा माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। गृह मंत्री ने कहा, हथियार छोड़ो और आत्मसमर्पण करो। अगर आप आत्मसमर्पण नहीं करते हैं, तो हमने तय किया है कि 31 मार्च 2026 से पहले इस देश से नक्सलवाद को मिटा दिया जाएगा।

### 1 अरब डॉलर मूल्य के हल्दी निर्यात का लक्ष्य

शाह ने कहा कि केंद्र ने 2030 तक एक अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के हल्दी निर्यात का लक्ष्य रखा है। निजामाबाद में एक सभा में उन्होंने कहा कि बोर्ड पैकिंग, ब्रांडिंग, विपणन और हल्दी के निर्यात पर ध्यान केंद्रित करेगा। उन्होंने कहा कि हल्दी बोर्ड किसानों के लिये लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने, उनके उत्पाद के निर्यात, साथ ही अनुसंधान और विकास के लिए कार्य करेगा। शाह ने कहा, आपको जानकर आश्चर्य होगा कि भारत सरकार ने 2030 तक एक अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के हल्दी निर्यात करने का लक्ष्य रखा है। हमने अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में एक अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के (हल्दी) निर्यात के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरी तैयारी भी कर ली है। जो (हल्दी) बोर्ड बनेगा, वह यह सुनिश्चित करने के लिए कार्य करेगा कि हल्दी का उच्चतम मूल्य किसानों तक पहुंचे। शाह ने कहा कि 2023 के विस चुनावों के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने तेलंगाना में हल्दी बोर्ड स्थापित का वादा किया था और इस संबंध में आदेश बाद में जारी हुए थे। इससे पहले, हैदराबाद के बेगमपेट हवाई अड्डे पर अमित शाह के पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी और अन्य नेताओं ने उनकी अगवानी की।

# बीएसएफ ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बढ़ाई सुरक्षा

**बोबिया, एजेंसी**

तीन जुलाई से शुरू हो रहे अमरनाथ यात्रा को लेकर अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ ने सुरक्षा बढ़ा दी है। साथ ही बीएसएफ की महिला सैनिकों के साथ ही पुरुषों की तैनाती कर सीमा पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

3 जुलाई से 38 दिनों तक चलने वाली यात्रा दो मार्गों से गुजरती है, जिनमें से एक अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किमी लंबा पहलगाम मार्ग है, वहीं दूसरा गांदरबल जिले का 14 किमी लंबा बालटाल मार्ग, जो छोटा लेकिन खड़ी चढ़ाई वाला है। ये दोनों रास्ते 3,880 मीटर ऊंचे अमरनाथ गुफा मंदिर तक जाते है। अमरनाथ यात्रा के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार व सेना काफी सतर्क है। वह यात्रा में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए पड़ोसी देश से सट रही देश की सीमा पर निगरानी गढ़ा दी गई है।

## अमरनाथ यात्रा

### सिन्हा ने की आधार शिविरों में तैयारियों की समीक्षा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने 3 जुलाई से शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा के लिए रविवार को नुनवान और चंदनवारी स्थित आधार शिविरों का दौरा किया। आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि नई सुविधा सुरक्षा जांच में दक्षता सुनिश्चित करेगी और श्रद्धालुओं के प्रतीक्षा समय को कम करेगी। सिन्हा ने अमरनाथ यात्रा के लिए प्रतिनियुक्त प्रशासनिक और सुरक्षा अधिकारियों के साथ बातचीत की।

# हिंदी विवाद : त्रि-भाषा नीति पर सरकारी आदेश रद्द

- फडणवीस ने मामला सुझाने के लिए की समिति के गठन की घोषणा

**मुंबई, एजेंसी**

महाराष्ट्र के स्कूलों में पहली कक्षा से हिंदी भाषा को शामिल करने के खिलाफ बढ़ते विरोध के बीच रविवार को राज्य मंत्रिमंडल ने त्रि-भाषा नीति पर सरकारी आदेश को रद्द कर दिया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भाषा नीति के कार्यान्वयन और आगे की राह सुझाने के लिए शिक्षाविद् नरेंद्र जाधव की अध्यक्षता में समिति के गठन की भी घोषणा की।

फडणवीस ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के रूप में उद्धव ठाकरे ने कक्षा 1 से 12 तक तीन-भाषा की नीति लागू करने के लिए डॉ. रघुनाथ माशेलकर समिति की सिफारिशों को स्वीकार किया था और नीति के कार्यान्वयन पर समिति गठित की थी। फडणवीस ने कहा, राज्य मंत्रिमंडल ने पहली कक्षा से 'त्रि-भाषा' नीति के क्रियान्वयन के संबंध में अप्रैल और जून में जारी दो सरकारी आदेश (जीआर) वापस लेने का निर्णय लिया है। त्रि-भाषा नीति के क्रियान्वयन की सिफारिश के लिए डॉ. नरेंद्र जाधव की अध्यक्षता में समिति गठित होगी। राज्य सरकार ने 16 अप्रैल को आदेश जारी किया था, जिसमें अंग्रेजी और मराठी माध्यम के स्कूलों में कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों के लिए हिंदी को तीसरी अनिवार्य भाषा बनाया गया था। हालांकि, विरोध पर सरकार ने 17 जून को संशोधित आदेश जारी किया, जिसमें हिंदी को वैकल्पिक भाषा बनाया गया।

### हम हिंदी नहीं, सिर्फ उसे थोपे जाने के खिलाफ : उद्धव

**मुंबई।** शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी हिंदी का विरोध नहीं करती, बल्कि इसे थोपे जाने के खिलाफ है। दक्षिण मुंबई में विरोध-प्रदर्शन के बाद ठाकरे ने ये बात कही। इस विरोध-प्रदर्शन के दौरान 17 जून के उस सरकारी आदेश की प्रतियां जलाई गईं, जिसमें स्कूलों के लिए तीन भाषा नीति संबंधी निर्देश जारी किया गया था। इस विरोध-प्रदर्शन में कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल, कांग्रेस के पूर्व सांसद भालचंद्र मुंगेकर, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना नेता नितिन सरदेसाई, शिवसेना (उबाठा) नेता आदित्य ठाकरे और संजय राउत शामिल हुए।

## सांस्कृतिक समर्पण



पुणे में रविवार को रथ यात्रा पर इस्कॉन के आयोजित जुलूस में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस दौरान श्रद्धालु विविध वेशभूषा में नजर आए। एजेंसी

# झारखंड में भारी बारिश, जलमग्न आवासीय विद्यालय से सुरक्षित निकाले गए 162 छात्र

**जमशेदपुर, एजेंसी**

झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में भारी बारिश से जलमग्न हुए निजी विद्यालय से 162 छात्रों को पुलिस और दमकल विभाग की टीमों ने रविवार को सुरक्षित निकाला। कोवाली थाना क्षेत्र के हल्दीपोखर-कोवाली रोड पर पांडरसोली स्थित स्कूल में भारी बारिश से पानी भर जाने से छात्र शनिवार रात से ही फंसे हुए थे।

एसपी (ग्रामीण) ऋषभ गर्ग ने बताया, भारी बारिश से जलमग्न हुए आवासीय विद्यालय में 162 छात्र फंस थे, जिसके बाद शिक्षकों ने सभी छात्रों को छत पर भेज दिया, जहां उन्होंने रात बिताई। सुबह साढ़े पांच बजे सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी और अग्निशमन दल पहुंचा और ग्रामीणों की मदद से एक-एक करके छात्रों को बचाया गया। अभियान में नौकाओं का प्रयोग हुआ। कोवाली थाना प्रभारी धनंजय पासवान ने बताया कि विद्यालय का एक मंजिला भवन जलमग्न हो गया था और इसे अगले आदेश तक बंद कर दिया गया है। छात्रों को उनके घरों तक पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है।



बारिश के बाद विद्यालय में पानी भरने के बाद बचाए गए छात्र।

# विधायक विजय प्रताप सिंह 5 साल के लिए आप से निलंबित

**चंडीगढ़।** आप ने रविवार को अमृतसर उत्तर के विधायक एवं पूर्व आईपीएस कुंवर विजय प्रताप सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधियों पर पांच साल के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया। सिंह ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया के अमृतसर स्थित आवास पर सतर्कता ब्यूरो की छापेमारी पर सवाल उठाया था। सूत्रों ने बताया कि सिंह को निलंबित करने का फैसला आप की राजनीतिक मामलों की समिति ने लिया।

# राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य पहुंचीं विधि कॉलेज, पुलिस से हुई तीखी बहस

## कानून की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म का मामला

**कोलकाता, एजेंसी**

राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य अर्चना मजूमदार रविवार को साउथ कोलकाता लॉ कॉलेज पहुंचीं। कॉलेज में कानून की छात्रा से पूर्व छात्र सहित तीन लोगों ने दुष्कर्म किया था। अर्चना ने दावा किया कि पुलिस उन्हें ये जानकारी नहीं दे सकी कि पीड़िता कहां है। वहीं कॉलेज में प्रवेश को लेकर उनकी पुलिस से बहस भी हुई।

उन्होंने कहा, आयोग छात्रा के साथ खड़ा है। आयोग का काम पीड़िता की तब तक सहायता करना है, जब तक वह चाहती है। विधि कॉलेज पहुंचीं अर्चना से कॉलेज में प्रवेश को लेकर पुलिस अधिकारियों से बहस करते देखा गया। कॉलेज में मौजूद एसीपी ने बताया कि आयोग की सदस्य के अलावा, उनके साथ आए दो अन्य लोगों को मोबाइल नंबर नोट करने के बाद प्रवेश की अनुमति दी गई। अंदर वीडियो या फोटोग्राफी की अनुमति नहीं होगी। बाद में अर्चना परिसर में दाखिल हुईं और गार्ड रूम में गईं।

### असंवेदनशील टिप्पणी पर विधायक मित्रा को नोटिस

टीएमसी ने रविवार को पार्टी विधायक मदन मित्रा को कारण बताओ नोटिस जारी किया और कहा कि कॉलेज में कानून की छात्रा से कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले में उनकी टिप्पणी अनुचित और असंवेदनशील है। पूर्व मंत्री मित्रा को लिखे पत्र में टीएमसी प्रदेश अध्यक्ष सुब्रत बख्शी ने उनसे पार्टी नियम तोड़ने का कारण पूछा है और तीन दिन के भीतर जवाब देने को कहा है।

# ईसी 2003 की बिहार की मतदाता सूची जल्द करेगा अपलोड

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग (ईसी) जल्द 2003 की बिहार की मतदाता सूची को वेबसाइट पर अपलोड करेगा, ताकि 4.96 करोड़ मतदाता जिनके नाम इसमें शामिल हैं, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए नामांकन प्रपत्र के साथ संलग्न करने के लिए प्रासंगिक हिस्से को निकाल सकें। ईसी द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, 4.96 करोड़ मतदाताओं-जो कुल मतदाताओं का 60% और जो 2003 की सूची में शामिल थे, उन्हें जन्म से जुड़े दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं है।

## कारोबार/कृषि

# आईआईपी के आंकड़े पर बाजार की नजर

## अमेरिकी शुल्क से जुड़े घटनाक्रमों तथा वैश्विक रुझान तय करेंगे बाजार की चाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों और कच्चे तेल की कीमतों पर भी सभी की रहेगी निगाह

शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) जैसे वृहद आर्थिक आंकड़ों, अमेरिकी शुल्क से जुड़े घटनाक्रमों तथा अन्य वैश्विक रुझानों से तय होगी। विश्लेषकों ने कहा कि सप्ताह के दौरान विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों और कच्चे तेल की कीमतों पर भी सभी की निगाह रहेगी।

बजाज ब्रोकिंग रिसर्च के अनुसार, इस सप्ताह भारत और अमेरिका से कई महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़े जारी होंगे, जो बाजार की धारणा और केंद्रीय बैंक के परिदृश्य को प्रभावित करेंगे। भारत में सप्ताह की शुरुआत 30 जून को मई के लिए औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों से होगी। 1 जुलाई को विनिर्माण पीएमआई के आंकड़े आएंगे, जिससे भारत के औद्योगिक क्षेत्र और ऑर्डर प्रवाह की स्थिति की जानकारी मिलेगी। 3 जुलाई को सेवा पीएमआई के आंकड़े जारी होंगे। प. एशिया में भू-राजनीतिक तनाव कम होने और कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट से पिछले सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार में तेज उछाल आया। पिछले सप्ताह बीएसई का सेंसेक्स 1,650.73 अंक या 2% चढ़ा। वहीं एनएसई का निफ्टी 525.4 अंक या 2% के लाभ में रहा।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, जैसे-जैसे पहली तिमाही के नतीजों का सत्र पास आ रहा है, निवेशक वृद्धि के रुझानों के शुरुआती संकेतकों के रूप में कंपनियों के प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। आने वाले सप्ताह में अमेरिका द्वारा प्रमुख वैश्विक भागीदारों के साथ अंतिम रूप दिए जाने वाले व्यापार समझौतों को लेकर भी उत्सुकता बढ़ गई है। बाजार भागीदार घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अर्थव्यवस्था में सुधार का आकलन करने के लिए अमेरिका के गैर-कृषि पेरोल और बेरोजगारी के आंकड़ों के साथ भारत के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।

### शीर्ष नौ कंपनियों की पूंजी 2.34 लाख करोड़ बढ़ी

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से नौ की पूंजी (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह 2,34,565 .53 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। शेयर बाजार में तेजी के रुख के बीच सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। शीर्ष 10 कंपनियों में सिर्फ इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। शीर्ष सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर रही। उसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, एलआईसी, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का स्थान रहा।

# टाटा स्टील को इनपुट कर क्रेडिट पर कारण बताओ नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** टाटा स्टील ने रविवार को कहा कि उसे वित्त वर्ष 2018-19 और 2022-23 के बीच 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के इनपुट कर क्रेडिट के कथित अनियमित लाभ पर कर अधिकारियों से कारण बताओ एवं मांग (एससीएन) नोटिस मिला है।

टाटा स्टील ने शेयर बाजार को बताया कि शनिवार को मिले नोटिस के अनुसार, उसे 30 दिन में केंद्रीय जीएसटी और उत्पाद शुल्क, जमशेदपुर के अतिरिक्त/संयुक्त आयुक्त के सामने कारण बताना होगा जीएसटी उससे क्यों नहीं मांगा जाए। रांची स्थित केंद्रीय कर आयुक्त (लेखा परीक्षा) कार्यालय से 27 जून को जारी नोटिस में कहा गया कि इनपुट कर क्रेडिट का लाभ केंद्रीय कर अधिनियम के कुछ प्रावधानों का उल्लंघन करके लिया गया।

# कमोडिटी एक्सचेंज: निवेश का बेहतर मंच




कमोडिटी एक्सचेंज संगठित मंच है जहां विभिन्न वस्तुओं जैसे सोना, चांदी, तेल, गेहूं, कपास आदि की खरीद-बिक्री होती है। यह एक्सचेंज व्यापारियों और निवेशकों को सुरक्षित और पारदर्शी वातावरण देता है, जहां वे फ्यूचर्स या वास्तविक वस्तुओं का व्यापार कर सकते हैं। इसके माध्यम से कीमतें वैश्विक मांग-आपूर्ति के अनुसार तय होती हैं। निवेशक यहां मूल्य अस्थिरता से लाभ कमाने की कोशिश करते हैं। हालांकि इसमें लाभ के साथ जोखिम भी जुड़े होते हैं, जैसे कि कीमतों में गिरावट, सही रणनीति के बिना निवेश आदि। इसलिए जानकारी से किया गया निवेश ही सुरक्षित होता है।

### क्या है एक्सचेंज

कमोडिटी एक्सचेंज एक ऐसा वित्तीय मंच है, जहां कृषि उत्पाद, धातुएं, ऊर्जा संसाधन आदि जैसी वस्तुओं का व्यापार तय मानकों और अनुबंधों के तहत किया जाता है। भारत में मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) और नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज (एनसीडीईएक्स) प्रमुख हैं। ये प्लेटफॉर्म खरीदारों और विक्रेताओं को जोड़ते हैं और कीमतों में पारदर्शिता लाते हैं।

### निवेशकों को होने वाले फायदे

- **पारदर्शी मूल्य निर्धारण :** मांग-आपूर्ति पर कीमतें तय, धोखाधड़ी की संभावना कम।
- **हेजिंग :** किसान, व्यापारी और उद्योग अपनी कीमतों को भविष्य में लॉक कर सकते हैं।
- **लिक्विडिटी :** बड़ी संख्या में खरीदार और विक्रेता, जिससे व्यापार करना आसान।
- **विविध निवेश :** निवेशकों को विविध पोर्टफोलियो बनाने का मौका।

### निवेशक न लें जोखिम

- **अस्थिरता :** मौसम, राजनीतिक व वैश्विक घटनाओं से कीमतों में उतार-चढ़ाव।
- **जटिलता :** फ्यूचर्स और ऑप्शंस जैसे अनुबंधों को समझना निवेशकों के लिए कठिन।
- **लीवरेज का खतरा :** कम पूंजी से बड़ा सौदा करने पर घाटे का जोखिम बढ़ जाता है।

### अन्य महत्वपूर्ण बिंदु

- निवेश से पहले वस्तु के बाजार की गहराई से समझ जरूरी है।
- एक्सचेंज द्वारा तय नियमों और नियामक संस्था की निगरानी से व्यापार सुरक्षित।
- लॉन्ग और शॉर्ट टर्म, दोनों के निवेशकों के लिए उपयुक्त विकल्प उपलब्ध हैं।

# अनुषंगी इकाइयों में निवेश का मौद्रीकरण करें बैंक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आईपीओ या विनिवेश के लिए 15 अनुषंगी कंपनियां या संयुक्त उद्यम तैयार

वित्त मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) से कहा है कि वे परिचालन बढ़ाने के बाद अनुषंगी कंपनियों में अपने निवेश के मौद्रीकरण लिए उन्हें एक्सचेंज में सूचीबद्ध करने पर विचार करें। इससे उन्हें अपने निवेश पर अच्छा प्रतिफल मिल सकेगा।

सूत्रों ने कहा कि मध्यम से दीर्घावधि में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) या विनिवेश के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में लगभग 15 अनुषंगी कंपनियां या संयुक्त उद्यम तैयार हैं। जहां भी आवश्यक हो बैंकों को अपनी अनुषंगी कंपनियों या संयुक्त उद्यम के परिचालन को बढ़ाने के लिए निवेश करना चाहिए और सही समय पर इस निवेश का मूल्य निकालने का प्रयास करना चाहिए।

सूत्रों ने कहा कि मौद्रीकरण से पहले बैंकों को कामकाज के संचालन, पेशेवर निर्णय की प्रक्रिया में सुधार करना चाहिए। इससे उनकी अनुषंगी कंपनियों की परिचालन दक्षता में सुधार होगा। उदाहरण के लिए, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) भविष्य में परिचालन बढ़ाने के बाद एसबीआई जनरल इंश्योरेंस और एसबीआई पेमेंट सर्विसेज को सूचीबद्ध करने पर विचार कर सकता है। 24 फरवरी, 2009 को गठित एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने मार्च, 2025 को समाप्त वित्त में 509 करोड़ का लाभ कमाया है।

एसबीआई की साधारण बीमा इकाई ने मार्च, 2025 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान 10 रुपये मूल्य के 3,71,693 इक्विटी शेयर आवंटित किए हैं। एसबीआई जनरल में एसबीआई की हिस्सेदारी 69.11से घटकर 68.99% रह गई है। एसबीआई पेमेंट का 74% स्वामित्व एसबीआई के पास है और बाकी हिताची पेमेंट सर्विसेज के पास है।

# महिंद्रा होलिडेज को 363 करोड़ रुपये का कर मांग नोटिस मिला

**नई दिल्ली।** महिंद्रा होलिडेज एंड रिजॉर्ट्स इंडिया लिमिटेड ने रविवार को कहा कि उसे अपने क्लब सदस्यता सेवाओं पर एकीकृत माल और सेवा कर (आईजीएसटी) से संबंधित जुर्माने सहित 363 करोड़ रुपये से अधिक का कर मांग नोटिस मिला है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि वह इस संबंध में उचित प्राधिकारी के समक्ष कानूनी उपाय करने के लिए कदम उठा रही है। चेन्नई स्थित राज्य कर अधिकारी, अन्ना सलाई सेंट्रल-3 ने 28 जून, 2025 को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

# 12.5 किलो के सोने की ईट अपने भंडार में रखता है भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोने की अहमियत को समझते हुए 1991 के आर्थिक संकट के बाद से सोने का भंडार कई गुणा बढ़ाया है और वर्तमान में यह 870 टन है। केंद्रीय बैंक 12.5 किलो वजन की सोने की ईंट के रूप में विभिन्न जगहों पर यह स्वर्ण भंडार रखता है। आरबीआई पर बने एक वृत्त चित्र में यह जानकारी दी गई है।

आरबीआई ने अपने कामकाज और भूमिकाओं को को लेकर जारी वृत्तचित्र में बताया कि हमारा देश दुनिया में करेंसी नोट के सबसे बड़े उत्पादकों में से है। जहां अमेरिका में यह 5,000 करोड़ इकाई, यूरोप में 2,900 करोड़ इकाई है वहीं भारत में यह 13,000 करोड़ इकाई (दो मई, 2025 की स्थिति के अनुसार चलन में नोट का मूल्य 38.1 लाख करोड़ रुपये) है।



- आरबीआई अपनी भूमिकाओं को लेकर जारी किया वृत्तचित्र
- केंद्रीय बैंक ने स्वर्ण भंडार कई गुणा बढ़ाया, वर्तमान में 870 टन

आरबीआई अनलॉक्ड: बियॉन्ड द रुपी शीर्षक से जारी पांच भाग वाली यह श्रृंखला जियो हॉटस्टार के साथ मिलकर शुरू की गई है। इसमें आरबीआई ने तिजोरी को दिखाया है। देश में स्वर्ण भंडार के संरक्षक के रूप में 870 टन सोना काफी सुरक्षित स्थानों पर रखा है। इस सोने को केंद्रीय बैंक 12.5 किलो की ईंट के रूप में रखता है।

केंद्रीय बैंक के अधिकारी कहते हैं, सोना केवल धातु नहीं बल्कि देश की ताकत है। देश की अर्थव्यवस्था में उतार-चढ़ाव होता रहेगा लेकिन सोना हमेशा अपना मूल्य बनाए रहेगा। आरबीआई के अनुसार, 20 जून को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 57.3 करोड़ डॉलर घटकर 85.74 अरब डॉलर रहा।

वहीं विदेशी मुद्रा भंडार इस दौरान 1.01 अरब डॉलर घटकर 697.93 अरब डॉलर रहा। वृत्त चित्र के अनुसार, आज करेंसी नोट की छपाई में इस्तेमाल होने वाली मशीन, इंक से लेकर सभी प्रकार की चीजों का विनिर्माण भारत में ही होता है।

# रोहित ने टी20 विश्व कप फाइनल के भावनात्मक पलों को याद किया

नई दिल्ली, एजेंसी

रोहित शर्मा ने अपनी कप्तानी में भारत की टी20 विश्व कप जीत को याद करते हुए कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल मैच से पहले वह बहुत घबराए हुए थे और पूरी रात सो नहीं पाए थे। इस मैच का दबाव ऐसा था कि उन्हें लगा कि उनका पैर सुन्न हो गया है। भारत पिछले साल 29 जून को टी20 विश्व कप चैंपियन बना था। इस जीत के साथ ही भारत ने विश्व कप खिताब के 13 साल के सूखे को खत्म किया था।

रोहित ने 'जियो हॉटस्टार' से कहा 13 साल लंबा समय होता है। ज्यादातर लोगों का करियर भी 13 साल का नहीं होता। विश्व कप जीतने के लिए इतना लंबा इंतजार करना, मैंने अपना पिछला विश्व कप 2007 में जीता था। मेरे लिए यह इससे बड़ा और कुछ नहीं हो सकता था।

**सूर्यकुमार यादव का यादगार कैच :** भारतीय कप्तान ने आखिरी ओवर में सूर्यकुमार यादव द्वारा डेविड मिलर के शानदार कैच को फाइनल का निर्णायक क्षण करार दिया। उन्होंने कहा सूर्यकुमार के कैच के बाद अंपायरों ने इस पर फैसले के लिए तीसरे अंपायर की मदद मांगी। इस समय सभी की धड़कनें तेज हो गई थीं। रोहित ने कहा मैं उस समय लॉन्ग ऑफ पर सूर्यकुमार के ठीक सामने था और शुरुआत में मुझे लगा कि गेंद छह रन के लिए चली गयी है। सूर्यकुमार ने बाउंड्री के पास क्षेत्ररक्षण करते समय सजगता दिखाते हुए शानदार कैच लपका। इस कैच से भारत की सात रन से जीत सुनिश्चित हुई। रोहित ने कहा मिलर ने जब शॉट मारा तब मुझे लगा कि अब दक्षिण अफ्रीका को पांच गेंद में 10 रन बनाने हैं लेकिन फिर मैंने देखा कि गेंद सूर्यकुमार के हाथों में चली गयी। उन्होंने कहा इस कैच को पकड़ना काफी मुश्किल था। उस कैच पकड़ने में बहुत मेहनत लगी होगी क्योंकि जब गेंद हवा में थी तो ऐसा लग रहा था कि वह आसानी से सीमा रेखा को पार कर जाएगी। शायद हवा ने गेंद को थोड़ा मैदान की ओर खींच लिया। जब तीसरे अंपायर कैच की जांच कर रहे थे तब उन्होंने सूर्याकुमार से इसके अच्छी तरह लपकने के बारे में पूछा जिस पर सूर्यकुमार ने कहा कि उन्हें लगता है कि उन्होंने कैच सही तरीके से पकड़ लिया है। स्क्रीन पर फैसला आने तक सबकी सांसें अटकी हुई थीं। तीसरे अंपायर ने कैच को वैध करार दिया, जिसके बाद दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी ढह गई।

**दक्षिण अफ्रीका को अंतिम ओवर में चाहिए थे 16 रन :** दक्षिण अफ्रीका को आखिरी ओवर में 16 रन की जरूरत थी लेकिन टीम हार्दिक पंड्या के इस ओवर में केवल आठ रन ही बना पाई।

**विराट कोहली की शानदार पारी :** इससे पहले विराट कोहली की 59 गेंदों पर 76 रन की पारी से भारत ने खराब शुरुआत से उबरते हुए सात विकेट पर 176 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया था। केशव महाराज और कगिसो रबाडा ने रोहित, ऋषभ पंत और सूर्यकुमार को सस्ते में चलता कर दिया था जिसके बाद कोहली और अक्षर पटेल (31 गेंद में 47 रन) ने भारतीय पारी को संवारा। पंड्या ने आखिरी ओवरों में तेजी से रन बनाने के साथ तीन अहम विकेट भी चटकाये।

रोहित ने कहा जब हमने शुरुआत में तीन विकेट जल्दी गंवा दिए तो ड्रेसिंग रूम में जाहिर तौर पर बहुत घबराहट थी। मैं सहज नहीं था। मैं सोच रहा था कि हमने उन्हें मैच पर पकड़ बनाने का मौका दे दिया। मेरे दिमाग में हालांकि हमेशा यह बात थी कि हमारे निचले मध्य क्रम ने टूर्नामेंट में ज्यादा बल्लेबाजी नहीं की थी लेकिन जब भी उन्हें मौका मिला उन्होंने प्रभाव डाला। रोहित ने बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल की उपयोगी पारी और कोहली के साथ उनकी 72 रनों की साझेदारी को याद किया।



टी20 विश्व कप-2024 की ट्रॉफी के साथ रोहित शर्मा। ● एजेंसी

### मैं पूरी रात नहीं सो पाया

रोहित शर्मा ने कहा–मैं पूरी रात सो नहीं पाया। मैं सिर्फ विश्व कप के बारे में सोच रहा था। मैं घबराया हुआ था। मुझे अपने पैर महसूस नहीं हो रहे थे। उन्होंने कहा क्या मैं दबाव में था? मैं इसे जाहिर नहीं होने देना चाहता था, लेकिन अंदर से काफी 'नर्वस' था। हमें सुबह साढ़े आठ या नौ बजे स्टेडियम के लिए निकलना था। मैं सुबह सात बजे ही जग गया था। मैं अपने रूम से मैदान को देख सकता था। उन्होंने कहा मुझे याद है कि मैं सोच रहा था दो घंटे बाद मैं मैदान पर रहूंगा और लगभग चार घंटे के बाद मैच का परिणाम लगभग तय हो जाएगा।

# पंत का पहला सवाल था क्या मैं दोबारा खेल पाऊंगा

● दुर्घटना के बाद इलाज करने वाले आर्थोपेडिक सर्जन डॉ दिनशॉ पारदीवाला ने किया खुलासा

लंदन, एजेंसी

भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को दिसंबर 2022 में एक कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद जब मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया तो उनका डॉक्टर से पहले सवाल यही था कि क्या वह फिर से खेल पाएंगे।



यह खुलासा प्रसिद्ध आर्थोपेडिक सर्जन डॉ दिनशॉ पारदीवाला ने किया, जिन्होंने इस भीषण दुर्घटना के बाद इस स्टार क्रिकेटर का इलाज किया था। पंत ने 30 दिसंबर, 2022 को दिल्ली से अपने गृहनगर रुड़की जाते समय अपनी कार पर नियंत्रण खो दिया, जिससे कार डिवाइडर से टकरा गई और उन्हें गंभीर चोटें आईं। पारदीवाला ने डेली टेलीग्राफ से कहा ऋषभ पंत बहुत भाग्यशाली थे कि वे जीवित बच गए। वह वास्तव में बहुत भाग्यशाली थे। उन्होंने कहा जब उन्हें अस्पताल लाया गया तो उनका दाहिना घुटना उखड़ गया था। उनके दाहिने टखने में भी चोट थी, शरीर पर कई अन्य छोटी-मोटी चोटें थीं। उनकी त्वचा का बहुत ज़्यादा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। पारदीवाला ने कहा, फिर कार से बाहर निकलते समय टूटे हुए कांच के कारण उनकी पीठ की त्वचा का काफी हिस्सा छिल गया। इस तरह की दुर्घटना में मौत का काफी जोखिम होता है। पंत ने हालांकि हार नहीं मानी और अपना जोश और जज्बा बनाए रखा।

## एक नजर

### दीक्षा जर्मन मास्टर्स में संयुक्त आठवें पायदान पर

**हैम्बर्ग (जर्मनी) :** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर अमुंडी जर्मन मास्टर्स के तीसरे दौर में एक ओवर 74 का कार्ड खेलने के बावजूद तालिका में संयुक्त रूप से आठवें पायदान पर बनी हुई है। शुरुआती दो दौर में 69 और 73 का कार्ड खेलने वाली दीक्षा तीसरे दौर में तीन बर्डी के मुकाबले चार बोगी कर बैठी। कट में प्रवेश पाने वाली अन्य भारतीयों में वाणी कपूर (76) संयुक्त 21वें और अवनि प्रशांत (74) संयुक्त 36वें स्थान पर हैं।

### टीवी अंपायर की आलोचना करने पर डैरेन सैमी पर जुर्माना

**ब्रिजटाउन (बारबाडोस) :** वेस्टइंडीज के कोच डैरन सैमी पर बारबाडोस में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान टीवी अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक की सार्वजनिक रूप से आलोचना करने के कारण मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। सैमी ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद संवाददाता सम्मेलन में तीसरे अंपायर के फैसलों की आलोचना की थी और निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) के फैसलों में निरंतरता की मांग की थी। सैमी ने निराशा व्यक्त की थी कि होल्डस्टॉक का विकेट के पीछे कैच के लिए भेजे गए दो एक जैसे मामलों में फैसला अलग-अलग था। इसमें ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ट्रैविस हेड को नॉट आउट दिया गया था, जबकि वेस्टइंडीज के विकेटकीपर बल्लेबाज शाई हॉप को आउट करार दिया गया था।

### महाराज 200 टेस्ट विकेट लेने वाले दक्षिण अफ्रीका के पहले स्पिनर बने

**बुलावायो :** कार्यवाहक कप्तान केशव महाराज रविवार को यहां जिम्बाब्वे के खिलाफ शुरुआती मैच के दूसरे दिन 200 टेस्ट विकेट लेने वाले दक्षिण अफ्रीका के पहले स्पिनर बन गए। पैंतीस वर्षीय महाराज पिछले नौ वर्षों से टेस्ट क्रिकेट खेल रहे हैं और धीरे धीरे टेस्ट प्रारूप में टीम के प्रमुख स्पिनर बन गए हैं। महाराज ने यह उपलब्धि 34वें ओवर में जिम्बाब्वे के क्रेग एर्विन को आउट करके हासिल की जिन्हें काइल वेरेने ने स्टंप किया। महाराज पूर्व ऑफ स्पिनर ह्यूग टेफील्ड के 170 विकेट के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने के बाद दक्षिण अफ्रीका के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले स्पिनर हैं। बाएं हाथ के स्पिनर महाराज के नाम अब 59 टेस्ट मैच में 202 विकेट हैं।

### रोनाल्डो ने क्लब विश्व कप पर रिकॉर्ड छठे विश्व कप को दी प्राथमिकता

**लिस्बन :** स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो रिकॉर्ड छठे फीफा विश्व कप में खेलने के लिए क्लब विश्व कप का हिस्सा नहीं बने हैं। रोनाल्डो ने कहा कि उनके लिये यह लंबा सत्र है और वह आराम कर के खुद को फिट और तरोताजा रखना चाहते हैं। रोनाल्डो ने सऊदी अरब के अपने क्लब अल नासर द्वारा पोस्ट किए गए एक इंस्टाग्राम वीडियो में कहा मेरे पास (क्लब) विश्व कप खेलने के कुछ प्रस्ताव थे, लेकिन मुझे लगता है कि इसका कोई मतलब है क्योंकि मैं अच्छी तरह से आराम करना और बेहतर तैयारी करना पसंद करता हूं।

# टेस्ट क्रिकेट में बुमराह पर निर्भर है भारतीय टीम

## इंग्लैंड के पूर्व दिग्गल बल्लेबाज एलन लैम्ब भारतीय खिलाड़ियों के बारे में खुलकर बोले



जसप्रीत बुमराह।

बर्मिंघम, एजेंसी : दक्षिण अफ्रीका में जन्मे इंग्लैंड के अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज एलन लैम्ब का मानना है कि भारत को टेस्ट मैच जीतने के लिए अपने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर काफी हद तक निर्भर रहना होगा। लेकिन उनकी प्रतिभा को देखते हुए वे 50 ओवर के मैचों में किसी भी टीम को हराने की क्षमता रखते हैं। इंग्लैंड की तरफ से 79 टेस्ट मैच के अलावा तीन बार वनडे विश्व कप में खेलने वाले 71 वर्षीय लैम्ब भारतीय क्रिकेट के विकास विशेषकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने जिस तरह से दुनिया भर के खिलाड़ियों का जीवन बदला उससे काफी खुश हैं। लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) जिस तरह से टेस्ट क्रिकेट को संचालित कर रही है उससे वह खुश नहीं दिखे। लैम्ब ने पीटीआई से बात करते हुए काउंटी क्रिकेट में कपिल देव के साथ खेलने के दिनों के बारे में भी बात की और बताया कि वह सचिन तेंदुलकर को सुनील गावस्कर और विराट कोहली से बेहतर क्यों मानते हैं। लैम्ब से इंटरव्यू के अंश :



**प्रश्न :** आपने 1984-85 की श्रृंखला में पहली बार भारत का दौरा किया था और इससे पहले 1982 में भारत के खिलाफ लॉर्ड्स में अपना पहला टेस्ट मैच खेला था। आप भारतीय क्रिकेट के उदय को किस तरह से देखते हैं?

**उत्तरः** मेरा शुरू से मानना था कि भारतीय क्रिकेट आगे बढ़ेगा। यह धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है। क्रिकेट भारत का नंबर एक खेल है और वह हमेशा शीर्ष पर रहेगा। आईपीएल ने भारत और दुनिया में क्रिकेट को बदल दिया है। 15 और 16 साल के इन युवाओं (वैभव सूर्यवंशी जैसे) को आगे बढ़ते हुए और अपनी विशिष्ट छाप छोड़ते हुए देखना अविश्वसनीय है। एक दिवसीय क्रिकेट में भारत को हर प्रतियोगिता जीतनी चाहिए। टेस्ट मैचों में आप बुमराह पर बहुत अधिक निर्भर रहने वाले हैं और आपको विराट कोहली की बहुत कमी खलेगी।

**प्रश्नः** क्या आप आईपीएल में खेलना पसंद करते और इसने एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर के जीवन को किस तरह बदल दिया है?

**उत्तर :** आईपीएल ने वर्तमान समय के सभी क्रिकेटरों की ज़िंदगी बदल दी है। उन्हें टेस्ट क्रिकेट खेलने की ज़रूरत नहीं है। वे दुनिया भर में टी20 लीग के साथ अनुबंध कर सकते हैं और खूब पैसा कमा सकते हैं। मेरा मतलब है, जब हम खेलते थे तो हमें इतना पैसा नहीं मिलता था। लेकिन उनके लिए यह अच्छा है। वे लाखों डॉलर के हकदार हैं। और क्या मैंने आईपीएल का आनंद लिया होता। निश्चित तौर पर क्योंकि जब मैं खेलता था, तो मैं हमेशा आखिरी 20 ओवरों तक या अगर हम 50 ओवर का मैच खेलते थे तो आखिरी 10 ओवरों तक इंतजार करता था।

**प्रश्नः** आपने नॉर्थम्पटनशर में कपिल देव के साथ खेला है तथा सुनील गावस्कर और सचिन तेंदुलकर जैसे खिलाड़ियों के खिलाफ खेला है। आपका पसंदीदा भारतीय क्रिकेटर कौन है?

**उत्तरः** मुझे कपिल देव का खेलने का तरीका बहुत पसंद था। हम नॉर्थम्पटन में साथ-साथ खेले हैं। मुझे याद है कि वह मेरे पास आए और मैंने कहा, 'कपी, मैं बहुत खुश हूं कि तुम यहां आए हो। हमें अपनी गेंदबाजी को मजबूत करने की जरूरत है।' उन्होंने कहा, 'नहीं, मैं अपनी गेंदबाजी को नहीं अपनी बल्लेबाजी को बेहतर बनाने आया हूं। मैं यहां एक बल्लेबाज के तौर पर आया हूं, जिसका मैंने हमेशा आनंद लिया है।'

**प्रश्नः** गावस्कर, सचिन या कोहली?

**उत्तरः** इसका जवाब मेरे लिए आसान है सचिन तेंदुलकर। मैं उनके खिलाफ तब खेला था जब वह 18 साल के थे। मैंने स्लिप में उनका कैच टपका दिया था और उन्होंने इसका फायदा उठाकर शतक ठोक दिया था। इसलिए मैं उनसे हमेशा कहता रहता हूं कि मैंने उनकी मदद की। कोहली शानदार खिलाड़ी हैं। उनके पास सभी तरह के शॉट हैं, वे तेज़ी से रन बना सकते हैं। लेकिन अगर आप उन खिलाड़ियों की बात करें जिनके खिलाफ मैं खेला हूं तो मैं सचिन तेंदुलकर का नाम लूंगा। मैं उन्हें सुनील गावस्कर से भी आगे रखूंगा।

**प्रश्नः** आप विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के वर्तमान प्रारूप के प्रशंसक नहीं हैं। ऐसा क्यों?

**उत्तरः** आईसीसी को इस बारे में कुछ करना होगा, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय टेस्ट मैचों के लिए जो प्रारूप है, लोग निश्चित नहीं हैं कि इसमें क्या हो रहा है, क्योंकि यह दो वर्षों से चल रहा है। कुछ टीमें ऐसी हैं, जैसा कि सभी ने कहा, कि दक्षिण अफ्रीका ने इसलिए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया क्योंकि उसने कमजोर टीमों का सामना किया था।

# टी20 में शतक लगाना बहुत खास है : मंधाना

नॉटिंघम, एजेंसी

भारत की कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ यहां खेले गए पहले टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपनी टीम को 97 रन से जीत दिलाने के बाद कहा कि इस प्रारूप में शतक लगाना उनके लिए विशेष मायने रखता है क्योंकि वह नैसर्गिक तौर पर पावर हिटर नहीं हैं।

मंधाना ने अपने 149वें मैच में अपना पहला टी20 शतक लगाया। उन्होंने 62 गेंदों पर 15 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 112 रन बनाए, जिससे भारतीय टीम 210 रन बनाने में सफल रही। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 14.5 ओवर में 113 रन पर ढेर हो गई। मंधाना ने शनिवार को मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा यह अच्छा अहसास है, क्योंकि यह प्रारूप ऐसा है जिसमें एक बल्लेबाज के तौर पर मुझे लगातार प्रयास और सुधार करते रहना होगा। यह मेरे लिए बहुत नैसर्गिक प्रारूप नहीं है।

● भारत की कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच में शतक लगाकर फैंस का दिल जीत लिया



उन्होंने कहा मैं पावर हिटर नहीं हूं और मुझे अपनी टाइमिंग पर भरोसा रखकर शॉट मारना पसंद है लेकिन मैं अपनी पावर हिटिंग पर भी काम करने की कोशिश कर रही हूं। इस सलामी बल्लेबाज ने कहा इस प्रारूप में शतक बनाना वास्तव में खास है। मैंने टेस्ट क्रिकेट और एक दिवसीय क्रिकेट में भी शतक लगाए हैं, लेकिन यह दोनों प्रारूप मेरी बल्लेबाजी शैली के अधिक अनुकूल हैं। मंधाना ने कहा कि उन्हें विश्वास नहीं था कि वह यहां पहले मैच में शतक लगाने में सफल रहेगी। उन्होंने कहा मैंने नहीं सोचा था कि मैं पहले मैच में ही शतक लगाने में सफल रहूंगी। मैं इससे पहले कुछ अवसरों पर यहां तक पहुंचने से चूक गई थी और मैं बहुत खुश हूं कि आज मैं इसे हासिल करने में सफल रही। पिछले 10 वर्षों में 70 और 80 रन पर आउट होना निराशाजनक था।

# चेल्सी व पाल्मेरास क्वार्टर फाइनल में

**चार्लोट (अमेरिका) :** क्रिस्टोफर एनकुंकू ने अतिरिक्त समय में रिबाउंड पर गोल किया जिससे चेल्सी ने बेनफिका को 4-1 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। खराब मौसम और बिजली कड़कने के कारण इस मैच में व्यवधान पड़ा और इसे पूरा होने में करीब पांच घंटे लगे। चेल्सी क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को फिलाडेल्फिया में पाल्मेरास से भिड़ेगा। पाल्मेरास ने शनिवार को खेले गए अंतिम 16 के एक अन्य मैच में बोटाफोगो को 1-0 से हराया।



नीदरलैंड के ग्रैंड प्रिक्स में मोटो 3 रेस जीतने के बाद जश्न मनाते हुए स्पेन के राइडर के जोस एंटोनियो। वह रेड बुल टीम के खिलाड़ी हैं। ● एजेंसी

# भारतीय शटलर तन्वी और आयुष अमेरिकी ओपन के फाइनल में

आयोवा (अमेरिका), एजेंसी

प्रतिभाशाली भारतीय शटलर तन्वी शर्मा और आयुष शेट्टी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमेरिकी ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। भारत की 16 वर्षीय गैरवरीयता प्राप्त खिलाड़ी तन्वी ने महिला एकल के सेमीफाइनल में यूक्रेन की सातवीं वरीयता प्राप्त पोलिना बुहरोवा को 34 मिनट में 21-14, 21-16 से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। यह उनकी यूक्रेन की खिलाड़ी के खिलाफ करियर की दूसरी जीत थी।

फाइनल में तन्वी का मुकाबला अमेरिका की शीर्ष वरीयता प्राप्त बेइवेन झांग से होगा। पुरुष एकल में भारत के चौथी वरीयता प्राप्त आयुष ने शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व के छठे नंबर के चीनी ताइपे के चोऊ टिएन चेन को एक घंटे से अधिक समय तक चले मुकाबले में 21-23, 21-15, 21-14 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। अब आयुष का सामना कनाडा के तीसरे वरीय ब्रायन यांग से होगा। यांग ने चीनी ताइपे के लियाओ झूओ-फू को 21-10, 21-12 से हराया।



यूएस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में जीत के बाद जश्न मनाती हुईं तन्वी शर्मा। ● एजेंसी

# अल्काराज की लगातार तीसरे विंबलडन खिताब पर निगाहें

लंदन, एजेंसी

स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज सोमवार को यहां सेंटर कोर्ट पर विंबलडन के पहले दौर में फैबियो फोगनिनी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगे और उनकी निगाहें इस ग्रैंडस्लैम में लगातार तीसरा खिताब अपने नाम करने पर लगी होंगी।

ओपन युग में सिर्फ चार खिलाड़ी ही लगातार तीन बार विंबलडन ट्रॉफी जीत सके हैं जो 1968 में शुरू हुआ था जिसमें ब्योर्न बोर्ग, पीट सम्प्रास, रोजर फेडरर और नोवाक जोकोविच शामिल हैं। छह साल पहले 22 साल के अल्काराज ने यहां ग्रासकोर्ट पर पहला मैच खेला था। पिछले साल के पुरुष चैंपियन को ही सेंटर कोर्ट पर पहला मैच खेलने का मौका मिलता है। ग्रैंडस्लैम फाइनल में अल्काराज का रिकॉर्ड 5-0 है जिसमें दो बार फ्रेंच ओपन खिताब शामिल हैं। अमेरिकी ओपन में भी एक दफा वह ट्रॉफी जीत चुके हैं। अल्काराज ने तीन हफ्ते पहले फ्रेंच ओपन के फाइनल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर से दो सेट पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए खिताब जीता था। पिछले साल दूसरी रैंकिंग पर काबिज अल्काराज किसी भी कोर्ट (ग्रास, क्ले और हार्ड कोर्ट) में मेजर ट्रॉफी जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए थे। लेकिन उन्हें ग्रासकोर्ट पर खेलना पसंद है। वह सोमवार को करियर में सर्वश्रेष्ठ लगातार 18 मैच जीतने की लय को जारी रखना चाहेंगे। अल्काराज ने कहा सबसे खूबसूरत टेनिस ग्रासकोर्ट पर देखने को मिलता है। गेंद की आवाज, सबकुछ ग्रासकोर्ट पर लोगों को लुभाता है।

लगातार तीन विंबलडन ट्रॉफी जीतने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल होने के बारे में अल्काराज का कहना है कि वह इसकी परवाह नहीं करते लेकिन वह यहां खिताब जीतना चाहते हैं। अल्काराज ने कहा मैं ट्रॉफी जीतना चाहता हूं। मैं अभी इस बारे में नहीं सोच रहा हूं कि अगर मैं लगातार तीन विम्बलडन ट्रॉफी जीतता हूं तो किन खिलाड़ियों के साथ शामिल हो जाऊंगा।



● स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज विंबलडन में फैबियो फोगनिनी के खिलाफ आज करेंगे अपने अभियान की शुरुआत

### रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का सबसे अच्छा मौका : जोकोविच

**लंदन :** नोवाक जोकोविच से भले ही अब किसी टूर्नामेंट के शुरू होने पर अक्सर उनके संन्यास को लेकर सवाल किया जाता है लेकिन इस स्टार टेनिस खिलाड़ी की निगाह सोमवार से शुरू होने वाले विंबलडन पर टिकी हैं जिसे वह अपना रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का सर्वश्रेष्ठ मौका मानते हैं। जोकोविच अभी 38 साल के हैं और विंबलडन से पहले उनसे यही सवाल पूछा गया कि क्या वह आखिरी बार इस प्रतियोगिता में खेलेंगे। इस 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन का जवाब भी रटा रटाया था। जोकोविच ने कहा क्या यह मेरा आखिरी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट हो सकता है। इसको लेकर अभी मैं पक्के तौर पर कुछ नहीं कह सकता हूं।

## चुनाव से पहले पटना जाम



पटना के जेपी गंगा पथ पर रविवार को हजारों वाहन काफी देर तक जाम में फंसे रहे। राज्य में होने जा रहे विधानसभा चुनाव से पहले यह जाम पटना में इंडिया गठबंधन की संविधान बचाओ वक्फ बचाओ रैली की वजह से लगा था। इस रैली में गठबंधन के कई दलों ने हिस्सा लिया। उन्हें सुनने के लिए भारी भीड़ भी उमड़ी। एजेंसी

# मौत का सौदा भी हैं एंटी एजिंग दवाएं

दो दिन पहले 'कांटा लगा' फेम गर्ल शेफाली जरीवाला की सिर्फ 42 की उम्र में अचानक मौत के लिए एंटी एजिंग दवाओं को कारण माना जा रहा है। दरअसल, स्वास्थ्य से जुड़े कई जोखिमों के बावजूद सेलिब्रिटीज और संपन्न लोगों में एंटी एजिंग दवाओं का उपयोग बेहद आम हो चुका है। यही वजह है कि पूरी दुनिया के साथ भारत में भी एंटी एजिंग दवाओं और सप्लीमेंट्स का बाजार तेजी से उभर रहा है। एंटी-एजिंग दवाएं असल में ऐसी दवाएं, हार्मोन या सप्लीमेंट्स होते हैं जो उम्र के असर को धीमा करने, त्वचा को जवान बनाए रखने, मांसपेशियों को मजबूत करने और मानसिक क्षमता को बनाए रखने का दावा करते हैं। पिछले कुछ वर्षों में भारत में एंटी-एजिंग और एस्थेटिक मेडिसिन से जुड़े कई क्लीनिक और हॉस्पिटल तेजी से बढ़े हैं जो आधुनिक तकनीकों के साथ हार्मोन थेरेपी, स्किन रीजुवेनेशन और एंटी-एजिंग ट्रीटमेंट्स की सेवाएं प्रदान करते हैं।

### वैज्ञानिक दृष्टिकोण

चूहों पर एंटी एजिंग दवाओं का प्रयोग कुछ हद तक सकारात्मक रहा है और उनकी उम्र लंबी हुई है। मानव पर इसका परीक्षण बेहद सीमित है, कोई निष्कर्ष भी सामने नहीं आया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन जैसी संस्थाएं इस मामले में सावधानी अपनाने की सलाह देती हैं।



### मौत की घटनाएं

यूएस, आस्ट्रेलिया और चीन जैसे कुछ देशों में मौत की घटनाएं रिपोर्ट हुई हैं। कुछ मामलों में दवाओं में अनएप्रूव्ड कंपाउंड्स पाए गए तो कुछ मौत इन दवाओं की ओवरडोज से हुई। भारत में इन दवाओं के दुष्प्रभावों की घटनाएं कम ही रिपोर्ट हुई हैं। हालांकि स्किन लिफ्ट या हार्मोनल थेरेपी के बाद एलर्जी और दिल के रोगों की शिकायतें दर्ज हुई हैं।

### दुनिया भर में जवां रहने की चाहत

एंटी एजिंग दवाओं का बाजार दुनिया भर में हैं। अमेरिका में ये दवाएं बेहद प्रचलित हैं जहां 40 पार के लोग आम तौर पर इन दवाओं का इस्तेमाल करते हैं। इनमें वे लोग भी शामिल हैं जो खुद को फिट दिखाना चाहते हैं। जापान और दक्षिण कोरिया जैसे देश न सिर्फ एंटी एजिंग उत्पादों में अग्रणी हैं बल्कि यहां इन दवाओं की युवाओं तक में खपत है। यूरोप में उच्च आय वर्ग इन दवाओं का मुरीद है। भारत में यह बाजार मध्यम स्तर का है। एंटी एजिंग दवाओं की खपत शहरी क्षेत्रों में ही है और 30 से 50 वर्ष आयुवर्ग के लोग इसके दायरे में हैं।

### 68 बिलियन डॉलर का बाजार

उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक वैश्विक स्तर पर एंटी एजिंग दवाओं का बाजार फिलहाल 68 बिलियन डॉलर का है जिसके सन् 2029 तक 93 से 120 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाने का अनुमान है। भारत में यह मार्केट अनुमानित तौर पर 10 हजार करोड़ रुपये का है और इसकी वार्षिक वृद्धि दर 9 से 11 प्रतिशत है। दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे देश के मेट्रो शहरों में एंटी-एजिंग क्लीनिकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बायोटेक स्टार्टअप्स और हिमालया व पतंजलि जैसी आयुर्वेदिक कंपनियां भी इस क्षेत्र में कदम रख रही हैं।

### जोखिम उठाने को तैयार लोग

एंटी एजिंग दवाएं और हार्मोन का लंबी अवधि तक उपयोग खतरनाक हो सकता है। बिना डॉक्टर की सलाह के लिए इनका उपयोग जोखिम और बढ़ा देता है। अपच, दिल की धड़कन अनियमित होना, चेहरे पर सूजन, हार्मोनल असंतुलन और विटामिन बी 12 की कमी इनके सामान्य जोखिम हैं लेकिन इम्यून सिस्टम कमजोर पड़ना, संक्रमण का खतरा, कैंसर का जोखिम और दिल की बीमारियां इनके घातक दुष्परिणाम होते हैं। हालांकि लोग फिर भी ये जोखिम उठाते हैं।

## एक नजर

### इटली में तकनीकी खराबी से तीन सौ उड़ानें रद्द

**रोम।** इटली के मिलान में एरिया कंट्रोल सेंटर में शनिवार शाम डेटा ट्रांसमिशन में खराबी आने के कारण देश के पश्चिमोत्तर क्षेत्र के कई शहरों में 300 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं। एएनएसए समाचार एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि यह घटना स्थानीय समयानुसार रात करीब नौ बजे हुई। इसके कारण मिलान, बर्गामो, जेनोआ और ट्यूरिन सहित प्रभावित हवाई क्षेत्र के हवाई अड्डों पर उड़ानें स्थगित कर दी गईं या उड़ान भरने और उतरने पर बड़े प्रतिबंध लगा दिए गए। तकनीशियन अभी भी हवाई यातायात संचालन को बहाली में जुटे हुए हैं।

### तंजानिया में बस दुर्घटना में 37 लोगों की मौत

**दार उस सलाम।** उत्तरी तंजानिया के सुदूर इलाके में दो बसों के टकराने और उनमें आग लगने से 37 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए। राष्ट्रपति सामिया सुलुहू हसन ने दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। बसों के बीच यह टक्कर शनिवार शाम को किलिमंजारो क्षेत्र में मोशी-तांगा राजमार्ग के पास सबसाबा इलाके में हुई। पीड़ितों की पहचान और राष्ट्रीयता का पता नहीं चल सका है।

### पाकिस्तान: बम विस्फोट में दो की मौत, पांच घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक कबाड़ गोदाम में हुए विस्फोट में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि प्रांत के निचले दीर जिले में शनिवार शाम कबाड़ गोदाम में पुराने विस्फोटकों से यह हादसा हुआ। सूत्रों ने बताया कि इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी और पांच घायल हो गए। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनमें से दो की हालत गंभीर बताई गई है।

### टेक्सास: सात वाहनों में टक्कर, पांच की जान गई

**ह्यूस्टन।** उत्तरी टेक्सास में टेरेल के पास सात वाहनों की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। टेक्सास के सार्वजनिक सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को यह दुर्घटनाएं तब हुई जब एक ट्रक-ट्रैक्टर चालक को नींद आ गई औरवह एक अन्य वाहन से टकरा गया, जिसमें पांच लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि ट्रक-ट्रैक्टर ने दो अन्य वाहनों से टकराने के बाद तीन अन्य कारों को भी टक्कर मार दी। टेरेल वालंटियर अग्निशमन विभाग ने कहा कि घायलों में से एक की हालत गंभीर है।

# वन बिग ब्यूटीफुल बिल बहुमत से पारित

## दो रिपब्लिक सांसदों ने डेमोक्रेट्स के साथ किया विरोध, ट्रंप ने बिल पास होने को बताया एक बड़ी जीत

**वाशिंगटन, एजेंसी**

रिपब्लिकन नेतृत्व वाली अमेरिकी सीनेट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापक वन बिग ब्यूटीफुल बिल एक्ट' को 51-49 के बहुमत से पारित कर दिया है। इसे आगामी चार जुलाई की छुट्टी से पहले पारित होने पर एक महत्वपूर्ण कदम के तौर पर देखा जा रहा है।

सीनेट में शनिवार देर रात 940 पन्नों का यह विशाल विधेयक 51-49 के अंतर से पारित हो गया। अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार दो रिपब्लिक सांसदों ने आश्चर्यजनक रूप से डेमोक्रेट्स के साथ मिलकर इस विधेयक का विरोध किया। मतदान के बाद अब इस कानून पर औपचारिक बहस शुरू हो गई है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर इसे एक बड़ी जीत बताते हुए कहा कि हम अपनी अर्थव्यवस्था को बढ़ाने, फिजूलखर्ची को कम करने, अपनी सीमाओं को सुरक्षित करने, सेना/सैन्यकर्मियों के लिए लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

उन्होंने सदन और सीनेट रिपब्लिकन से इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ाने की अपील की है, ताकि यह निर्धारित चार जुलाई की समय सीमा तक उनके डेस्क पर हस्ताक्षर के लिए आ जाए। यह वही विवादास्पद विधेयक है, जिसके कारण राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और कारोबारी एलन मस्क के बीच सार्वजनिक रूप से मतभेद पैदा हो गए थे। यह कानून ट्रंप के 2017 के कर कटौती को स्थाई बना देगा, टिप्स और ओवरटाइम पर कर को समाप्त करेगा, सीमा सुरक्षा निधि को बढ़ावा देगा और बिडेन प्रशासन के दौरान पारित ग्रीन-एनर्जी टैक्स क्रेडिट को समाप्त कर देगा।

इस विधेयक का उद्देश्य ट्रंप के 2017 के कर कटौती को स्थायी बनाना, रक्षा और सीमा सुरक्षा पर खर्च को बढ़ावा देना और कुछ कल्याणकारी कार्यक्रमों के लिए धन में कटौती करना शामिल है। डेमोक्रेटिक सीनेट नेता चक शूमर ने इस प्रक्रिया को जल्दबाजी में करने के लिए रिपब्लिकन की आलोचना की। प्रतिनिधि सभा ने मई में इस विधेयक के एक संस्करण को पहले ही मंजूरी दे दी थी। यदि सीनेट इसे पारित कर देती है,तो अंतिम अनुमोदन के लिए यह बार फिर सदन में आएगा और अंत में हस्ताक्षर करने के लिए राष्ट्रपति के पास जाएगा। इस प्रक्रिया के पूरे होने के बाद यह बिल देश में लागू हो जाएगा।



### ट्रंप के नए आर्थिक एजेंडे का आधार है ये बिल

यह विधेयक ट्रंप के आर्थिक एजेंडे का आधार है, जिसका उद्देश्य कर कटौती को मजबूत करना और रक्षा तथा सीमा व्यय को बढ़ावा देना है। इसके पारित होने से अमेरिकी राजकोषीय नीति में महत्वपूर्ण बदलाव आएगा। इस विधेयक के कानून बनने के बाद कर दरों और स्लैब को स्थायी बना दिया जाएगा। इसमें डोनाल्ड ट्रंप के चुनावी वादों के अनुरूप कई अस्थायी कर छूटों की भी पेशकश की गई है, जैसे टिप्स , ओवरटाइम वेतन और कुछ मोटर वाहन ऋणों पर करों को समाप्त करना। इसके अतिरिक्त, 75,000 डॉलर या उससे कम वार्षिक आय वाले वृद्धों के लिए 6,000 डॉलर की नई कटौती शामिल है। इसमें पेंटागन के लिए जहाज निर्माण, युद्ध सामग्री प्रणालियों, तथा सैन्यकर्मियों के लिए जीवन की गुणवत्ता के उपायों के लिए अरबों डॉलर उपलब्ध कराने का प्रावधान है तथा कानून बनने के बाद यह गोल्डन डोम मिसाइल रक्षा प्रणाली के विकास के लिए 25 अरब डॉलर उपलब्ध कराएगा। रक्षा विभाग के पास सीमा सुरक्षा के लिए 1 बिलियन डॉलर होंगे।

### मस्क ने फिर साधा ट्रंप पर निशाना, कहा- खत्म हो जाएंगी नौकरियां और उद्योग

**वाशिंगटन।** उद्योगपति एलन मस्क ने शनिवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापक कर एवं व्यय कटौती विधेयक के प्रति एक बार फिर नाराजगी जताई है। एलन मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक राष्ट्रपति ट्रंप की कर योजना की एक बार फिर आलोचना करते हुए विधेयक को 'पूरी तरह से पागलपनपूर्ण और विनाशकारी' कहा। अरबपति उद्योगपति ने कहा कि जिस विधेयक को रिपब्लिकन पार्टी के सांसद पारित करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, उससे नौकरियां खत्म हो जाएंगी और उभरते उद्योग ठप पड़ जाएंगे। मस्क ने शनिवार को 'एक्स' पर लिखा, सीनेट का नवीनतम मसौदा विधेयक अमेरिका में लाखों नौकरियां खत्म कर देगा और हमारे देश को भारी रणनीतिक नुकसान पहुंचाएगा। उन्होंने कहा, इससे पुराने उद्योगों को तो लाभ होगा, लेकिन यह उभरते उद्योगों को गंभीर नुकसान पहुंचाता है। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ ने बाद में एक पोस्ट में लिखा कि यह विधेयक "रिपब्लिकन पार्टी के लिए राजनीतिक आत्महत्या" होगी। मस्क ने ट्रंप पर नए सिरे से हमला बोला है। हाल में मस्क ने ट्रंप प्रशासन का सरकारी दक्षता विभाग छोड़ते हुए उन पर गंभीर आरोप लगाए थे।



# रूस का यूक्रेन पर अब तक का सबसे घातक हमला

**कीव, एजेंसी**

- अलग-अलग इलाकों पर दागे 477 ड्रोन और 60 मिसाइलें

रूस ने शनिवार और रविवार की दरमियानी रात यूक्रेन पर अपना सबसे बड़ा हवाई हमला किया। रूस का यह हमला एक अभियान का हिस्सा है, जिससे तीन वर्ष से जारी युद्ध को समाप्त करने के प्रयासों को झटका लगा है।

यूक्रेन की वायु सेना ने बताया कि रूस ने 477 ड्रोन और 60 मिसाइल दागीं। सेना के मुताबिक, इनमें से 249 को मार गिराया गया और 226 इलेक्ट्रॉनिक रूप से जाम कर दिए गए। यूक्रेन की वायु सेना के संचार प्रमुख यूरी इहनात ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि यह हमला फरवरी 2022 में रूस के पूर्ण पैमाने पर आक्रमण की शुरुआत के बाद से देश पर सबसे बड़ा हवाई हमला था, जिसमें ड्रोन और विभिन्न प्रकार की मिसाइलों दोनों का इस्तेमाल किया गया था।

सेना के मुताबिक, इस हमले में यूक्रेन के पश्चिमी इलाकों समेत पूरे देश को निशाना बनाया गया, जो अग्रिम पंक्ति से बहुत दूर है। पोलैंड की वायु सेना ने रविवार को बताया कि पोलैंड और सहयोगी देशों ने उसके (पोलैंड के) हवाई क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विमान भेजे। खेरसॉन क्षेत्रीय गवर्नर ओलेक्सेंडर प्रोकुडिन ने बताया कि ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। चेर्कासी के गवर्नर इहोर टैबुरेट्स के अनुसार, चेर्कासी में एक बच्चे सहित छह लोग घायल हो गए। सुदूर पश्चिमी लविवि क्षेत्र के ड्रोहोबिच शहर में ड्रोन हमले के बाद एक औद्योगिक केंद्र में भीषण आग लग गई, जिससे शहर के कुछ हिस्सों की बिजली भी कट गई।

### यूक्रेन का एफ-16 विमान गिरा, पायलट की मौत

यूक्रेन की वायु सेना ने बताया कि उसका एफ-16 युद्धक विमान दुश्मन के दागे गए ड्रोन और मिसाइलों को मार गिराते समय क्षतिग्रस्त होने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सेना ने बताया कि विमान के पायलट की मौत हो गई। रूस के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि उसने शनिवार और रविवार की दरमियानी रात यूक्रेन के तीन ड्रोन को मार गिराया। पश्चिमी रूस के ब्रायंस्क शहर पर यूक्रेन के एक ड्रोन हमले में दो लोग घायल हो गए। क्षेत्रीय गवर्नर अलेक्जेंडर बोगोमाज ने रविवार सुबह बताया कि क्षेत्र में यूक्रेन के सात ड्रोन को मार गिराया गया।

# ट्रंप ने अब किया गाजा में युद्ध समझौते का आह्वान

**तेल अवीव, एजेंसी**

- राष्ट्रपति ने कहा, अगले सप्ताह हो सकता है युद्धविराम

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजराइल और हमास के बीच समझौते को लेकर बनती सहमति के बीच रविवार को गाजा में युद्धविराम वार्ता में प्रगति लाने की अपील की। उन्होंने एक ऐसे समझौते का आह्वान किया, जो 20 महीने से जारी युद्ध को रोक देगा।

इजराइल के एक अधिकारी ने बताया कि आने वाले हफ्तों में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की वाशिंगटन की यात्रा की योजना बनाई जा रही है, जो इस बारे में संकेत है कि एक नये समझौते पर काम हो सकता है। ट्रंप ने रविवार को 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा, गाजा में समझौता करें। बंधकों को वापस करो। अमेरिकी राष्ट्रपति ने शुक्रवार को समझौते की उम्मीदें बढ़ाते हुए कहा था कि अगले सप्ताह युद्ध विराम समझौता हो सकता है। उन्होंने पत्रकारों से कहा, हम गाजा पर काम कर रहे हैं और इस मामले को संभालने की कोशिश कर रहे हैं।

### इजराइली हमले में मारा गया हमास का कमांडर

**यरूशलम।** इजराइल की सेना ने गाजा सिटी में एक हवाई हमले में हमास के एक वरिष्ठ कमांडर को मार गिराया है। सेना के अनुसार कमांडर हमास की सैन्य तैयारियों और सात अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल पर हुए हमले की योजना में अहम भूमिका निभा रहा था। इजराइली रक्षा बलों ने कहा कि शुक्रवार शाम को सबरा इलाके में किये गए हमले में हखम मुहम्मद इस्सा अल-इस्सा की मौत हो गई।

# अफगानिस्तान ने भारत के हमलों के लिए अपने क्षेत्र के इस्तेमाल का पाकिस्तानी दावा नकारा

- पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर ने लगाया था आरोप, अफगान सरकार ने बताया गलत

**काबुल।** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर की उस टिप्पणी को खारिज किया है जिसमें दावा किया था कि पाकिस्तान के खिलाफ़ कार्रवाई करने के लिए भारत अफगानिस्तानी क्षेत्र का इस्तेमाल कर रहा है। टोलो न्यूज़ की रिपोर्ट के अनुसार इस्लामिक अमीरात के उप प्रवक्ता हमदुल्ला फितरत ने ज़ोर देकर कहा कि कार्यवाहक सरकार, अन्य देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने की अपनी नीति के आधार पर, किसी को भी किसी देश के खिलाफ़ कोई कार्रवाई या अभियान चलाने के लिए अपनी भूमि का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं देती है। फितरत ने कहा, फिलहाल, किसी को कोई खतरा नहीं है और एक पक्ष को दूसरे के खिलाफ बढ़ावा दिए जाने संबंधी चिंताएं निराधार हैं। इस्लामिक अमीरात अन्य देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने की नीति का पालन करता है और खासकर पड़ोसी देशों के खिलाफ़, असुरक्षा पैदा करने के लिए अफ़गान भूमि का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं देता है।

# अमेरिका में निर्वासन अभियान के तहत दशकों से रह रहे तमाम ईरानी नागरिक गिरफ्तार

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

- गृह मंत्रालय ने साफ नहीं की कुल गिरफ्तारियों की संख्या, अभी और लोगों के पकड़े जाने की आशंका

अमेरिका में दशकों से रह रहे कई ईरानी नागरिकों को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कड़े आव्रजन नीति के तहत गिरफ्तार किया गया है। अमेरिका के गृह विभाग ने यह नहीं बताया कि उन्होंने ऐसे कितने ईरानी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है लेकिन ईरान पर अमेरिका के हमले के बाद आशंका है कि इस तरह की और गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

मंडोना 'डोना' काशानियन अमेरिका में पिछले 47 साल से रह रही थीं और उन्होंने एक अमेरिकी नागरिक से शादी की थी, जिनकी एक बेटी भी है। उनके परिवार ने बताया कि काशानियन न्यू ऑरलियंस स्थित अपने घर के आंगन में बागवानी कर रही थीं, तभी अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन अधिकारी उन्हें हथकड़ी लगाकर अपने साथ ले गए। काशानियन छात्र वीजा पर 1978 में अमेरिका आई थीं और उन्होंने यहा शरण के लिए आवेदन किया था। उनके पति और बेटी ने कहा कि उन्हें नियमित रूप से आव्रजन अधिकारियों के समक्ष पेश होने की शर्त पर अपने पति और बच्चे के साथ रहने की अनुमति दी गई थी।

परिवार ने बताया कि काशानियन ने नियमित रूप से इन नियमों का पालन किया और चक्रवाती तूफान कटरीना के दौरान भी वह साउथ कैरोलाइना में आव्रजन अधिकारियों के समक्ष पेश हुई थीं। परिवार ने बताया कि अब काशानियन को बेसिल में आव्रजन निरुद्ध केंद्र में रखा गया है और उनके परिवार के सदस्य उनके बारे में सूचना पाने की कोशिश कर रहे हैं। अमेरिका में दशकों तक रहने के बाद अन्य ईरानी भी आव्रजन अधिकारियों द्वारा गिरफ्तार किए जा रहे हैं।

### एविन जेल पर इजराइली हमले में मारे गए थे 71 लोग

**दुबई।** ईरान की न्यायपालिका ने रविवार को कहा कि तेहरान की कुख्यात एविन जेल पर गत सोमवार को इजराइल द्वारा किए गए हमले में कम से कम 71 लोग मारे गए थे। इस जेल में कई राजनीतिक कार्यकर्ताओं को रखा गया है। सरकारी समाचार एजेंसी 'मिजान' की वेबसाइट पर रविवार को प्रसारित खबर में न्यायपालिका के प्रवक्ता असगर जहांगीर ने कहा कि मारे गए लोगों में कर्मचारी, सैनिक, कैदी और मिलने आए परिवारों के सदस्य शामिल हैं। हालांकि उन्होंने इनकी अलग-अलग संख्या नहीं बताई। न्यायपालिका के इस दावे की पुष्टि नहीं की जा सकती। इजराइल और ईरान के बीच युद्धविराम प्रभावी होने से एक दिन पहले 23 जून को हुए हमले में जेल की कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गई थीं। जहांगीर ने बताया कि घायलों में से कुछ का मौके पर ही इलाज किया गया, जबकि अन्य को अस्पताल ले जाया गया।

# विमान हादसा: आखिरी मृतक का किया गया अंतिम संस्कार

**भुज, एजेंसी**

गुजरात के अहमदाबाद में 12 जून को हुए भयावह विमान हादसे में जान गंवाने वाले अनिल खिमानी की डीएनए जांच के जरिए पहचान होने के बाद कच्छ जिले में उनका अंतिम संस्कार किया गया। अनिल, विमान हादसे के बाद डीएनए जांच से पहचान किए जाने वाले अंतिम मृतक थे।

दो सप्ताह के इंतजार और परेशानी के बाद परिवार को राहत मिली। इस दौरान परिवार को दो बार नमूने जमा करने पड़े। पेशे से राजमिस्त्री और दो नाबालिग बेटियों के पिता 35 वर्षीय अनिल अपने रिश्तेदारों से मिलने के लिए एअर इंडिया की उड़ान संख्या 171 से लंदन जा रहे थे। अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद विमान मेघाणीनगर में मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।



- डीएनए जांच के जरिए की गई थी पहचान, दो बार की गई थी जांच

अनिल के पिता लालजीभाई को शुक्रवार शाम को अहमदाबाद सिविल अस्पताल से फोन आया और उन्हें अनिल के शव की पहचान होने की जानकारी दी गयी। अस्पताल डीएनए जांच और पहचान प्रक्रिया की जिम्मेदारी निभा रहा है। लालजीभाई ने कहा, हम शव को पैतृक गांव दहिसरा (भुज शहर के पास) ले आए और शनिवार को अपने सभी रिश्तेदारों और शुभचिंतकों की मौजूदगी में उसका अंतिम संस्कार किया।

# जापान ने एच2ए रॉकेट का अंतिम बार किया प्रक्षेपण

**टोक्यो।** जापान के एच2ए रॉकेट का 50वां और अंतिम सफल प्रक्षेपण आज तड़के किया गया , जिससे इसकी 20 साल से अधिक की सेवा प्रदाता यात्रा समाप्त हो गई। यह प्रक्षेपण कागोशिमा प्रांत के तनेगाशिमा स्पेस सेंटर से निर्धारित समय पर किया गया।

अंतिम मिशन में 'इबुकी-जीडब्ल्यू' सैटेलाइट भेजा गया जिसे जापान के पर्यावरण मंत्रालय, राष्ट्रीय पर्यावरण अध्ययन संस्थान और अंतरिक्ष एजेंसी ने मिलकर विकसित किया है। यह सैटेलाइट अंतरिक्ष से ग्रीनहाउस गैसों की निगरानी करेगा। उल्लेखनीय है कि 2001 की शुरुआत के बाद से एच2ए रॉकेट ने जापान की अंतरिक्ष और वैज्ञानिक प्रगति में अहम भूमिका निभायी और तथा अनेक उपग्रह को कक्षाओं में भेजा।

## चिंताजनक


### एचपीवी संक्रमण बन रहा है सर्वाइकल, ओरल और ऑरोफरीजियल कैंसर की वजह

# मस्सों के संक्रमण से भारतीय युवाओं में बढ़ रहे कैंसर के केस

- दशकों में विकसित होने वाले दूसरे कैंसरों के उलट चुपचाप और तेजी से बढ़ता है ये कैंसर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत में कई कैंसर रोग विशेषज्ञों ने 'ह्यूमन पैपिलोमावायरस' (एचपीवी) को लेकर चिंता जताई है और कहा है कि यह युवा भारतीयों विशेषरूप से 20 से 30 साल तक की उम्र के युवाओं में कैंसर के मामलों में वृद्धि का एक प्रमुख कारक बन रहा है। 'सर्वाइकल', मुंह के कैंसर और ऑरोफरींजियल (सिर व गले के) कैंसर के कई मामलों का संबंध एचपीवी संक्रमण (शरीर के अलग-अलग हिस्सों पर मस्से बनना) से रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि तत्काल कदम न उठाने पर भारत रोकथाम योग्य कैंसर संकट बन जाएगा।



नई दिल्ली स्थित ऐमरिक्स कैंसर अस्पताल में मेडिकल ओंकोलॉजी के प्रमुख डॉ. आशीष गुप्ता ने कहा, एचपीवी से संबंधित कैंसर अनुमान से कहीं पहले सामने आ रहे हैं। 20 की उम्र के आसपास के कई मरीजों में सर्वाइकल, मुंह और गले के कैंसर का पता चल रहा है, जिनमें से कई को समय पर टीकाकरण और जागरूकता से पूरी तरह टाला जा सकता था। डॉ. गुप्ता ने कहा, सबसे दुखद बात यह है कि एचपीवी को रोका जा सकता है, लेकिन लोगों को इसके जोखिम के बारे में पता ही नहीं है। दशकों में विकसित होने वाले अन्य कैंसरों के विपरीत युवाओं में एचपीवी संबंधी कैंसर तेजी से और चुपचाप बढ़ते हैं। टीकाकरण और प्रारंभिक जांच से रोकथाम को किसी राष्ट्रीय स्वास्थ्य आपातकाल के समान तत्परता से लिया जाना चाहिए।

धर्मशिला नारायण सुपरस्पेशलिटी अस्पताल के वरिष्ठ ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. शुभम गर्ग ने कहा, एचपीवी संबंधी कैंसर के लक्षण शुरू में बहुत अधिक नहीं दिखते, इसलिए नियमित जांच महत्वपूर्ण है। बिना किसी लक्षण वाली कम उम्र की महिला के गर्भाशय ग्रीवा में पहले से ही कैंसर की कोशिकाएं मौजूद रह सकती हैं। इसी तरह, पुरुषों में मुख के एचपीवी संक्रमण पर अक्सर तब तक किसी का ध्यान नहीं जाता जब तक कि वे पूर्ण विकसित ट्यूमर के रूप में सामने नहीं आते। शिक्षा, टीकाकरण और नियमित जांच के बिना हम रोकथाम योग्य कैंसर को अनियंत्रित रूप से फैलने दे रहे हैं। वर्तमान में भारत में किशोरों के लिए कोई राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम नहीं है, हालांकि टीके स्वीकृत हैं और निजी संस्थानों में उपलब्ध हैं।

### त्वचा से त्वचा के संपर्क में आकर फैलता है ये वायरस

डॉ. गुप्ता ने कहा, यह वायरस मुख्य रूप से त्वचा से त्वचा के संपर्क के माध्यम से फैलता है, दुनिया भर में सबसे आम यौन संचारित संक्रमणों में से एक माना जाता है। शरीर स्वत: अधिकतर एचपीवी संक्रमणों को साफ कर देता है, लेकिन कुछ उच्च जोखिम वाले स्ट्रेन बने रह सकते हैं और कैंसर का कारण बन सकते हैं। महिलाओं में, यह गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर का प्रमुख कारण बनता है, जबकि पुरुषों और महिलाओं में समान रूप से यह अब मुख, गुदा और गले के कैंसर से जुड़ा हुआ है। विशेषज्ञ भारत में एचपीवी से संबंधी चर्चाओं को लेकर जागरूकता की कमी और सामाजिक लोक लाज को लेकर अधिक चिंतित हैं।